

घट स्थापना का मुहूर्त

19 मार्च सुबह 6:52 से 7:53 बजे तक का समय शुभ, जब मीन लग्न उदय होगा

इसके अलावा दोपहर 12:05 से 12:53 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना की जा सकती है

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 19 मार्च 2026


*‘हरिभूमि’ हर वर्ष की तरह इस बार भी चैत्र नवरात्र पर प्रदेश के चार प्रमुख देवी मंदिरों में नवरात्र की तैयारियों से जुड़ी जानकारी अपने पाठकों के समक्ष पेश कर रहा है*

## 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद, 15 जोड़ी ट्रेनें चलाईं

मनोज रजक ⏭ मैहर

मां शारदा देवी, मैहर



*650 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई*

प्रसिद्ध शक्तिपीठ मैहर में गुरुवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि मेले के लिए प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। इस वर्ष मेले में करीब 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह के अनुसार मेले की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न स्तरों पर विभाजित किया गया है, जिसमें 650 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। सुरक्षा को और पुख्ता ▸▸ शेष पेज 4 पर

## पहले दिन आएंगे करीब 40 हजार श्रद्धालु, 200 कमरे भी खोले गए

राजीव मिश्रा ⏭ दतिया

पीतांबरा मां, दतिया



*मंदिर के चारों द्वार खोल दिए जाएंगे*

विश्व प्रसिद्ध तांत्रिक शक्तिपीठ मां पीतांबरा मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार से आरंभ हो रहे इस पावन पर्व पर दतिया का माहौल देवी भक्ति और आस्था से सराबोर होगा। मंदिर के चारों मुख्य द्वार आकर्षक सजावट के साथ भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। देशभर से साधक और श्रद्धालु मां पीतांबरा के दर्शन के लिए दतिया पहुंच रहे हैं। मंदिर से मंत्र दीक्षा प्राप्त साधकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए ▸▸ शेष पेज 4 पर

## गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा श्रद्धालु सभामंडप से दर्शन करेंगे

राजेंद्र सकलेचा ⏭ नलखेड़ा

बगलामुखी मां, नलखेड़ा



*तांत्रिक साधना का यह आदर्श स्थान*

चैत्र नवरात्रि को लेकर मां बगलामुखी मंदिर में तैयारियां पूर्ण हैं। इस बार मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान जताया जा रहा है, जिसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक साज-सज्जा से सजाया जा रहा है और विशेष विद्युत व्यवस्था भी की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दर्शन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जगह-जगह बेरिकेडिंग की गई है। वहीं सुरक्षा ▸▸ शेष पेज 4 पर

## करीब 5 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद, सुरक्षा कड़ी

बलराम सिसोदिया ⏭ सीहोर

बिजासन मां, सलकनपुर



*मां के दर्शन कर मांगते हैं मन्नतें*

भोपाल से 70 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध शक्तिपीठ बिजासन धाम सलकनपुर में चैत्र नवरात्रि में करीब 5 लाख श्रद्धालु माता बिजासन के धाम पहुंचेंगे। माता बिजासन के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगेंगे। लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता बिजासन के दर्शन करने हर वर्ष आते हैं। बिजासन धाम सलकनपुर में माता बिजासन के दर्शन करने के लिए यहां पर सड़क मार्ग, रोपवे सहित सीढ़ियों से भी माता के दर्शन करने लोग पहुंचते हैं। वैसे तो यहां पर साल ▸▸ शेष पेज 4 पर

### चैत्र नवरात्र आज से होंगे प्रारंभ

# पालकी से होगा मां दुर्गा का आगमन, हाथी पर होगी विदाई

प्रथम दिवसः मां शैलपुत्री



वन्दे वांछित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुरुवार से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। इस बार माता का आगमन पालकी से होगा और विदाई हाथी पर सवार होकर होगी। ज्योतिषाचार्य पंडित जगदीश शर्मा ने ‘हरिभूमि’ को बताया कि धार्मिक मान्यता है कि पालकी पर आगमन वर्ष की शुरूआत में कुछ उतार-चढ़ाव का संकेत देता है, जबकि नवरात्र के अंत में मां दुर्गा का प्रस्थान हाथी पर होगा, जिसे समृद्धि, स्थिरता और सुख का प्रतीक माना जाता है। पंडित शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम पूजा स्थल को गंगाजल से साफ कर चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर स्थापित करें। माता को नई पोशाक, आभूषण, पुष्पमाला के साथ श्रृंगारित चौकी पर सुशोभित करें। माता के समक्ष कलश स्थापित करें और मिट्टी के पात्र में जौ बोएं। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री को गाय का दूध, शुद्ध घी, सफेद बर्फी और फल का भोग अर्पित करें। ▸▸ पढ़ें पेज 05 भी

### प्रदेश में नवसंवत्सर का आयोजन विकास और जनकल्याण के नए संकल्पों के साथ किया जा रहा

# कृषि, जल और विकास के रोड मैप का संकल्प

सीएम का ब्लॉग



डॉ. मोहन यादव

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला नवसंवत्सर हमारी सांस्कृतिक चेतना, वैज्ञानिक दृष्टि और प्राकृतिक जीवन पद्धति का प्रतीक है। इस वर्ष विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ हुआ है। यह मध्यप्रदेश के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय कालगणना की गौरवशाली परंपरा उज्जयिनी से प्रारंभ हुई है। सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक से आरंभ हुआ विक्रम संवत भारतीय संस्कृति की चेतना और राष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक है। भारतीय नववर्ष प्रकृति के नवोदय का पर्व है। इस समय प्रकृति नवजीवन से समृद्ध होती है, पृथ्वी पर नवचेतना और नवसृजन का संचार होता है। देश भर में मनाए जाने वाले नवसंवत्सर के विभिन्न नाम हैं। इसी दिन से चैत्र नवरात्र का भी शुभारंभ होता है। नवरात्र के नौ दिन साधना, आत्मशुद्धि और शक्ति उपासना का अवसर है। भारतीय जीवन पद्धति में पर्व और परंपराएं व्यक्ति और समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

मध्यप्रदेश में नवसंवत्सर का आयोजन विकास और जनकल्याण के नए संकल्पों के साथ किया जा रहा है। नवसृजन के प्राकृतिक उत्सव अवसर पर मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश में यह वर्ष कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष हमने पहली कृषि कैबिनेट बैठक बड़वानी जिले के भीलट बाबा देवस्थल नागलवाड़ी में की है। इसमें कृषि विकास और कल्याण के लिए 27 हजार 500 करोड़ रुपए की योजनाओं को स्वीकृत किया गया। भारतीय नववर्ष का आयोजन हमें प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा देता है। हमारी परंपरा में गुड़ी पड़वा के दिन सूर्योदय से पहले स्वच्छ जल में स्नान करने और सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। अर्घ्य देने की परंपरा में जल स्रोतों की पवित्रता और संरक्षण का संदेश है। जल संरक्षण के इसी भाव के साथ मध्यप्रदेश में आज से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। नववर्ष प्रतिपदा पर शिप्रा तट उज्जैन से प्रारंभ होने वाले इस तीसरे राज्य स्तरीय अभियान में जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों और नवीन तकनीकी, नवाचारों के साथ प्रदेश के जल स्रोतों को सुरक्षित किया जाएगा। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ पर्व के लिए होने वाली समस्त तैयारियां प्रगति पर हैं। इसके साथ ही श्रीराम वनगमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय जैसी योजनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ा जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में ‘विक्रमोत्सव-2026’ का आयोजन किया जा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### राज्यपाल मंगुभाई जिस फ्लाइट में, उसमें तकनीकी खराबी

# उड़ते ही बज उठा खतरे का अलार्म भोपाल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यहां के राजा भोज एयरपोर्ट से रात 7.50 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2760 में मंगलवार को तकनीकी खराबी आ गई। टेकऑफ होते ही खतरे का अलार्म बजा तो इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान को रनवे से वापस टर्मिनल लाया गया। फ्लाइट में 70 यात्रियों के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी थे। अंततः फ्लाइट रात 10.15 बजे रवाना हो सकी। बताया गया है कि टेकऑफ के चंद पलों में तकनीकी खराबी का अलार्म बजा। यह केबिन में एयर प्रेशर कम होने की वजह से हुआ। पायलट ने तत्काल एटीसी को इमरजेंसी मैसेज भेजा और फिर विमान की लैंडिंग कराई गई। यात्रियों को टर्मिनल में रेस्ट करने की सलाह दी गई। एयरपोर्ट के मेंटेनेंस हब में विमान की तकनीकी खराबी को दूर करने का प्रयास किया जाता रहा। खराबी ठीक होने के बाद विमान ने रात करीब 10.15 बजे फिर उड़ान भरी।

*एडीजी को जान से मारने की धमकी*

## शिकायत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के एडीजी (ट्रेनिंग) राजाबाबू सिंह के साथ अज्ञात युवकों द्वारा धमकाने का मामला सामने आया है। एडीजी राजाबाबू ने बुधवार को पुलिस कमिश्नर और डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में जान को खतरा होने का जिक्र भी किया है। हालांकि पुलिस शिकायत कुछ घंटों बाद ही आरोपियों को पकड़ लिया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मंगलवार तड़के उनके घर के बाहर कार से आए बदमाशों ने उन्हें धमकाया था। आरोपियों के हाथ में डंडे थे, वह कौन हैं और क्या अभद्रता की इसका खुलासा नहीं हो सका है। पूरा वाकया एडीजी के त्रिलंगा स्थित घर के बाहर का है। शाहपुरा थाना प्रभारी संतोष मरकाम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के नाम नितेश चौरसिया और रुद्राक्ष यादव हैं, और दोनों भोपाल के निवासी हैं। दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और वे प्राइवेट नौकरी करते हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गलत पते पर पहुंच गए थे, इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। हालांकि दोनों आपस में दोस्त हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आरोपियों का एडीजी के कर्मचारियों से किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ। इसकी जानकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दे दी गई है।



राजाबाबू सिंह

*यूएई से आया 80 हजार 800 मीट्रिक टन कच्चा तेल*

### गुजरात पहुंचा तीसरा जहाज

# मुंद्रा पोर्ट पहुंचा भारतीय झंडे वाला ‘जग लाडकी’ जहाज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय झंडे वाला तीसरा जहाज ‘जग लाडकी’ बुधवार सुबह सुरक्षित गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया। यह एक तेल टैंकर है और यह 80,800 टन मर्बान क्रूड ऑयल लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत आया है। जग लाडकी से पहले दो भारतीय एलपीजी टैंकर- शिवालिक और नंदा देवी ईरान के होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते हुए इंडियन नेवी की सुरक्षा घेरे में भारत पहुंच चुके हैं। जब ओमान की खाड़ी में यूएई के फुजैराह बंदरगाह पर जग लाडकी पर कच्चा तेल लोड किया जा रहा था तभी ईरान ने वहां हमला कर दिया था। भारतीय नौ सेना की सुरक्षा घेरे में जग लाडकी और इस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित अपने देश पहुंच चुके हैं। जग लाडकी रविवार को फुजैराह पोर्ट से निकला और शनिवार को वहां हुए ईरानी हमले की वजह से कुछ देर के लिए ऑयल ऑपरेशन भी निलंबित करना पड़ा।

***भारत सरकार ने कहा कि एलपीजी की स्थिति अभी भी चिंताजनक***



जग लाडकी जहाज

### भारत का ‘ऑपरेशन संकल्प’

अपने व्यापारिक हितों की रक्षा करते हुए भारत ऑपरेशन संकल्प के तहत इन जलक्षेत्रों में अपनी नौसैनिक उपस्थिति लगातार बनाए हुए हैं। यह पहल महत्वपूर्ण शिपिंग रूट्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जग लाडकी जैसे जहाजों की सुरक्षित डॉकिंग सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। साथ ही शिपिंग महानिदेशालय जहाज मालिकों, भर्ती और प्लेसमेंट सेवा लाइसेंस एजेंसियों और इस क्षेत्र में मौजूद भारतीय राजनयिक मिशनों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। ▸▸ पढ़ें पेज 11 भी

### कमर्शियल गैस सिलेंडर पर बड़ा फैसला

# राज्यों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त एलपीजी कोटा मिलेगा



कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर केंद्र सरकार ने एक अहम फैसला लिया है, जिसका सीधा असर कारोबारियों और आम उपभोक्ताओं दोनों पर पड़ सकता है। सरकार ने राज्यों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त एलपीजी कोटा देने का निर्णय लिया है, जिससे बढ़ती मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। इस कदम से खास तौर पर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो लंबे समय से गैस की उपलब्धता और कीमतों को लेकर परेशान थे। भारत सरकार ने बुधवार को कहा कि एलपीजी की स्थिति अभी भी चिंताजनक है, और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को कमर्शियल एलपीजी का 10% अतिरिक्त आवंटन देने की पेशकश की।




विक्रम सम्वत् 2083
भारतीय नववर्ष
की हार्दिक
मंगलकामनाएं


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

राज्यस्तरीय
जल गंगा संवर्धन
अभियान
जनभागीदारी की अनूठी पहल का
तृतीय चरण : 19 मार्च से 30 जून 2026

शुभारंभ

मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा

इस्कॉन मंदिर, इंदौर

पिछले दो चरणों में 3.50 लाख से अधिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के साथ
नए निर्माण कार्य, भू-जल स्तर में वृद्धि और खेतों के लिए संजीवनी साबित हो रहे हैं

आइये, सब जुड़ें
जब सब जुड़ेंगे, तब ही जल बचेगा, धरती बचेगी
आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

D-11222/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

भोपाल
गुरुवार, 19 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 12, अंक : 346
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **



मौसम
अधि. 34
न्यून. 21

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं



डायवर्टेट प्लाट उपलब्ध है
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध

66 फीट रोड सनराईज गार्डन के पीछे, महोली, भानपूर भोपाल
सर्व सुविधा युक्त प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण प्रदूषण मुक्त कवर्ड कॅम्पस के साथ
आफिस:आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल
7222901488, 9755600827

'विधाता' के प्रथम कार्य का साक्षी होने के कारण ही इसे 'प्रतिपदा' का गौरव प्राप्त हुआ

# समय की गणना का श्रीगणेश है चैत्र 'प्रतिपदा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय संस्कृति में नववर्ष का आगमन मात्र कैलेंडर की तारीख बदलना नहीं, बल्कि सृष्टि के पुनर्जन्म का उत्सव है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा वही पावन तिथि है जब ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना का ▶▶ शेष पेज 4 पर

हम बीते कल की कड़वाहट छोड़, नई ऊर्जा के साथ भविष्य का स्वागत कर रहे



एआई इमेज



90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
✓ कमर व पेडू में दर्द
✓ खून की कमी
✓ कमज़ोरी व थकान
✓ हार्मोन्स का असंतुलन
✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून साफ़ करे
✓ रूप निखारे
आदि में सहायक
हेमपुष्पा



मनोज पुगलिया (मृतक)
सिमरन पुगलिया (मृतक)
सुमन सेठिया (मृतक)
विजय सेठिया (मृतक)
पूरा घर आग का गोला बन गया



1 आग के बाद घर व कार



2 ये सिलेंडर विस्फोट से बचे



3 बिजली के तारों में भी आग लगी



4 बच्चे का शव पोटली में

## ईवी कार में चार्जिंग के दौरान विस्फोट, घर में रखे सिलेंडरों व केमिकल से भी हुए जबरदस्त धमाके, बिजली गुल होने से नहीं खुले दरवाजों में लगे 'डिजिटल लॉक'

# 'तकनीक' ने जला डाली 8 जिंदगियां

*तकनीक यदि जीवन को सुविधापूर्ण और सुरक्षापूर्ण बना रही है तो वह कुछ सबक भी दे रही है। जो हमारी तकनीक पर निर्भरता पर बड़े सवाल भी खड़े करती है, जिससे असुरक्षा का भाव पैदा हो रहा है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

यहां इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं।

मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। पुलिस के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की**

### पिछले साल भी ऐसा ही हुआ था हादसा

इससे पहले 23 अक्टूबर 2025 की सुबह इंदौर के कारोबारी और कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल के घर भी ऐसा ही हादसा हुआ था। उनके घर मंदिर में जल रही अखंड ज्योति से आग पूरे पेंट-हाउस में फैल गई थी। उनके यहां भी आग से घर में लगे डिजिटल लॉक ने काम करना बंद कर दिया था। प्रवेश की पत्नी और बेटी को बचाकर अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें बचाते हुए कांग्रेस नेता की मौत हो गई थी। ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

### इंदौर और दिल्ली अग्निकांड पर पीएम मोदी ने जताया दुख




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के पालम और इंदौर में आग लगने के कारण कई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। इंदौर की घटना पर पीएमओ ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा-पीएम मोदी ने कहा है कि मध्य प्रदेश के इंदौर में आग लगने की घटना में हुई जान-माल की हानि से गहरा दुख ▶▶ शेष पेज 4 पर

उधर, दिल्ली में बहुमंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

# गहरी नींद में सो रहे थे लोग 3 बच्चों सहित 9 ने दम तोड़ा

» दो छोटे बच्चों की जान बचाने के लिए उन्हें पहली मंजिल से नीचे फेंका गया

» दमकल विभाग की 30 गाड़ियां ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग ने नौ लोगों की जान ले ली। इस दर्दनाक घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर मौजूद रहीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। यह इमारत कपड़ों और कॉस्मेटिक्स ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आग-दर-आग**

### राजस्थान के जालोर में टैंकर हादसा



राजस्थान के जालोर जिले में नेशनल हाईवे-68 पर सांचौर के पास एक तेल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें भीषण आग लग गई। इस हादसे में टैंकर में सवार एक व्यक्ति की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चंडीगढ़ और अहमदाबाद में व्यापारिक नुकसान

चंडीगढ़ के सेक्टर 22 स्थित मोबाइल मार्केट में बुधवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिससे करोड़ों का सामान जलकर खाक हो गया। दमकल की 15 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। वहीं, अहमदाबाद के शाहीबाग इलाके में एक रिहायशी इमारत की पांचवीं मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगी। हालांकि, इन दोनों घटनाओं में ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम डॉ. यादव का ऐलान- इंदौर भेजी गई विशेष टीम कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, ताकि आगे के लिए बेहतर सुरक्षा मानक तय किए जा सकें

### सीएम डॉ. यादव ने जताया दुख, दुर्घटना की जांच के दिए निर्देश



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आग हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक दरवाजे और डिजिटल लॉक जैसी सुविधाएं सुरक्षा के लिए उपयोगी हैं, लेकिन कई बार आपात स्थिति में बाधा भी बनती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की टीमें ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार हैं। सीएम के मुताबिक इंदौर भेजी गई विशेष टीम कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, ताकि आगे के लिए बेहतर सुरक्षा मानक तय किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग से हुई दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को व्यवस्थित जांच के निर्देश दिए गए हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### अब बिना एक्स्ट्रा चार्ज के बुक होंगी 60% सीटें

नई दिल्ली। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने भारत में हवाई यात्रा को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए आदेश के मुताबिक एयरलाइंस को हर फ्लाइट में कम से कम 60% सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के बुक होंगी। ये निर्देश घरेलू फ्लाइट्स पर लागू होंगे। इसके



अलावा एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को एक साथ बिठाया जाएगा या उन्हें आस-पास की सीटें दी जाएंगी। मौजूदा नियमों में पैसेंजर्स के लिए 20% सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। ये कदम इसलिए उठाए गए हैं क्योंकि एयरलाइंस सीट चुनने समेत कई सर्विसेस के लिए बहुता ज्यादा शुल्क वसूल रही हैं। अभी एयरलाइंस पसंद की सीटें चुनने पर 500 से 3000 रुपए तक चार्ज करती हैं। सरकार ने कहा है कि किसी भी फ्लाइट में 60 फीसदी सीटें फ्री में उपलब्ध हों।



किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम

सीएम डॉ. यादव ने दिलाई किसानों को शपथ

# नरवाई न जलाएं, अपनाएं जैविक एवं प्राकृतिक खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार हर हाथ को काम और हर खेत को पानी उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नरवाई का समुचित प्रबंधन करते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान इससे जुड़ें। किसान नरवाई न जलाएं, इससे धरती माता की उर्वरक क्षमता प्रभावित होने लगती है। प्राकृतिक खेती के उत्पादों को मंडी में बेचने के लिए विशेष प्रबंधन किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को हरदा में कृषि आधारित कौशल विकास एवं कस्टम हायरिंग पर केंद्रित राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने हरदा जिले के लिए करीब 232 करोड़ रुपए के 41 विकास ▶▶ शेष पेज 4 पर

» ***मुख्यमंत्री ने हरदा जिले को दी 232 करोड़ रुपए के 41 विकास कार्यों की सौगात, तीन सांदीपनि विद्यालय मिले***


» ***मुख्यमंत्री ने 75 नवनियुक्त सहकारिता निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र***

### नरवाई प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने गोशालाओं को नरवाई से भूसा तैयार करने के लिए यंत्र उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। हमारी सरकार गोशालाओं को मिलने वाला अनुदान 20 रुपए प्रति गोमाता से बढ़ाकर 40 रुपए किया है। प्रदेश में गोशालाओं की संख्या बढ़ाई जा रही है। प्रदेश के 11 शासकीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर वारदात

## आठ साल की बच्ची को मां ने चलती ट्रेन के सामने धकेला




बच्ची ट्रेन के इंजन से टकराकर नीचे गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर रात एक मां का दिल दहला देने वाला कृत्य सामने आया है। मां ने प्लेटफार्म 1 पर खेल रही अपनी 8 साल की बच्ची युविता को सामने से गुजर रही ट्रेन तमिलनाडु एक्सप्रेस के सामने धकेल दिया। बच्ची ट्रेन के इंजन से टकराकर नीचे गिर गई, जिससे उसे शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटे आई हैं। जीआरपी और अन्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

दो सकुर्लेशन, एक ट्रफ से आंधी-बारिश

## कुछ जिलों में ओलों की संभावना भोपाल सहित 12 जिले 'भीगेंगे'



तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश से गुजर रही ट्रफ और दो सकुर्लेशन से बुधवार को पूर्वी मध्य प्रदेश के डिंडोरी, बालाघाट, सिवनी सहित कुछ हिस्सों में बारिश हुई। गुरुवार को करीब आधा दर्जन जिलों में आंधी-बारिश और कुछ इलाकों में ओले गिरेंगे। गुरुवार से शुक्रवार के बीच भोपाल में तेज हवाओं के साथ बारिश की उम्मीद है। इस बीच तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। दिन ▶▶ शेष पेज 4 पर

इंदौर में बम धमकी से हड़कंप

## संभागायुक्त दफ्तर खाली कराया सर्च ऑपरेशन में कुछ नहीं मिला



साइनाइड बम की धमकी से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब संभागायुक्त कार्यालय और उसी भवन में संचालित श्रमायुक्त कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। मेल में दावा किया गया था कि परिसर में साइनाइड गैस से लैस बम लगाए गए हैं, जो दोपहर में विस्फोट करेंगे। चेतावनी मिलते ही कर्मचारियों को तत्काल बाहर निकाला ▶▶ शेष पेज 4 पर

वेनेजुएला-ईरान के बाद अब डोनाल्ड ट्रंप की क्यूबा पर नजर, बोले

# क्यूबा इस वक्त बहुत बुरे हाल में है हम बहुत जल्द 'कुछ' करने वाले हैं

ट्रंप प्रशासन चाहता है कि राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़ कैनेल अपना पद छोड़ दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को क्यूबा की समाजवादी सरकार के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने का वादा किया।

देश के खिलाफ उनके इन कदमों से अमेरिका का यह पुराना विरोधी देश और भी गहरे संकट में घिर गया है। वेनेजुएला पर ट्रंप के प्रतिबंधों की वजह से क्यूबा में हाल ही में पूरे देश में बिजली गुल हो गई थी। इस घटना के ठीक एक दिन ▶▶ शेष पेज 4 पर



डोनाल्ड ट्रंप

**रूस बोला- जरूरत पड़ी तो क्यूबा की मदद करेंगे**

इस बीच रूस ने संकेत दिया है कि वह जरूरत पड़ने पर क्यूबा का समर्थन कर सकता है। दोनों देशों के अधिकारी लगातार संपर्क में हैं। क्यूबा में आर्थिक सुधार की भी शुरुआत दिख रही है। वहां के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ऐलान किया है कि विदेश में रहने वाले क्यूबाई लोग अब देश में निवेश कर सकेंगे, बैंकिंग कर सकेंगे और कारोबार कर सकेंगे।

**क्यूबा की अर्थव्यवस्था ठीक से काम नहीं कर रही**

रूबियो का कहना है कि क्यूबा की अर्थव्यवस्था ठीक से काम नहीं कर रही है और उसकी सरकार इसे ठीक नहीं कर सकती। मंगलवार दोपहर तक अस्पतालों और कुछ घरों में बिजली धीरे-धीरे बहाल की जा रही थी, लेकिन अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बिजली का जर्जर नेटवर्क फिर से ठप हो सकता है।

सभी प्लेटफॉर्म्स से हटाया गया गाना

## नोरा का गाना 'सरके चुनर तेरी' पर लगा बैन

नई दिल्ली। फिल्म 'केडी: द डेविल' के गाने 'सरके चुनर तेरी' गाने पर बवाल शांत होने का नाम नहीं ले रहा। गाने में बहुत ही भद्दे लिरिक्स का इस्तेमाल किया गया है जिसको लेकर ये पूरा बवाल मचा हुआ है। अब ये लोकसभा तक भी पहुंच गया है। नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' का हिंदी वर्जन भारी विरोध और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड में औपचारिक शिकायत के बाद सभी प्लेटफॉर्म ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की पुष्टि

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मराठी कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं का किया सम्मान

# सांस्कृतिक परंपरा, शुभता व नवचेतना का प्रतीक है गुड़ी-पड़वा ऐतिहासिक महत्व की इस तिथि से ही विक्रम संवत हुआ आरंभ

### सीएम हाउस में आयोजन, मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विभिन्न जिलों से आए मराठी भाषियों के समूहों ने भेंट की गुड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा, शुभता और नवचेतना का प्रतीक गुड़ी पड़वा हमें नए संकल्प लेने, अपने जीवन में लक्ष्यों को अपनाने और समृद्धि की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। गुड़ी पड़वा हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है। हमें एकता, सद्भाव और समृद्धि का संदेश देता है।

यह दिन नए संकल्प लेने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। चैत्र प्रतिपदा नव संवत्सर का यह पर्व प्रकृति की हरितिमा और नवजीवन का प्रतीक है। यह समय दो ऋतुओं का संधि काल है, जिसमें प्रकृति नया रूप धारण करती है। यह तिथि ऐतिहासिक भी है, इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने विक्रम संवत का प्रारंभ किया था। मुख्यमंत्री समग्र मराठी समाज की ओर से मुख्यमंत्री निवास में नव वर्ष गुड़ी पड़वा पर्व के आरंभ के प्रतीक स्वरूप आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।


मराठी समाज को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

#### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन को शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इस अवसर पर ढोल ताशें के साथ परंपरागत रूप में स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए उन्हें पेशवाई टोपी पेश की। इसके साथ ही उन्हें पटका और प्रतीक स्वरूप छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की गई। मुख्यमंत्री को महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली सहित इंदौर, जबलपुर, भोपाल ,सागर, दमोह, छतरपुर, बीना, देवास, उज्जैन से आए समूहों ने गुड़ी भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मराठी साहित्य अकादमी की पत्रिका का अथर्वनाद का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने पिछले सौ -डेढ़ सौ वर्षों से मराठी कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं के प्रतिनिधियों का सम्मान भी किया।

#### सनातन संस्कृति की ध्वजा हर काल और हर युग में हमारी पहचान रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति की ध्वजा हर काल और हर युग में हमारी पहचान रही है। हमने कई आक्रांताओं का सामना किया, लेकिन कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। सम्पूर्ण विश्व भारतीय संस्कृति और परंपरा के महत्व को स्वीकार करती है। भगवा ध्वज और तिरंगे के साथ युद्ध काल में अपने स्वाभिमान और देश के गौरव की रक्षा के अनेक उत्कृष्ट उदाहरण इतिहास में मौजूद हैं। गुड़ी पड़वा और नववर्ष सभी के लिए उत्साह, उमंग और आनंद का पर्व है। इसीलिए राज्य सरकार ने इस पर्व पर अवकाश घोषणा की है। गुड़ी पड़वा अर्थात चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंत्री अपने प्रभार के जिलों में सूर्य को नमन करने के साथ गुड़ी पड़वा उत्सव के आयोजनों में सहभागिता करेंगे।

#### सम्राट विक्रमादित्य और लोकमाता अहिल्याबाई ने स्थापित किया गुड़ी पड़वा का महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के कालखंड में सनातन संस्कृति के देवालय भव्यता के साथ विकसित हुए। सम्राट विक्रमादित्य ने गुड़ी पड़वा का महत्व स्थापित किया। वे न्यायप्रियता, दानवीरता और सुशासन की उत्कृष्ट मिसाल हैं। वर्तमान दौर में प्रधानमंत्रीभी नरेंद्र मोदी इसी धारा को आगे बढ़ा रहे हैं। व्यक्तित्व में वीरता का गुण निडरता से आता है और निडरता के लिए मन का भय समाप्त करना आवश्यक है।

#### राज्य सरकार देगी एक करोड़ एक लाख का अंतरराष्ट्रीय सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर 1 करोड़ 1 लाख रुपए राशि का अंतर्राष्ट्रीय सम्मान शुरू किया है। यह देश का सबसे बड़ा पुरस्कार है। सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों, भारतीय संस्कृति के उत्थान, सामाजिक नवोन्मेष, भारतीय दर्शन, धर्म, परम्परा के प्रचार-प्रसार, रचनात्मक और जनकल्याणकारी कार्यों के क्षेत्र में योगदान के लिए स्थापित इस पुरस्कार के लिए गुड़ी पड़वा से नामांकन आमंत्रितकिए जा रहे हैं। सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दानवीरता, सुशासन, मानव कल्याण, सर्वधर्म समन्वय जैसे मूल्यों को राज्य सरकार निरंतर प्रोत्साहित कर रही है।

---

### सड़क हादसे के घायलों की जान बचाने के लिए थाना स्टाफ को दिया जाए विशेष प्रशिक्षण

# होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवक आपदा में सुरक्षा कवच का करते हैं कार्य : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा या मानव निर्मित दुर्घटना के समय नुकसान को कम से कम करना और जनजीवन को पुनः पटरी पर लाना महत्वपूर्ण होता है। संकट के समय में धैर्य और साहस बनाए रखना जरूरी होता है। ऐसी घड़ी में होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों की तत्परता और सेवा भावना समाज के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है। हमारे लिए गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश में 82 हजार से अधिक स्वयंसेवकों की एक विशाल और अनुशासित शक्ति विद्यमान है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में सिविल डिफेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश में कोविड जैसे कठिन काल और आतंकी हमलों के विरूद्ध हुई ठोस कार्रवाइयों से सिविल डिफेंस सिस्टम अधिक समर्थ बना है। हमारे सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूस्खलन, अग्निकांड और राहत-बचाव के कार्यों में निरंतर प्रशिक्षित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में नागरिक सुरक्षा का इतिहास लंबा है। वर्ष 1968 में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर से आरंभ हुई यह यात्रा आज वट वृक्ष बन चुकी है। आज प्रदेश में मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा के 82 हजार से अधिक वॉलेंटियर्स हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम- 2026 को होमगार्ड परेड ग्राउंड पर संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- बदलती तकनीक के साथ आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए भी होमगार्ड्स सक्षम बनें
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष हुआ आपदा में बचाव का डेमास्ट्रेशन


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्समंत्री डॉ. मोहन यादव।

#### बेटियों को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण देना आवश्यकः सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण देना आवश्यक है। इस दिशा में की जा रही पहल की उन्होंने सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रमुख मार्गों के आसपास के थाना स्टाफ को सड़क हादसे के घायलों की जान बचाने के लिए भी विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नागरिकों का जीवन सुरक्षित करने के लिए 'राहवीर योजना' और 'पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा' जैसी सुविधाओं की शुरुआत की है। मध्यप्रदेश यह पहल करने वाला देश का प्रथम राज्य है। वन्य जीव प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के लिए भी प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

#### बचाव के तरीकों का मुख्यमंत्री ने डेमोंसट्रेशन देखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत आपदा में बचाव के तरीकों के डेमोंसट्रेशन का अवलोकन किया। मध्यप्रदेश सिविल डिफेंस के वॉलेंटियर्स ने बाढ़ के दौरान रबर बोट तैयार करने, रोप ब्रिज निर्माण, मुश्किल वक्त में सीपीआर देने की प्रक्रिया और हवाई हमलों के दौरान बचाव के तरीकों और रोप रेस्क्यू का प्रदर्शन किया। इंदौर सिविल डिफेंस की बेटियों ने सेल्फ डिफेंस का प्रस्तुतिकरण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा वॉलेंटियर्स को नागरिक सुरक्षा जैकिट वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डीजी होमगार्ड श्रीवास्तव ने इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

---

### मुख्यमंत्री से मिले एसएईएल के पदाधिकारी



# बॉयोमास एग्रीकल्चर वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन के लिए 3200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार की शाम नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन (ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन) के नामी कंपनी एसएईएल के पदाधिकारियों ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। कंपनी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदेश में अपनी भावी निवेश योजना की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सुखबीर सिंह आवला ने मप्र में बॉयोमास एग्रीकल्चर वेस्ट उर्जा उत्पादन के लिए 3200 करोड़ रुपए निवेश करने का प्रस्ताव दिया। कंपनी के एमडी ने इसके अतिरिक्त भी अन्य संभावनाओं पर खुलकर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने कंपनी की ओर से मप्र में निवेश करने की मंशा पर प्रसन्नता जताई और कहा कि मप्र की धरती पर निवेशकों का स्वागत और अभिनंदन है। सौजन्य भेंट के दौरान प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

---

### राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह सदन से सेवानिवृत्त

## मैंने अपनी विचारधारा के साथ कभी समझौता नहीं किया: सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह बुधवार को सदन से सेवानिवृत्त हो गए। अपने विदाई भाषण में उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र करते हुए सभी से सद्भाव की अपील की। उन्होंने कहा कि मुझे अटल बिहारी वाजपेयी की वह बात याद आती है कि मैं न थका हूं, न सेवानिवृत्त हुआ हूं। (न मैं टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं)' आगे चल कर हम और भी काम करेंगे।

#### मैं व्यवधानों के पक्ष में कभी नहीं रहा

*दिग्विजय ने कहा कि मैंने अपनी विचारधारा के साथ कभी समझौता नहीं किया। अपने राजनीतिक जीवन में मैंने किसी के प्रति कटुता नहीं पाली। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं सदन में होने वाले व्यवधानों के पक्ष में कभी नहीं रहा। लोकतंत्र की बुनियाद चर्चा है और सदन में यह सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी होती है कि वह विपक्ष के साथ संवाद करके कोई समाधान निकाले। रास्ता हमेशा संवाद से निकलता है, निकल सकता है और निकलना चाहिए, यही लोकतंत्र की मूल भावना है, जिसमें आज कुछ कमी दिखाई देती है। सांसद ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का आभारी हूं, जिसने मुझे हर सदन में सेवा करने का अवसर दिया।*

---

#### गेहूं का भंडारण, जेवीएस मॉडल अपनाएगा शासन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 1 अप्रैल से गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने जा रही है। इस बार खरीदे गए गेहूं के भंडारण के लिए राज्य सरकार संयुक्त भागीदारी योजना (जेवीएस) के तहत निजी गोदाम किराए पर लेगी। इसके लिए मध्यप्रदेश भंडारगृह निगम ने निजी गोदाम संचालकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। निगम ने डब्ल्यूडीआरए में पंजीकृत और वैध वेयरहाउस लाइसेंसधारी गोदाम संचालकों से विपणन वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। योजना के तहत केंद्र सरकार के लिए खरीदे गए गेहूं और मोटे अनाज को इन निजी गोदामों में सुरक्षित रखा जाएगा। इस व्यवस्था में अनाज के रखरखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित गोदाम संचालकों की होगी, जबकि राज्य सरकार उन्हें तय किराया देगी।

---

### 13 विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम अध्यक्ष नियुक्त

## कांग्रेस का संगठन विस्तार तेज 8 जिलों में नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार 8 जिलों में नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जबकि 13 विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम अध्यक्ष और 47 नगर अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने बताया कि बुरहानपुर शहर, भोपाल ग्रामीण, सिंगरौली ग्रामीण, सिंगरौली शहर, उमरिया, रीवा ग्रामीण, रीवा शहर और दमोह जिलों में नई कार्यकारिणी गठित की गई है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों का मुख्य उद्देश्य संगठन में नई ऊर्जा का संचार करना और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना है। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह विस्तार अभियान चलाया जा रहा है।

#### मजबूत होगा संगठन

*8 जिलों में नई जिला कार्यकारिणी*
*13 विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम अध्यक्ष नियुक्त*
*47 नगर अध्यक्षों की जिम्मेदारी तय*
*बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर*

---

### जीएडी के निर्देश, 31 दिसंबर के बाद नहीं जोड़ी जाएगी कोई टिप्पणी

## सेल्फ असेसमेंट के लिए 30 जून तक समय इसके बाद 'टाइम बेस्ड' फाइनल होगी सीआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मध्य प्रदेश में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन (सीआर) को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने नई समय-सीमा तय कर दी है।

इसके तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 30 जून तक अपना सेल्फ असेसमेंट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तय समयसीमा के बाद 'टाइम बेस्ड' प्रक्रिया के तहत सीआर स्वतः फाइनल कर दी जाएगी। निर्देशों के अनुसार, यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी समय पर अपना स्वमूल्यांकन प्रस्तुत नहीं करता है, तो संबंधित प्रतिवेदक अधिकारी बिना सेल्फ असेसमेंट के ही अपनी टिप्पणी दर्ज कर सकेगा और प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। वहीं 31 दिसंबर के बाद किसी भी प्रकार की नई टिप्पणी जोड़े जाने की अनुमति नहीं होगी। जीएडी ने स्पष्ट किया है कि गोपनीय प्रतिवेदन की प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत प्रत्येक स्तर पर निर्धारित समय-सीमा का पालन अनिवार्य रहेगा। विभागीय जानकारी के अनुसार, प्रतिवेदक अधिकारी, पुनरीक्षक अधिकारी और स्वीकृतकर्ता अधिकारी तीनों स्तरों पर सीआर की प्रक्रिया तय समय में पूरी करनी होगी। यदि किसी स्तर पर देरी होती है, तो तय समय के बाद अगला स्तर स्वतः सक्रिय हो जाएगा और उपलब्ध जानकारी के आधार पर प्रतिवेदन को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

**प्रमुख बिंदु**

- 30 जून तक सेल्फ असेसमेंट अनिवार्य
- देरी पर 'टाइम बेस्ड' सिस्टम से फाइनल होगी सीआर
- 31 दिसंबर के बाद कोई नई टिप्पणी नहीं
- हर स्तर पर तय समय सीमा लागू

---

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल की दिवंगत पुत्री सुरभि को श्रद्धांजलि देने विस अध्यक्ष तोमर समेत मंत्री, पदाधिकारी पहुंचे

# सुरभि खंडेलवाल को बैतूल में हजारों लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की पुत्री सुरभि खंडेलवाल की स्मृति में बुधवार को बैतूल स्थित विजय सेवा न्यास के सामने न्यू बैतूल ग्राउंड, कोठी बाजार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। श्रद्धांजलि सभा में केन्द्रीय मंत्री, मप्र शासन के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक एवं परिजनों ने सुरभि खण्डेलवाल को स्मरण करते हुए कहा कि उनका देवलोकगमन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रभु उनको अपने श्रीचरणों में स्थान दें, ऐसी प्रार्थना है।


स्व. सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते विस अध्यक्ष तोमर।


श्रद्धांजलि देते उपाध्याय व अग्रवाल


खंडेलवाल से चर्चा करते विस अध्यक्ष तोमर व संत।

#### केंद्रीय मंत्री उइके, मंत्री परमार, कुशवाह, काश्यप, निर्मला, नरेंद्र, पदाधिकारी अग्रवाल समेत जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि


श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनसमूह।

श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश शासन के मंत्री इंदर सिंह परमार, नारायण सिंह कुशवाहा, चैतन्य काश्यप, निर्मला भूरिया, नरेंद्र शिवाजी पटेल, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, पूर्व मंत्री व विधायक भूपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सेवा प्रमुख ओमप्रकाश सिसोदिया, नर्मदापुरम विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, बैतूल जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार सहित मंत्री-विधायक, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, परिवारजन, सामाजिक बंधुओं ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

### बैतूल पहुंचकर खंडेलवाल को दी सांत्वना

## डॉ. शर्मा ने स्व. सुरभि को दी श्रद्धांजलि

प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ, भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश डॉ. नीतेश शर्मा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की पुत्री स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल के असामयिक निधन पर बैतूल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे एवं शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



रमज़ान मुबारक

इफ्तार गुरुवार: 6:36 बजे

सहरी शुक्रवार: 4: 47 बजे



**चैत्र नवरात्र आज से, सज गए मंदिर...**

फोटो जर्नलिस्ट: राकेश सैनी

भोपाल। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत इस बार गुरुवार को शुक्ल योग, ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे दुर्लभ संयोग में हो रही है। शहरवासियों ने इसे धूमधाम से मनाने की तैयारी कर ली है। इसके लिए एक ओर जहां तलैया स्थित मां काली समेत शहरभर के मां के मंदिर विशेष साफ-सफाई के बाद आकर्षक विद्युत सज्जा से जगमग हो गए हैं तो वहीं दूसरी ओर लोग मां की उपासना की तैयारियां भी लगभग पूरी कर चुके हैं। जगह-जगह झांकियां लगाई जाएंगी, जहां मां अपने दिव्य स्वरूप में विराजेंगी। चित्र मां काली मंदिर तलैया का, जहां बिजली की विशेष साज-सज्जा की गई है।

## फिर बेनतीजा रही मूल्यांकन समिति की बैठक

# 183 पर 20 तो 104 लोकेशन पर बढ़ेंगे 50 फीसदी से अधिक दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में प्रॉपर्टी खरीदना एक बार फिर महंगा हो जाएगा, जिससे आम लोगों को प्रॉपर्टी खरीदने और रजिस्ट्री कराने ज्यादा राशि खर्च करना पड़ेगी। जिसे लेकर इस बार पंजीयन विभाग ने जिले में 628 लोकेशन पर बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। इसके साथ 795 लोकेशन को अधिक दाम वाली लोकेशन में मर्ज किया जा रहा है, जिससे इन जगहों पर भी घर खरीदना महंगा हो जाएगा। प्रस्तावित बढ़ोतरी का आलम यह है कि 104 लोकेशन पर 50 प्रतिशत से अधिक दाम बढ़ाए जा रहे हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा लोकेशन 20% बढ़ोतरी वाली हैं। बुधवार को जिला मूल्यांकन समिति की दोबारा से बैठक रखी गई, जिसमें लोगों के दावे-आपत्तियों का निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने दावे-आपत्तियों का निराकरण करने की हिदायत दी है।

वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वप्नेश शर्मा ने बताया कि संपदा 2.0 साफ्टवेयर के आधार पर 2175 लोकेशन का अध्ययन किया गया। जिसमें 732 पर बढ़े हुए दाम प्रस्तावित करने की सहमति बनी है। बैठक में विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा, एक ही कॉलोनी में 2 अलग-अलग जमीनों के रेट विसंगतियों को दूर किया जाए।




### सांसद का विरोध, कलेक्टर को लिखा पत्र

सांसद आलोक शर्मा ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि सांसद-विधायकों की सहमति के बिना प्रॉपर्टी रेट बढ़ाए जाना गलत है। उन्होंने जन भावनाओं का ध्यान रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने से आम लोगों का मकान खरीदना मुश्किल हो जाएगा।

### निगम क्षेत्र में प्रतिशत और लोकेशन संख्या

- 50% से अधिक वाली लोकेशन-57
- 50% वाली लोकेशन-47
- 40% और 40% से अधिक वाली लोकेशन-14
- 30% और 30% से अधिक वाली लोकेशन-57
- 20% और 20% से अधिक वाली लोकेशन-183
- 10% और 10% से अधिक वाली लोकेशन-114
- 5% से अधिक तक की लोकेशन-45
- 1% से 5% तक वाली लोकेशन-53

### कैसे बढ़ गई 104 लोकेशन, अफसर नहीं दे रहे जवाब

पिछली बैठक में पंजीयन विभाग के अफसरों ने 628 लोकेशन पर बढ़ोतरी प्रस्तावित करने की बात कही थी, लेकिन दूसरी बैठक में अब अफसरों ने 732 लोकेशन पर बढ़ोतरी प्रस्तावित कर दी है। ऐसे में 104 लोकेशन कैसे बढ़ गईं, इसके बारे में जानकारी नहीं दी है। इधर, विभाग ने संपदा में अपलोड किया गया नई गाइडलाइन का ड्राफ्ट भी हटा लिया गया है। अजीब बात यह है कि दावे-आपत्तियों में किसान अशोक ने सुझाव दिया कि अचारपुरा, परेवाखेड़ा, चांदपुर, मनीखेड़ी, अरवलिया, परवलिया, ईटखेड़ी, इमालिया सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में गाइडलाईन से ऊपर सौदे हो रहे हैं। जिसे मान्य कर लिया गया है, जबकि दाम कम करने की आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया है।




## भौरी, अलार्क रेसीडेंसी में नहीं बढ़ेंगे दाम, दामखेड़ा खजूरीकलां, हथाईखेड़ा में खरीद-फरोख्त रुकी

एक अप्रैल से प्रॉपर्टी के दामों में प्रस्तावित बढ़ोतरी को लेकर आई 63 आपत्तियों के बाद जिला मूल्यांकन समिति ने कुछ बदलाव किए हैं। जिसके तहत भौरी में जमीन के दाम 3 करोड़ साठ लाख रुपए प्रति हेक्टेयर से घटाकर 2 करोड़ चालीस लाख रुपए कर दिए गए थे, जिसे यथावत रखा जाएगा। दरअसल, यहां एआई नॉलेज सिटी बनने के लिए दो हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, इसलिए जमीन के दाम घटाने से किसानों को नुकसान होता। इसके साथ अलार्क रेसीडेंसी में प्रस्तावित दामों को भी वापस लिया गया है।

खजूरीकलां, खजूरीखुर्द, अमरावदखुर्द, हथाईखेड़ा, कोकता और दामखेड़ा में प्रॉपर्टी की गाइडलाइन मौजूदा बाजार रेट से अधिक हो गई है, जिसकी वजह से पिछले एक साल से यहां प्रॉपर्टी के सौदे नहीं हो रहे। खजूरीकलां निवासी अनूप सिंह की आपत्ति के बाद समिति इसकी जांच कर रही है।

### रीसेल प्रॉपर्टी की स्टांप ड्यूटी होगी ट्रांसफर

क्रेडाई से मिली आपत्ति के आधार पर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में रखा गया कि जिन प्रॉपर्टी को तीन साल में दूसरी बार बेचा जाता है, उनकी स्टांप ड्यूटी को ट्रांसफर किया जाए। जिस पर समिति सदस्य भगवानदास सबनानी ने इस प्रस्ताव को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने की बात कही।

### सिग्नेचर बिजनेस पार्क में 77 फीसदी बढ़ोतरी

मेसर्स सिग्नेचर इंफ्राटेक ने पेश की गई आपत्ति में बताया कि सिग्नेचर बिजनेस पार्क में कमर्शियल प्लॉट की कीमत को 22500 से बढ़ाकर 40 हजार प्रति वर्गमीटर कर दिया है, जिससे यहां की बढ़ोतरी का प्रतिशत 77 आया है। आपत्तिकर्ता का कहना है कि यहां पर बिना किसी आधार के बढ़े हुए दाम प्रस्तावित किए गए हैं। यहां पर अधिकतर दस फीसदी बढ़ोतरी की जानी चाहिए।

### बावड़िया में ईडब्ल्यूएस से महंगी गाइडलाइन

मेसर्स विराशा हाईट्स ने आपत्ति में बताया कि ई-8 एक्सटेंशन बावड़िया कलां में विराशा विसर्ग में 20 ईडब्ल्यूएस और 20 एलआईजी का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर वर्तमान बाजार रेट 56 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर है। ऐसे में यहां ईडब्ल्यूएस और एलआईजी मकानों की कीमत अधिक हो जाएगी, जिससे निम्न आय वर्ग वाले व्यक्ति को इसकी रजिस्ट्री कराने में दिक्कत होगी।


बनस्थली विद्यापीठ 19 35 सा विद्या या विमुक्तये

# BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





**Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world** having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

## Programmes offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**

**B.Tech.*** (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
**M.Tech. Integrated*** (Comp. Sc./Mechatronics)*
**M.Tech.** (Artificial Intelligence)
**M.Tech.** (Comp. Sc./IT)
**M.Tech.** (Robotics & Automation)
**M.Tech.** (VLSI Design) | **M.Tech.** (Remote Sensing)
**M.Tech.** (Biotechnology)
**M.Tech.** (Chemical Engineering)
**Diploma** (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
**BCA/BCA Hons./BCA Hons.**(AI/Data Analytics)$/ **BCA Hons. with Research** (AI/Data Analytics)$
**M.Sc.** (Computer Science) | **M.Sc.** (Physics)
**M.Sc.** (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
**M.Sc.** (Mathematics/Statistics/Operations Research)
**MCA/PGDCA**

**ARCHITECTURE & PLANNING**

**B.Arch.**+

**LAW**

**B.A./BBA/B.Com. LL.B.** (Integrated)
**LL.M.*** (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Biotechnology) | **B.Pharm.***
**M.Pharm.** (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
**M.Sc.** (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
**M.Sc.** (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
**M.Sc.** (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
**M.Sc.** (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Geology/Geography)
**M.Sc.** (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
**M.Sc.** (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**

**B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$**
**BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$**
**MBA (Integrated)** | **BSW** | **M.Com.**
**MBA*** (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**

**M.A.** Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, **MPA#**, **BPA#**
**B.V.A. Painting#**

**AVIATION**

**B.Sc./B.Sc. Hons.** (Aviation Science)

**DESIGN**

**B.Des.** (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
**M.A.** (Textile Designing) | **M.Des.**

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**

**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Journalism and Mass Communication)
**M.A.** (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**

**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
**M.A.** (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
**Master of Social Work**

**EDUCATION**

**ITEP B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.*** (Secondary/Middle), **B.Ed.**, **M.Ed.**

**HOME SCIENCE**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science) Food Science & Nutrition
**M.Sc.** (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**

**B.Sc. Nursing***

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
**One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.**
**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$**Lateral entry also available**
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to Approved
LAST DATE FOR APPLICATION
**30 April, 2026**

## SCHOOL EDUCATION DIVISION

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

## Enquiries can be made at

- **For general enquiry:**
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)

Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

## How to Apply

For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**

Scan to explore

## Scholarships

The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

# BANASTHALI VIDYAPITH

P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at **http://www.banasthali.org**
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63

THE World University Rankings 2025

nirf All India Rank

QS University Rankings Asia

राजधानी के अशोका गार्डन स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर की महिमा

# मंदिर की पांच परिक्रमा लगाने से माता रानी होती हैं प्रसन्न, दर्शन मात्र से की कामना होती है पूरी



मां दुर्गाधाम मंदिर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अशोका गार्डन स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर में वैसे तो बारह महीने ही भक्तों का तांता लगा रहता है, लेकिन चैत्र नवरात्रि पर खासतौर पर भक्ताओं की भीड़ उमड़ती है। यह मंदिर लोगों की अस्था का केंद्र बना हुए । यहां माता रानी भक्तों की मनचाही मुराद पूरी करती हैं। मान्यता है कि श्रद्धा के साथ जो भी भक्त माता रानी के मंदिर की पांच परिक्रमा करता है। उसकी मुंह मांगी मुराद पूरी होती है। खासकर लोग यहां संतान प्राप्ति की कामना के लिए आते हैं। मंदिर में मां काली, दुर्गा, हनुमान, श्रीगणेश, मंशापूरण माता, भोलेनाथ, राम-जानकी सहित अन्य देवता विराजमान हैं। वैसे तो मंदिर का इतिहास काफी प्राचान है, लेकिन करीब 26-27 साल पहले मंदिर को विकसित किया गया था। साथ ही लगातार विकसित किया जा रहा है।

### अष्टमी पर महाआरती में शामिल होना हितकारी



मंदिर के पुजारी पंडित बाल गोविंद पांडे ने बताया कि मंदिर की मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से पांच परिक्रमा कर लें या फिर जो भी भक्त शुक्लपक्ष की अष्टमी की महाआरती में शामिल हो जाए। उसकी भी मनोकामना पूरी होती है। इसको लेकर कई उदाहरण हैं। कई भक्त की मनोकामना पूरी करने पर उन्होंने मंदिर में माता रानी को सोने का सिंहासन व छत्र चढ़ाया है। नवरात्र में मंदिर में अखंड ज्योति जलाई जाती है।

### मैं व मेरा परिवार दर्शन करने आते हैं



श्रद्धालु कमला वर्मा ने बताया कि वह कई सालों से माता रानी के दर्शन के लिए आ रही हैं। मां के आशीर्वाद से सभी कामनाएं पूरी होती हैं। मेरा पूरा परिवार समय-समय पर माता रानी के दर्शन करने आते हैं।


मां दुर्गा का आकर्षक स्वरूप।

### दूरदराज के क्षेत्रों से आते हैं श्रद्धालु




श्रद्धालु वेदांत तिवारी ने बताया कि माता रानी की उनके परिवार पर तो विशेष कृपा है, लेकिन जो लोग भी माता के दरबार में सच्चे मन से अर्जी लगाते हैं। उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। आज भी क्षेत्र व दूसरे जगहों से लोग माता रानी के दर्शन करने आते हैं। इसके अलावा शुभ काम से पहले माता रानी का आशीर्वाद लेते हैं। उसके बाद कोई भी शुभ काम करते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### भोजपुरी समाज की चार दिवसीय चैती छठ पूजा 22 मार्च से आरंभ



**भोपाल।** भोजपुरी एकता मंच के तत्वावधान में शीतल दास की बगिया कमला पार्क घाट पर इसका आयोजन होगा। मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि भोजपुरी समाज का लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा आगामी दिनांक 22 मार्च को पहला दिन नहाए खाए, दूसरे दिन 23 मार्च को खरना होगा। तीसरे दिन 24 मार्च को डूबते हुए सूर्य भगवान को ऋतु फल ठेकुआ पकवान को बास सुप में सजा करके सभी व्रतधारी शीतल दास की बगिया कमलापार्क घाट पर कमर तक पानी में खड़े होकर अर्घ्य अर्पित करेंगे। पानी से चौथे दिन 25 मार्च को उगते हुए सूर्य भगवान को गाय के कच्चे दूध से अर्घ्य देकर व्रतधारी अपना व्रत का समापन करेंगे

### वन विहार के दैवेभो कर्मियों को मिलेगा एक साल का बकाया एरियर

**भोपाल।** वन विहार भोपाल के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को एक साल से लंबित एरियर का भुगतान 30 मार्च तक किया जाएगा। वहीं दैवेभो कर्मचारियों को हर माह की पांच तारीख तक वेतन भुगतान भी किया जाएगा। वहीं वन विहार के सभी दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के परिचय पत्र बनाने के साथ बीमा और पीएफ कटौती का लाभ दिया जाएगा। यह आश्वासन वन विहार के संचालक विजय कुमार आईएफएस ने कर्मचारी मंच के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए दिए। इस अवसर पर दैवेभो कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वर्ष 2024-25 मे 12 माह का वेतन वृद्धि के एरियार का लाभ एक वर्ष से वन विहार के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को नहीं मिला था। तीन वहीं माह से वेतन भुगतान भी नहीं किया गया था। पाण्डेय ने बताया कि कर्मचारी मंच की पहल पर मांग को मंजूर करते हुए वन विहार के डायरेक्टर ने कार्यवाही प्रारंभ करने का आश्वासन दिया है।

---

गुड़ी पड़वा के साथ नवसंवत्सर शुरू, मंत्र-जाप से मां दुर्गा को प्रसन्न करेंगे साधक

# शक्ति की साधना का महापर्व आज से प्रारंभ, घट स्थापना और व्रत होंगे आरंभ

*इधर राजधानी के देवी मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां जोरों पर हैं। उधर व्रत और साधना के लिए भक्तों के मन में अपार उत्साह की झलक दिखाई दे रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र नवरात्रि यानि शक्ति की साधना का महापर्व गुरूवार से शुरू होगा। नौ दिन तक चलने वाले इस महापर्व के साधक शक्ति की देवी की आराधना और मंत्र जाप आदि से मां दुर्गा को प्रसन्न करेंगे। राजधानी के देवी मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां जोरों पर हैं। उधर व्रत और साधना के लिए भक्तों के मन में अपार उत्साह झलक रहा है, वहीं मैहर की शारदा भवानी तथा माता वैष्णों देवी के दर्शनों के लिए राजधानी से श्रद्धालुओं के जत्थे भी रवाना होने लगे हैं। राजधानी से लगे हुए सलकनपुर और कंकाली माता के मंदिरो में भी सुबह से ही राजधानी से श्रद्धालू जाते है। ज्योतिषियों के अनुसार चैतीचांद, गुड़ी पड़वा के साथ नव संवत्सर वर्ष का भी शुभारंभ होगा।

नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-आराधना की जाएगी। इसमें प्रथम दिवस शैलपुत्री की आराधना होगी, जो इच्छा व संकल्पशक्ति की दात्री है। इसी तरह दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तृतीया को चंद्रघंटा, चतुर्थी को कुष्मांडा, पंचमी को स्कंध माता, षष्ठी को कात्यायनी, सप्तमी को कालरात्रि, अष्टमी को महागौरी और नवमीं को सिद्धिदात्री देवी की पूजा-आराधना की जाएगी।


माता की प्रतिमा ले जाते भक्त।

### यह होंगे मुहूर्त और चौघड़िया

साल भर में कुल चार नवरात्रि आते हैं जिसमें से शारदीय और चैत्र नवरात्रि का खास महत्व होता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं जो 27 मार्च तक चलेंगे। चैत्र नवरात्रि शुरू होने से साथ ही नया हिंदू नववर्ष विक्रम संवत भी शुरू हो जाता है। नवरात्रि पर देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। नौ दिनों तक लगातार देवी शक्ति की पूजा अर्चना करते हैं। शहर के मां कालका मंदिर तलैया, मां कालका मंदिर चूनाभट्टी, मां शीतला मंदिर कोटरा सुल्तानाबाद, नारियलखेड़ा सहित शहर के सभी दुर्गा मंदिर मंदिरों में नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 19 मार्च को शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग भी बन रहा है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है।

### सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, चढ़ाई जाएगी धर्म ध्वाजा

**भोपाल।** भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 चैत्र नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को शहर में कई धार्मिक आयोजन होंगे। हिंदू नववर्ष का स्वागत सुबह सूर्योदय के साथ होगा। मंदिरों और घरों में शंख ध्वनि और दीप जलाकर वर्ष का अभिनंदन किया जाएगा। मंदिरों में पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। 19 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी गुड़ी पड़वा पर शहर के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना होगी तो वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। घट स्थापना के साथ मंदिरों और घरों में जवारे बोने के साथ अखंड ज्योति जलाई जाएगी। आशिमा अनुपमा सिटी, जाट खेड़ी स्थित श्री शिव नारायण मंदिर में चैत्र नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर नव संवत्सर 2083 का स्वागत भक्ति एवं उत्साह के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः काल सूर्य दर्शन एवं शंख ध्वनि के साथ नव वर्ष का शुभारंभ होगा। मंदिर में दुर्गा नवचंडी अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। वहीं अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। साथ ही मां भगवती दुर्गा के दरबार में पारंपरिक रूप से जवारे बोए जाएंगे,

---

बीडीए ऑफिस का अजीबो-गरीब नजारा

# कोई कमरा बंद करके सो रहा तो कोई अपने चैंबर से गायब

*जिम्मेदार अधिकारियों के हाल चिंताजनक*

*कार्यालय की कार्य प्रणाली पर सवाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि पड़ताल

हरिभूमि की टीम जब बीडीए ऑफिस पहुंची, तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। जिम्मेदार अधिकारी अपने चेंबरों से नदारद मिले। बीडीए के एक कर्मचारी ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि असिस्टेंट इंजीनियर एके पांडे अपने चेंबर को अंदर से बंद कर सो रहे हैं, उन्होंने बताया कि वे अक्सर लंच के बाद सो जाते हैं। जबकि सब इंजीनियर प्रशांत साल्वे के चेंबर पर ताला लटका हुआ था। सीनियर इंजीनियर कटहल अक्सर अपने चेंबर से नदारद रहते हैं, इसकी शिकायत सीईओ शयामबीर को की गई, इसके बाद भी हालात में कोई बदलाव नहीं। इससे कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।


ऑफिस टाइम में लटके मिले ताले।

### आम नागरिक लगा रहा चक्कर पे चक्कर

शहर के विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) में इन दिनों लापरवाही का आलम देखने को मिल रहा है। विभिन्न कामों से दफ्तर पहुंचने वाले लोगों को न तो अधिकारी मिल रहे हैं और न ही कर्मचारी अपने कक्षों में मौजूद मिलते हैं। स्थिति यह है कि आम नागरिकों को अपने काम के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, कई लोग घंटों इंतजार करने के बाद मायूस लौटने को मजबूर हैं।

---

जल महोत्सव में जल जीवन मिशन पर हुआ मंथन

# सामुदायिक जवाबदेही से ही जल जीवन मिशन होगा सफलः उईके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने कहा कि जल जीवन मिशन से ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली है, अब इसकी वास्तविक सफलता योजनाओं के नियमित, सुरक्षित संचालन में निहित है। सामुदायिक जवाबदेही से ही जल जीवन मिशन सफल होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष-2019 में जब मिशन शुरू हुआ था, तब प्रदेश में लगभग 13 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक ही नल से जल की सुविधा थी, वर्तमान 74% से अधिक परिवारों तक नल जल पहुंच चुका है। प्रदेश में 27, 990 से अधिक योजनाएँ स्वीकृत हुईं ।



### 21 मार्च को होगा सम्मान कार्यक्रम

मंत्री उइके ने बुधवार को जल भवन के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय जल-मंथन पानी से आत्मनिर्भर मप्र कार्यशाला में जल जीवन मिशन की उपलब्धियों के साथ उसके दीर्घकालिक संचालन एवं संधारण पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में प्रशासनिक, तकनीकी तथा सामुदायिक स्तर के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। मंत्री उइके ने कहा कि संचालन एवं संधारण केवल विभागीय दायित्व नहीं है, बल्कि ग्राम पंचायत, जल समिति और समुदाय की साझा ज़िम्मेदारी है।

---

पिछले दिनों संबद्धता के लिए आवदेन

# बीयूः स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में कॉलेजों की संबद्धता पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बीयू में बुधवार को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें विवि से संबद्ध सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों की निरंतरता और संबद्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। कमेटी ने चर्चा के बाद जिन संबंधित कॉलेजों के निरीक्षण हो चुके हैं, उन्हें अगले सत्र 2026-27 के लिए निरंतरता का अनुमोदन किया। निजी कॉलेजों की संबद्धता के लिए भी अनुमोदन किया गया है। इसके अलावा बीयू से संवद्ध सरकारी पीएमश्री कॉलेजों के लिए तय किया गया है कि वे अब नाम से पहले पीएम एक्सीलेंस का उपयोग करेंगे।

### निरीक्षण बाद अनुमोदन

विवि प्रशासन के अनुसार बीयू से संवद्ध कॉलेजों ने अगले सत्र के लिए निरंतरता और संबद्धता के लिए आवेदन किया था। इसके लिए बीयू ने पिछले दिनों ऐसे सभी कॉलेजों का गहन निरीक्षण किया, जिसके बाद बुधवार को निरीक्षण रिपोर्ट के साथ उनकी संबद्धता के लिए कमेटी के सदस्यों ने अनुमोदन किया है। ध्यान रहे कि बीयू से संबद्ध प्रदेश में 400 से अधिक कॉलेज हैं।

---

इधर, बिना प्लानिंग टूटेगा 6 नंबर मार्केट

# बीडीए मार्केट में 70 से ज्यादा दुकानें 40 साल से भी पुरानी

*बीडीए ने दुकानदारों को नोटिस तक नहीं*

6 नंबर बीडीए मार्केट शिफ्टिंग की चर्चा तेज, दुकानदारों को नहीं दिया नोटिस बिना नोटिस कार्रवाई के संकेत, शहर के 6 नंबर क्षेत्र में स्थित बीडीए मार्केट को शिफ्ट करने की खबरों ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। बिना किसी आधिकारिक सूचना के मार्केट हटाने की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं, जिससे दुकानदार असमंजस की स्थिति में हैं। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें अब तक न तो कोई नोटिस मिला है और न ही प्रशासन की ओर से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

दुकानदारों के अनुसार, यदि अचानक मार्केट शिफ्ट किया जाता है तो इसका सीधा असर उनके रोजगार और आजीविका पर पड़ेगा। कई छोटे व्यापारी पूरी तरह इसी बाजार पर निर्भर हैं, ऐसे में बिना पूर्व सूचना के किसी भी प्रकार की कार्रवाई उनके लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकती है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें समय रहते स्पष्ट जानकारी दी जाए और उचित समय दिया जाए, ताकि वे वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें।

---


अतिथि शिक्षक समन्वय समिति ने जारी की जानकारी

# मोबाइल में संदिग्ध एप मिलने से अतिथियों की बढ़ी चिंता, यूजर को हटाने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाल ही में एक मोबाइल यूजर के फोन में वायरस स्कैन के दौरान एक संदिग्ध एप मिलने का मामला सामने आया है। रविकांत गुप्ता, प्रदेश सचिव, अतिथि शिक्षक समन्वय समिति मध्यप्रदेश के अनुसार स्क्रीनशॉट में फोन के सिक्योरिटी सिस्टम ने हमारे-शिक्षक नाम के एप को रिस्की एप के रूप में चिन्हित किया है।

सिस्टम ने यूजर को अलर्ट देते हुए बताया कि यह एप डिवाइस के लिए खतरा बन सकता है और इसे तुरंत अनइंस्टॉल करने की सलाह दी गई है। अलर्ट में साफ लिखा गया है कि इंफेक्टिड एप डिटेक्टिड अनइंस्टॉल इट नॉऊ। वायरस स्कैन रिपोर्ट में यह भी दिखाया गया है कि कुल 1 जोखिम पाया गया है, जिसमें यही ऐप शामिल है। यूजर को फिक्स विकल्प के जरिए इसे हटाने या क्विट एप का विकल्प दिया गया।



**हमारे-शिक्षक नाम के एप को रिस्की एप के रूप में चिन्हित किया**

### इससे क्या है खतरा?

रविकांत गुप्ता ने विज्ञप्ति में बताया कि साइबर विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे संदिग्ध एप यूजर का निजी डेटा चुरा सकते हैं। बैंकिंग या ओटीपी जानकारी तक पहुंच बना सकते हैं। फोन की परफॉर्मेंस को प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटी सी लापरवाही भी बड़े साइबर खतरे में बदल सकती है।

---

आतिशबाजी और देशभक्ति गीतों के साथ हिंदू नववर्ष का स्वागत

हमारी परंपराओं, ज्ञान और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन की देती है प्रेरणा

# हिंदू नववर्ष एक तिथि परिवर्तन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और नवचेतना का प्रतीकः सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर नरेला विधानसभा के प्रभात चौराहे पर मंत्री विश्वास सारंग आतिशबाजी और देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भगवा झंडा लहराया और नागरिकों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मंत्री सारंग ने कहा कि हिंदू नववर्ष केवल एक तिथि परिवर्तन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और नवचेतना का प्रतीक है। यह दिन हमें हमारी सनातन परंपराओं, ऋषि-मुनियों के ज्ञान और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है।


*भगवा लहराते मंत्री सारंग।*

**सकारात्मक जीवन का अद्भुत संचार**

*उन्होंने कहा कि चैत्र मास से प्रारंभ होने वाला यह नववर्ष सृष्टि के नवसृजन का प्रतीक है, जब प्रकृति स्वयं नवीन रूप में सजती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। सारंग ने कहा कि भारतीय पंचांग पर आधारित यह नववर्ष वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।*

### राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ मनाएं नववर्ष

सारंग ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि यह नववर्ष केवल उत्सव का अवसर न होकर, एक नई शुरूआत का प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि हम सभी को इस पावन अवसर पर सामाजिक समरसता, स्वच्छता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

### गूंजे देशभक्ति गीत

नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रभात चौराहे पर आकर्षक आतिशबाजी के साथ देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति से संपूर्ण वातावरण देशभक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठा। रंग-बिरंगी रोशनी से सजा आकाश और देशभक्ति के जोश से भरे गीतों ने हर हृदय में गर्व, उत्साह और नई उमंग का संचार किया।

# आदमपुर में 6 लाख मीट्रिक टन कचरे के निपटान के लिए 55.54 करोड़ के बायोमाइनिंग प्रोजेक्ट सहित नई पार्किंग बनाने पर परिषद में होगी चर्चा

- निगम के 145 कंडम वाहनों की नीलामी सहित नई पार्किंग को लेकर परिषद में होगा निर्णय
- नगर निगम परिषद की बैठक के लिए एजेंडा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के आईएसबीटी सभागार में 23 मार्च को होने वाली परिषद की बैठक के लिए जारी एजेंडे में आदमपुर में 6 लाख मीट्रिक टन कचरे के निपटान के लिए 55.54 करोड़ के बायोमाइनिंग प्रोजेक्ट शुरू करने सहित नई पार्किंग और कंडम वाहनों की नीलामी के बिंदु शामिल किए गए हैं। इन विषयों पर परिषद में होगी चर्चा। वहीं शहर की सफाई, ट्रैफिक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कई बड़े मामलों पर मुहर लग सकती है। बैठक में विपक्ष ने स्लाटर हाउस मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष को घेरने की तैयारी की है।

हालांकि एजेंडे में जनहित से जुड़ा कोई मुद्दा शामिल नहीं किया गया है। परिषद की बैठक के लिए आदमपुर छावनी स्थित डंप साइट को खत्म करने का बड़ा प्रस्ताव भी रखा गया है। करीब 6 लाख मीट्रिक



टन कचरे के निपटान के लिए 55.54 करोड़ रुपए की लागत से बायोमाइनिंग प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। यह कचरा वर्षों से पर्यावरण और आसपास के लोगों के लिए समस्या बना हुआ है। वैज्ञानिक तरीके से इसके निपटान से शहर को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### कंडम वाहन हटेंगे, पार्किंग से बढ़ेगा राजस्व

*एजेंडे में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए सड़कों पर खड़े पुराने और अनुपयोगी 145 वाहनों को हटाने का प्रस्ताव भी शामिल है। ऐसे वाहन लंबे समय से सड़क और पार्किंग स्पेस घेरकर जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। निगम इन्हें हटाकर न केवल सड़कों को खाली करेगा, बल्कि जुर्माने और कार्रवाई के जरिए अतिरिक्त राजस्व भी जुटाएगा। इसके साथ ही शहर में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया है। प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में नए पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे, जहां पेड पार्किंग सिस्टम लागू होगा। इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी और निगम की आय में भी बढ़ेगी।*

## मुख्य सचिव से आईज़ीआई वेंचर्स के संस्थापक ने की भेंट

# ड्रोन इको-सिस्टम को और मजबूत करने पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन से बुधवार को मंत्रालय में आईज़ीआई वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संस्थापक इशान हैडन ने भेंट की। इस अवसर पर राज्य में ड्रोन इको-सिस्टम को और मजबूत करने, संभावित नई साझेदारियों को विकसित करने तथा इस क्षेत्र में तेज़ी से प्रगति करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस पहल से मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विज़न को सशक्त करते हुए मप्र में उन्नत ड्रोन तकनीक के विकास, स्थानीय रोजगार सृजन और इंडस्ट्री



इको-सिस्टम को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आईज़ीआई कंपनी भारत में नैनो और माइक्रो श्रेणी के ड्रोन सेगमेंट में मप्र सरकार की ड्रोन नीति के तहत राज्य में अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस की शुरुआत कर रही है। आईज़ीआई मप्र में इस स्तर पर ड्रोन निर्माण शुरू करने वाली शुरुआती कंपनी है। ये उन्नत ड्रोन सर्विलांस, टेक्नीकल मिशन, इंफ्रा-स्ट्रक्चर निरीक्षण, सर्वेक्षण तथा विभिन्न औद्योगिक और सुरक्षा उपयोगों के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये ड्रोन जी पी ए स - डि ना इ ड (जीपीएसडिनाइड) परिस्थितियों में भी प्रभावी रूप से संचालन करने में सक्षम होंगे, जिससे इनका उपयोग रक्षा और संवेदनशील क्षेत्रों में और अधिक महत्वपूर्ण होगा।

## खबर संक्षेप




### पीसीपीएनडीटी एक्ट की जांच करने सोनोग्राफी सेंटरों का किया निरीक्षण

**भोपाल।** बैरसिया में संचालित विभिन्न सोनोग्राफी सेंटर्स पर सीएमएचओ टीम ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के तहत निर्धारित अनुमतियों और दस्तावेजों की जांच की गई। सीएमएचओ द्वारा गठित पीसीपीएनडीटी टीम ने शासकीय सिविल अस्पताल बैरसिया, बैरसिया जनरल हॉस्पिटल, ओम डायग्नोस्टिक सेंटर, न्यू बैरसिया जनरल हॉस्पिटल, महाकाल सोनोग्राफी सेंटर का निरीक्षण किया। जिसमें फॉर्म एफ, एएनसी रजिस्टर, चिकित्सकों की उपस्थिति, पीसीपीएनडीटी एक्ट हैंड बुक की उपलब्धता, दिशा-निर्देशों, रेट लिस्ट, आईईसी सामग्री प्रदर्शन की जांच की। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा एक्ट के प्रावधानों के निरंतर अनुपालन के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ भोपाल एवं समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एक्ट ने बताया कि एक्ट के अनुपालन के लिए समय समय पर सोनोग्राफी केंद्रों का निरीक्षण किया जाता है। सिविल अस्पताल बैरसिया में उपलब्ध निशुल्क सोनोग्राफी सेवाओं की जानकारी अस्पताल के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए गए हैं।

### रामनवमी, महावीर जयंती, बुद्ध जयंती पर मांस दुकानें रहेगी बंद

**भोपाल।** चैती चांद के अवसर पर शुक्रवार को नगर निगम की सीमांतर्गत मांस विक्रय की सभी दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। इसी प्रकार 27 मार्च को रामनवमी, 31 मार्च को महावीर जयंतीव शुक्रवार 1 मई को बुद्ध जयंती के अवसर पर मांस विक्रय की दुकाने बंद रहेंगी। निगम की ओर से कहा गया है कि उक्त दिनांकों में यदि कोई भी मांस विक्रय करते हुए पाया गया तो उसका लाइसेंस निरस्त करते हुए पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

## जन-जन तक पहुंचेगी महान सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा: डॉ. यादव

# विक्रमोत्सव: सभी जिला मुख्यालयों में होंगे सूर्य उपासना के कार्यक्रम

**रवींद्र भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में विक्रमोत्सव का सांस्कृतिक महापर्व चल रहा है। हमारे त्योहार मंगल तिथियों पर आते हैं जो विक्रम संवत पर आधारित हैं। इसी क्रम में सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के अवसर पर 19 मार्च को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में सुबह 10 बजे सूर्य उपासना कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन के शिखर पर ब्रह्मध्वज स्थापित होगा और जन -जन तक महान सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा को पहुंचाने के लिए सभी जिलों में सम्राट विक्रमादित्य नाट्य की प्रस्तुति होगी।

आमजन को नववर्ष के महत्व से अवगत कराने के लिए 'भारत का नव वर्ष विक्रम संवत' पुस्तिका का वितरण किया जाएगा। डॉ यादव रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सम्मलित होंगे।

### 'सम्राट विक्रमादित्य' नाट्य की होगी प्रस्तुति



विक्रम उत्सव के अंतर्गत गुरुवार 19 मार्च को प्रातः 10 बजे सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 'सम्राट विक्रमादित्य' विषय पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। संस्कृति विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल द्वारा इस नाट्य प्रस्तुति के लिए नाट्य कला दलों को प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में भेजा जा रहा है, जो स्थानीय स्तर पर 'सम्राट विक्रमादित्य' नाट्य का मंचन करेंगे। गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर में सम्मिलित होंगे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मंदसौर और राजेन्द्र शुक्ल रीवा जिले के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों को भी अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक और वैचारिक कार्यक्रम

महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विक्रम उत्सव का शुभारंभ 15 फरवरी से हुआ है जो 19 मार्च तक चलेगा। इस उत्सव के तहत उज्जैन नगरी में निरंतर विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक और वैचारिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विक्रम उत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली परंपरा, भारतीय संस्कृति और उज्जैन की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भारतीय परंपरा और कला की विविधता से परिचित कराया जा रहा है।

## वर्षा की हर एक बूंद के संचयन का संकल्पबद्ध

### नगर और गांव की जनता की सहभागिता से बनेगा जन-आंदोलन, जल गंगा संवर्धन में इस वर्ष होंगे 2500 करोड़ के कार्य

**आज इंदौर के इस्कॉन मंदिर से तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, 19 मार्च, गुड़ी पड़वा (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के दिन इंदौर के इस्कॉन मंदिर से तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ करेंगे। इंदौर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। इस दिन प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी जल स्रोतों या नदियों के समीप कार्यक्रम आयोजित कर अभियान की शुरुआत की जाएगी। साढ़े तीन माह तक चलने वाले इस प्रदेशव्यापी महाअभियान का समापन 30 जून को होगा। इसमें 18 विभाग शामिल होंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का नोडल विभाग होगा, जबकि नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग सह-नोडल विभाग रहेगा। अभियान के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### हर जिले में प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में होगा क्रियान्वयन

*जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन संबंधित जिले के प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में किया जाएगा। कलेक्टर जिलों में अभियान के नोडल अधिकारी होंगे। उनकी अध्यक्षता में जिला जल गंगा संवर्धन अभियान समिति कार्य योजना तैयार कर मॉनिटरिंग करेगी। इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत-समन्वयक और सभी सहभागी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सदस्य होंगे। स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों, कृषि-अभियांत्रिकी शिक्षण व शोध संस्थानों के प्रतिनिधियों, जिले के प्रतिष्ठित संत व महात्माओं और जिले के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को इस समिति में नामांकित किया जा सकेगा। विकास खंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी होंगे। उनके नेतृत्व में विकास खंड जल गंगा संवर्धन अभियान समिति कार्यों की निगरानी करेगी।*

## वाहन डीलर्स ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और सलाह दी

इंदौर में चार्जिंग के दौरान ईवी कार में आग लगी थी परिजनों की गई थी जान

# ई-व्हीकल में प्रमाणित चार्जर का ही करें उपयोग और रात भर चार्जिंग से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



इंदौर में चार्जिंग के दौरान ईवी कार में आग लगने से 8 लोगों की मौत की घटना ने वाहन चालकों में दहशत फैला दी है। वाहन डीलर्स ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और सलाह दी है कि बैटरी की नियमित चेकिंग और चार्जर के आसपास ज्वलनशील पदार्थ न रखें। विशेषज्ञ चार्जिंग पॉइंट की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आग के संकेतों को जल्दी पहचानने की सलाह देते हैं। भोपाल ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष पांडे ने इंदौर में ई-कार चार्जिंग के दौरान हुई हालिया दुर्घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि घर में अनधिकृत चार्जिंग, खराब वायरिंग और बैटरी में ओवरहीटिंग या शॉर्ट सर्किट आग का कारण बन सकते हैं। उन्होंने प्रमाणित चार्जर का उपयोग करने और रात भर चार्जिंग से बचने की सलाह दी है। पांडे ने कहा कि घर पर चार्जिंग के लिए हाई-क्वालिटी सॉकेट और प्रॉपर अर्थिंग जरूरी है।

हरिभूमि चर्चा

### बैटरी को ओवरहीट होने से बचाने लंबी यात्रा के बाद या कड़ी धूप में सीधे चार्जिंग न लगाएं

आरएमजे मोटर्स ग्रुप के सीएमडी सुनील जैन 501 ने इंदौर में घटित हुई घटना को दुखद घटना कहा। उन्होंने ईवी वाहन चालक और मालिकों को सचेत करते हुए सलाह दी कि बैटरी को ओवरहीट होने से बचाने के लिए लंबी यात्रा के बाद या कड़ी धूप में सीधे चार्जिंग पर न लगाएं। चार्जिंग के दौरान आने वाली हल्की गंध, अजीब आवाज , या धुआं दिखने पर तुरंत अलर्ट हो जाएं। उन्होंने कहाकि इलेक्ट्रिक वाहन सुरक्षा में सुधार के लिए उन्नत बैटरी प्रबंधन प्रणाली, आग प्रतिरोधी केसिंग और वाटरप्रूफिंग महत्वपूर्ण हैं। वे बैटरी के अत्यधिक गर्म होने से बचाने के लिए कठोर परीक्षण, उचित चार्जिंग अनुशासन और पानी से बचाव पर जोर दिया। इसके अलावा चार्जिंग के दरमियान भी सावधानी बरतनी जरूरी है। प्रशिक्षित तकनीशियनों द्वारा ही बैटरी का निरीक्षण और उच्च-वोल्टेज प्रणालियों की जांच की जानी चाहिए।

## एस्केलेटर पर गिरी मां को संभाल रहे युवक के बैग चोरी, ढाई लाख का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमलापति रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर पर गिरी मां को संभाल रहे युवक का अज्ञात बदमाश ने ट्रॉली बैग और हेंडबैग चुरा लिया। ट्रॉली और हेंड बैग में कपड़े, जेवर सहित ढाई लाख का सामान था। घटना की शिकायत युवक ने जीआरपी रानी कमलापति को दी। जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सौरभ माझी, भोपाल में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी में शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार को उन्हें मां और बड़ी मम्मी को लेकर जबलपुर जाना था। मां सुनीता रैकवार और मां सोभना रैकवार को लेकर वह रेलवे स्टेशन की दूसरी एंट्री से प्लेटफार्म जाने के लिए निकले। एस्केलेटर पर चढ़ते समय उनकी मां का बैलेंस बिगड़ गया और वह गिर गई। उन्हें और बड़ी मां को संभालने में ट्रॉली बैग और हेंड बैग पर ध्यान ही नहीं रहा। जब बैग पर ध्यान गया तो बैग चोरी हो चुके थे। ट्रॉली बैग में साढ़े 12 हजार रुपए की नगदी, सोने का कड़ा, करीब 5 तौला कीमत डेढ़ लाख रुपए और सोने की अंगूठी थी। इसके अलावा, इस्तेमाली कपड़े, दवाइयां थी। ट्रॉली बैग के अलावा हेंडबैग में इस्तेमाली कपड़े, सोने की एक जोड़ी झुमकी थी।

## 23 मार्च को मनाया जाएगा बिहार दिवस



**भोपाल।** बिहार फाउंडेशन द्वारा भोपाल में अपने नए चैप्टर की स्थापना की गई है। इस अवसर पर बिहार फाउंडेशन भोपाल चैप्टर के पदाधिकारियों की बैठक छठ पूजा घाट भेल में आयोजित की गई, जिसमें आगामी 23 मार्च को बिहार दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में अध्यक्ष आरएसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट, पीपुल्स, आईसर, अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी सहित छह दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी के कोर्ट, जेके हॉस्पिटल, पीपुल्स यूनिवर्सिटी, आईसर, अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी, सहित नापतोल विभाग और पास्पोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने का धमकी भरा मेल आया है। यह जानते हुए भी मेल फर्जी है। पुलिस की बम स्क्वॉड टीम ने दफ्तरों को खाली कराकर गहन चेकिंग की। चेकिंग में धमकी भरा मेल अफवाह निकला। उल्लेखनीय है कि धमकी भरा मेल भेजने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी महीनेभर में पीपुल्स और पास्पोर्ट कार्यालय को बम उसे उड़ाने की धमकीभरा मेल आ चुका है। इसके अलावा मौसम विभाग को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

## रानी कमलापति स्टेशन पर व्यवस्थाओं का वाणिज्य प्रबंधक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में पमरे जबलपुर अरविंद कुमार रजक द्वारा रानी कमलापति स्टेशन एवं नवनिर्मित मण्डल नियंत्रण कार्यालय का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान रानी कमलापति स्टेशन पर उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधन, स्टेशन विकास, स्वच्छता, मेट्रो कनेक्टिविटी एवं मंडल स्तर पर संचालित परिचालन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

रजक द्वारा रानी कमलापति स्टेशन के निरीक्षण के दौरान द्वारा प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, एस्केलेटर, लिफ्ट, पेयजल व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली, शौचालयों, पार्किंग क्षेत्र एवं ट्रेन संचालन से जुड़े प्राविधिक बिंदुओं



का निरीक्षण करते संतोष व्यक्त किया। स्टेशन की साफ-सफाई को देखकर रजक द्वारा सफाई कर्मियों की सराहना की। रानी कमलापति स्टेशन पर मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म से कनेक्टिविटी का निरीक्षण करते हुए बंसल पाथवे के अधिकारियों को मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म से कनेक्टिविटी और अधिक बेहतर के लिए निर्देशित किया। मंडल कार्यालय के नवनिर्मित मंडल नियंत्रण कार्यालय का रजक द्वारा निरीक्षण किया।

## नेशनल डिफेंस कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी मकवाणा से की भेंट

**भोपाल।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी), नई दिल्ली के नेशनल सिक्योरिटी एंड स्ट्रैटेजिकस्टडीज़ कोर्स के तहत अध्ययन भ्रमण पर आए एक उच्चस्तरीय 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से भेंट कर राष्ट्रीय एवं आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत संवाद किया। यह प्रतिनिधिमंडल नरोन्हा प्रशासन अकादमी में अपने अध्ययन कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश के दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय सिविल सेवा के अधिकारी तथा मित्र देशों के सैन्य अधिकारी शामिल हैं।

## राजधानी के 4 सरकारी स्कूलों के बदले नाम, डीपीआई ने जारी किए आदेश, बैरसिया क्षेत्र में हैं विद्यालय

# शास. उमावि रूनाहा अब शास. सरदार वल्लभ भाई पटेल उमावि रूनाहा होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बैरसिया क्षेत्र के चार सरकारी स्कूलों के नामों में बदलाव किया गया है। जिसके अनुसार अब इन स्कूलों का नामकरण राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय महापुरूषों के नाम पर किया जाएगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने भोपाल कलेक्टर को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए है। लोक शिक्षण मप्र संचालक डीएस कुशवाह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा है कि बैरसिया क्षेत्र के शासकीय उमावि रूनाहा, शास. उमावि गुनगा, शास. पीएम श्री उमावि, ईटखेड़ी और शास. हाईस्कूल धमर्रा के नाम राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय महापुरूषों के नाम पर रखे जाने के संबंध में कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

### अब यह होंगे स्कूलों के नाम

- *शास. उमावि रूनाहा अब शास. सरदार वल्लभ भाई पटेल उमावि रूनाहा होगा*
- *शास. उमावि गुनगा अब शास. पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा उमावि होगा*
- *ईटखेड़ी स्थित शास. पीएमश्री उमावि अब शास. विनायक दामोदर सावरकर पीएमश्री उमा विद्यालय होगा*
- *धमर्रा स्थित शास हाईस्कूल अब शास. गौरी शंकर कौशल हाईस्कूल होगा।*

## संकुल को देना होगा प्रमाण पत्र

# पात्रता परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों की सूची होगी तैयार

**भोपाल संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जेडी ने जारी किए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल संभाग के जिलो में शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा जुलाई-अगस्त में आयोजित हो सकती है। ऐसे में इस परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

भोपाल संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों की सूची तैयारी कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही 31 मार्च तक संकुल स्तर से प्रमाण पत्र भी मंगाए गए है।

### यह है पूरा मामला

*भोपाल संभाग के संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरविंद चौरगडे ने जारी आदेश में सर्वोच्च न्यायलय और लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि भोपाल संभाग में कार्यरत प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के सभी संवर्गों के शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा का आयोजन जुलाई-अगस्त 2026 में संभावित हैं। ऐसे में सभी प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों के सभी संवर्गों के शिक्षकों को जो पूर्व से पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं, को परीक्षा में शामिल होने के लिए सूचित किया जाए। इसके साथ ही इन शिक्षकों के नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर और हस्ताक्षर सहित सूची संकुल स्तर पर संधारित करते हुए प्रमाण पत्र इस कार्यालय को 31 मार्च तक भेजे जाएं।*

## 26 टन गोमांस की तस्करी के मामले के आरोपी असलम चमड़ा को जमानत

**न्यायाधीश ने आरोपी को सशर्त जमानत पर रिहा किए जाने के आदेश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्लाटर हाउस से गोमांस तस्करी कर भोपाल से बाहर भेजने के मामले के जेल में बंद आरोपी स्लॉटर हाउस के संचालक असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा के नियमित जमानत के आवेदन को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन ने सुनवाई के बाद स्वीकार कर आरोपी को 35000 रूपए की जमानत एवं इतनी ही राशि के बंधपत्र पर जेल से रिहा किए जाने के आदेश पारित किए हैं। आरोपी के अधिवक्ता जगदीश गुप्ता ने आरोपी को निर्दोष बताते हुए उसके जमानत को स्वीकार किए जाने का अनुरोध किया था। शासकीय अधिवक्ता ने आरोपी के अपराध की गंभीर प्रवृत्ति को देखते हुए उसके जमानत आवेदन को अस्वीकार कर निरस्त किए जाने का अनुरोध किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी के जमानत आवेदन को , स्वीकार कर लिया।

न्यायाधीश ने आरोपी को सशर्त जमानत पर रिहा किए जाने के आदेश दिए हैं। न्यायालय की शर्त के अनुसार आरोपी असलम कुरेशी उर्फ चमड़ा विचारण न्यायालय में नियमित रूप से उपस्थित होता रहेगा। प्रकरण के विचारण में बाधा उत्पन्न नहीं करेगा एवं अनावश्यक स्थगन नहीं मांगेगा।

## बिस्तर पर निर्भर हो चुकी महिला को मिली नई जिंदगी

# एम्स में दुर्लभ स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर की जटिल सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की 40 वर्षीय महिला पिछले कई महीनों से गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रही थी। उनकी हालत इतनी खराब हो गई थी कि वे बिस्तर से उठ भी नहीं पा रही थीं। साथ ही उन्होंने मल और मूत्र पर नियंत्रण भी खो दिया था, जिससे उनके दैनिक जीवन और आत्मसम्मान पर गहरा असर पड़ रहा था। जांच के दौरान उनके स्पाइनल कॉर्ड के अंदर एक दुर्लभ इंट्रामेडुलरी ट्यूमर पाया गया, जो स्पाइनल श्वाननोमा के केवल लगभग 1.1 प्रतिशत मामलों में ही देखा जाता है।

यह स्थिति रीढ़ की सर्जरी में सबसे कठिन मानी जाती है, क्योंकि थोड़ी सी गलती भी स्थायी लकवा का कारण बन सकती है।




### मरीज के परिजनों ने छोड़ दी थी उम्मीद

*मरीज और उनके परिवार ने इलाज के लिए कई अस्पतालों का रुख किया, लेकिन कहीं सर्जरी टाल दी गई तो कहीं इसे बहुत जोखिम भरा और महंगा बताया गया। लगातार निराशा और आर्थिक परेशानी के बीच परिवार ने उम्मीद लगभग छोड़ दी थी। ऐसे समय में वे एम्स भोपाल पहुंचे। डॉ. पंकज मिश्रा के नेतृत्व में ऑर्थोपेडिक्स विभाग की टीम ने इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी की पूरी तैयारी की। उन्नत जांच तकनीकों और सावधानीपूर्वक योजना के साथ ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दौरान माइक्रोसर्जिकल तकनीक का उपयोग करते हुए स्पाइनल कॉर्ड के भीतर से ट्यूमर को हटाया गया और महत्वपूर्ण नसों को सुरक्षित रखा गया। इस जटिल सर्जरी को सफल बनाने में कई विभागों का योगदान रहा। एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. एसआरएएन. भूषण ने ऑपरेशन के दौरान मरीज की स्थिति को स्थिर बनाए रखा। वहीं शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग के डॉ. विट्ठल पुरी ने सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी और सामान्य कार्यक्षमता वापस दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खास बात यह रही कि पूरा इलाज भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क किया गया, जिससे मरीज और उसके परिवार पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं पड़ा। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार देखा गया। उन्होंने धीरे-धीरे अपनी ताकत वापस पाना शुरू कर दिया और मल-मूत्र पर नियंत्रण भी पुनः प्राप्त कर लिया है। जो जीवन पहले पूरी तरह बिस्तर तक सीमित हो गया था, वह अब धीरे-धीरे सामान्य और आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ रहा है।*

### आरएनटीयू में इंटर-अफ्रीकन स्टूडेंट्स फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# जिम्बाब्वे बनी विजेता, फाइनल में लाइबेरिया टीम को 3-0 से हराया

### प्रतियोगिता में भोपाल में अध्ययनरत अफ्रीका के तीन देशों जिम्बाब्वे, नाइजीरिया व लाइबेरिया के छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल सेल द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में इंटर-अफ्रीकन स्टूडेंट्स फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं भोपाल में अध्ययनरत अफ्रीकी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट में मुख्य रूप से अफ्रीका के तीन देशों जिम्बाब्वे, नाइजीरिया और लाइबेरिया की टीमों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता का पहला मैच नाइजीरिया और जिम्बाब्वे के बीच खेला गया, जिसमें जिम्बाब्वे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2—0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मुकाबला जिम्बाब्वे और लाइबेरिया के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने पूरे मैच में बेहतरीन खेल और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक मैच 0—0 से बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूट-आउट के माध्यम से किया गया। पेनल्टी शूट-आउट में जिम्बाब्वे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल किए, जबकि लाइबेरिया की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। इस प्रकार जिम्बाब्वे टूर्नामेंट का विजेता बना, जबकि लाइबेरिया उपविजेता रही।

प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ. संगीता जौहरी दिन इंटरनेशनल सेल डॉ. रितु कुमारन ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जिम्बाब्वे के टाडू को टूर्नामेंट का टॉप गोल स्कोरर घोषित किया गया, जबकि युगांडा के जैफसन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। वहीं जिम्बाब्वे के न्याशा को बेस्ट गोलकीपर के रूप में सम्मानित किया गया।



जिम्वॉब्वे की टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते विश्वविद्यालय के पदाधिकारी।


मैच में गोल के लिए संघर्ष करती जिम्बाब्वे की टीम।

### अफ्रीकी छात्र लुअल को समर्पित था यह टूर्नामेंट

यह टूर्नामेंट केवल खेल प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अवसर भी था। यह आयोजन विश्वविद्यालय के एक अफ्रीकी छात्र लुअल की स्मृति को समर्पित था, जिनका पिछले वर्ष 16 अक्टूबर 2025 को बीमारी के कारण निधन हो गया था। इस टूर्नामेंट के माध्यम से भोपाल में रह रहे अफ्रीकी छात्रों और उनके मित्रों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन ने न केवल खेल भावना और अंतरराष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया, बल्कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत अफ्रीकी छात्रों के बीच आपसी सहयोग, मित्रता और समुदाय की मजबूत भावना को भी उजागर किया। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव रहा।

### पिता के घर से 15 हजार रुपए लेकर निकला था, मौके से सल्फास के पांच पैकेट मिले

# पुलिसकर्मी के घर किराए से रहने आए युवक ने जहर खाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुरी कॉलोनी में एक पुलिसकर्मी के घर दो दिन पहले किराए से रहने आए युवक ने सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। वह ड्रायवर था और के खुद के वैन आदि वाहन स्कूल के बच्चों को लाने-ले जाने काम करते थे। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले वह अलमारी में रखे पिता के 15 हजार रुपए लेकर घर से निकला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक न्यू बस्ती सिकंदराबाद थाना रातीबड़ निवासी मनीराम यादव और उनका बेटा जयदीप यादव (23) पेशे से ड्रायवर हैं और खुद की गाड़ियां स्कूल के बच्चों को लाने-ले जाने के लिए चलाते हैं। दो दिन पहले जयराम यहां नीलबड़ स्थित जगन्नाथपुरी कॉलोनी में एक पुलिसकर्मी के घर किराए से रहने आया था। मंगलवार को वह अपने घर सिकंदराबाद गया और वहां से अलमारी में रखे पिता के 15 हजार रुपए लेकर निकल गया। परिजनों को पता चला था कि वह जगन्नाथपुरी में किराए के मकान में रह रहा है। बुधवार सुबह परिजन उसे खोजते हुए जगन्नाथपुरी पहुंचे, वहां जयराम अचेत हालत में पड़ा मिला। फौरन उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से सल्फास के पांच पैकेट मिले हैं।

# एक जिला एक उत्पाद समिट 22 मार्च को रतलाम में

### रतलाम के खाद्य उद्योगों के सशक्तिकरण की विशेष पहल

- एमएसएमई मंत्री काश्यप करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** रतलाम जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों एवं रतलामी नमकीन उद्योग से जुड़े व्यवसायियों के समग्र विकास, विपणन विस्तार तथा प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 22 मार्च रविवार को रतलाम में एक दिवसीय एक जिला-एक उत्पाद समिट आयोजित की जाएगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप समिट का शुभारंभ करेंगे। समिट का आयोजन होटल बालाजी सेन्ट्रल, सैलाना रोड, रतलाम में होगा। एमएसएमई के आयुक्त दिलीप कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय नमकीन एवं खाद्य उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, उद्योगों को बड़े ब्रांड्स एवं संगठित बाजारों से जोड़ना तथा शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करना है, जिससे रतलामी पहचान को विख्यात किया जा सके।

**सार्वजनिक-सूचना**

(एमआईजी डुप्लेक्स क्रमांक 249 सेक्टर ए, स्वामी विवेकानंद परिसर कटारा हिल्स वार्ड 85 के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार बैंक म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा-अरेरा कॉलोनी, भोपाल से ऋण प्राप्त करने के लिये श्री हरि प्रसाद मीना आत्मज श्री शंकर लाल मीना ने एक सम्पत्ति एमआईजी डुप्लेक्स क्रमांक-249 सेक्टर ए, जो कि 826.36 वर्गफिट अर्थात 76.80 वर्गमीटर है जो स्वामी विवेकानंद परिसर वार्ड 85 तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाये, पूर्व में रोड, पश्चिम में अन्य की भूमि, उत्तर में डुप्लेक्स नं-248, दक्षिण में डुप्लेक्स नं 250, को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया है, जो विचाराधीन है। अतः भविष्य मे उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की उपरोक्त एमआईजी डुप्लेक्स क्रमांक-249 यदि किसी वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, व्यक्ति या संस्था के पास विक्रय, बंधक, दान विक्रय अनुबंध, अधिकार पत्र हो, अथवा उक्त एमआईजी डुप्लेक्स क्रमांक- 249 में किसी भी प्रकार का हित धारित करता हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरी पक्षकार बैंक एमआईजी डुप्लेक्स क्रमांक- 249 को बंधक रखकर ऋण प्रदान करने को अग्रसर होवेगी।

**सुभाष धोटे** (अधिवक्ता)
ऑफिस-506, आलिव-59-डी, ई-8-एक्सटेंशन, बावडियाकलॉ, भोपाल-462026
मो-9425079041

**जाहिर सूचना**

(भूमि खसरा क्रमांक- 332/11 कुल रकबा 0.24 हेक्टेयर अर्थात 10455 वर्गफिट जो कि ग्राम बरखेडा पठानी जिला भोपाल )

मैं अपने पक्षकार द्वारा निर्देशित किये जाने से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ, की मेरे पक्षकार के द्वारा 1. जटा शंकर प्रसाद आत्मज श्री भभूति प्रसाद 2. गिरजा शंकर प्रसाद आत्मज श्री भभूति प्रसाद 3. रवि शंकर प्रसाद आत्मज श्री भभूति प्रसाद 4. शीला देवी प्रसाद पत्नि स्व श्री उमाशंकर प्रसाद 5. अभिषेक कुमार प्रसाद आत्मज स्व श्री उमाशंकर प्रसाद समस्त निवासी-791 एन-2 बी सेक्टर पिपलानी भोपाल (म.प्र.) के स्वामित्व व अधिपत्य का जो कि एक किता भूमि जिसका खसरा क्रमांक-332/11 कुल रकबा 0.24 हेक्टेयर अर्थात 10455 वर्गफिट जो कि ग्राम बरखेडा पठानी पटवारी हल्का 19 नगर निगम सीमा के अन्दर वार्ड 56, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.), मे मुख्य मार्ग से दूर स्थित है जो कि निम्नलिखित चतुर्थ सीमाओं पर स्थित है दिशा पूर्व में भूमि अन्य की, दिशा पश्चिम में रास्ता रास्ते हेतु छोडने वाली 10 फिट चौडी भूमि, दिशा उत्तर में भूमि हरबंस गिरी, दिशा दक्षिण में भूमि अन्य की, जिसको क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन कर लिया गया है, अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की यदि उपरोक्त संव्यवहार से किसी बैंक, व्यक्ति, संस्थान, फर्म शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय, या कोई हितधारी, इत्यादी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के दस दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो के आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा उपरोक्त समय अवधि के उपरांत कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार और भूमि स्वामियों पर मान्य नहीं होगी।

भवदीय **शरद भार्गव** (अधिवक्ता)
नितिन बोर्डे (अधिवक्ता)
कार्यालय - म.न. 244 एम-बी, राजहर्ष कोलोनी, कोलार रोड भोपाल मो.:- 9522120202

**कार्यालय नगर निगम, भोपाल**
जोन क्रं. 19

क्र. 160/ या.वि./2026 — **निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र** — भोपाल, दिनांक 18.03.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज रेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | ठेकेदार श्रेणी | निविदा कार्य करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_477029_2 | CONST. OF BOUNDARY WALL WITH CHAINLINK FENCING AT 610 QTR. NEAR MATA MANDIR AND AMBEDKAR PARK AND OTHER PLACES AT W-84, Z-19. | 12,68,200/- | as per centralized registration | 24-03-26 | 6:00 PM |
| 2. | 2026_UAD_479695_2 | PROVIDING AND FIXING R.C.C. BENCHES AT VARIOUS PLACES W-81, Z-19. | 3,00,000/- | as per centralized registration | 24-03-26 | 6:00 PM |

नियम व शर्तेः-
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

**सहायक यंत्री (सिविल)**
**नगर निगम भोपाल**

नि.क्र. 3347/025/026

**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Bhopal - 462004, Web. : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in
CIN - U41000MP2012SGC028798

NIT No. 33/Proc./MPJN/2025-26 — Bhopal, Dated 17.03.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam, Bhopal invites online Tender for Hiring of Agency for Housekeeping, Gardening & Security services for Madhya Pradesh Jal Nigam Head Office at Bhopal through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | Name of Work | Probable Amount of Contract (INR) | Cost of Tender Form (INR) | EMD (INR) | Time Duration |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | Hiring of Agency for Housekeeping, Gardening & Security services for Madhya Pradesh Jal Nigam Head Office at Bhopal | 88,76,354/- | 10,000/- | 88,800/- | 1 Year |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from 18.03.2026, 17:30 Hrs. Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
M.P. Government E-Procurement **Portal - https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124971/2026 — **MANAGING DIRECTOR**

**सीएम से मिले भाजपा प्रदेश सह प्रभारी उपाध्याय:** भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की।

**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**

M.P. Online Help Line 0755-6720200

**भोपाल के विभिन्न स्थानों पर भवन/भूखण्ड/ऑफिस हॉल एवं रायसेन में ई.डब्ल्यू.एस. भवन यथास्थिति में ऑफर के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध**

ई-ऑफर 15.04.2026 (रात्रि 23:59 बजे तक)

| क्र. | योजना का नाम | उपलब्ध भवन क्रमांक | भवन का निर्मित क्षेत्रफल (व.मी.) | युक्तियुक्तकरण में अपसेट मूल्य (रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रु./जी.एस.टी.सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **द्वारिका परिसर अरविन्द विहार बागमुगालिया भोपाल में फ्लैट** | | | | | | |
| 1. | HIG 2BHK (5th Floor) | 618, 619, 620 (कुल 03) | 92.68 | 32.12 | 6.43 | 2360/- |
| 2. | Office Hall (Block-E) | 2, 4, 8, 10, 12 (कुल 05) | 186.00 | 157.72 | 23.66 | 4720/- |
| 3. | Office Hall (Block-E) | 3, 7, 9, 11 (कुल 04) | 195.00 | 157.72 | 23.66 | 4720/- |
| 4. | पूर्वांचल परिसर बागमुगालिया के फ्लैट 3BHK | 301, 304, 402, 403 (कुल 04) | 110.50 | 35.31 | 7.06 | 2360/- |
| 5. | कृषि उपज मंडी के पास रायसेन में ई.डब्ल्यू.एस. आवासीय भवन. | 23, 28, 35 से 39, 66 से 74, 76 से 80, 87 से 89 एवं 91 से 93, 83, 84, 86, 94 से 97, 100, 101, 21, 40, 65, 82 एवं 101-ए | 20.28 | 4.19 से 4.44 तक | 0.84 से 0.89 तक | 590/- |
| 6. | ''आम्रपाली आर्केड व्यावसायिक परिसर'' बागमुगालिया एक्सटेंशन भोपाल में ऑफिस चेम्बर. | ए-10, ए-12, ए-11, ए- 5 एवं ए-8, ए-6 एवं ए-7, सी-1, सी-2, सी-4, सी-5, सी-6, सी-8 | 16.94 से 37.62 | 9.96 से 22.15 तक | 1.99 से 4.43 लाख तक | 1770/- |

**व्यावसायिक/शाला भूखण्ड, अयोध्या नगर, भोपाल।**

| क्र. | योजना का नाम | उपलब्ध भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | युक्तियुक्तकरण में अपसेट मूल्य (रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रु./जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भूखण्ड एम-सेक्टर (सरस्वती स्कूल के पास) | भूखण्ड का क्षेत्रफल- 2352.00 व.मी. | रु. 916.67 लाख | रु. 137.50 लाख | 5900/- |
| 2. | भूखण्ड के-सेक्टर (एच.आई.जी. 20 के पास) | भूखण्ड का क्षेत्रफल-1848.00 व.मी. | रु. 721.06 लाख | रु. 108.16 लाख | 5900/- |
| 3. | शाला भूखण्ड जी-सेक्टर | भूखण्ड का क्षेत्रफल-4298.70 व.मी. | रु. 247.07 लाख | रु. 37.06 लाख | 2360/- |

**नोट :-** (1). ऑफर स्वीकृत होने पर रू. 50.00 लाख या उससे अधिक की अपसेट मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 आसान किश्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। (2). संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मण्डल नियमानुसार धरोहर राशि की 50 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी। (3). ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/संपत्ति का अवलोकन कर लें। (4). शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित लीजरेन्ट एवं प्रकोष्ठ भवनों के मूल्य का 5% कार्पस फंड एवं अन्य कर/शुल्क पृथक से देय होंगे। (5). आवेदन शुल्क एवं धरोहर राशि ONLINE /RTGS से जमा होगी। रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (6). आवेदन धरोहर राशि **जमा करने की अंतिम तिथि 15.04.2026.** (7). ऑफर डालने की **अंतिम तिथि 16.04.2026 सायं 5.00 तक।** (8). **ऑफर दिनांक 17.04.2026 को सायं 3.00 बजे खोले जावेगे।** (9). मण्डल/शासन के नियम/शर्त लागू। (10) योजना की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mphousing.in पर उपलब्ध।

**संपर्क :-** एम.पी. खरे (सहायक यंत्री) मो. 9827290842 (अयोध्या हेतु), संतोष चतुर्वेदी (उपयंत्री) मो. 9406912066 (बागमुगालिया हेतु), श्रीमती स्नेहा सोनी (संपदा प्रबंधक) मो. 9713055625, श्रीमती राजकुमारी मालयान (संपदा प्रबंधक) मो. 9826853657.

**(राजेश शुक्ला, संपदा अधिकारी)**
**प्रक्षेत्र-2, भोपाल। मो. 9425012768**

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

**पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।**

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in — म.प्र. माध्यम/125002/2026

**MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY**
(Established Under an Act of State Assembly, 1991)
Raja Bhoj Marg, Chuna Bhatti, Kolar Road Bhopal, Madhya Pradesh-462016

**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्रत्यायित एक मात्र शासकीय विश्वविद्यालय**

- सत्र (जनवरी-दिसम्बर) 2026 अंतिम तिथि 30 मार्च, 2026
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP) सत्र 2022-23 से लागू। न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त अध्ययन सामग्री।
- पाठ्यक्रम/विषय/क्षेत्रीय केन्द्र/अध्ययन केन्द्र परिवर्तन की सुविधा। उम्र का बन्धन नहीं।
- नेटवर्किंग सक्षमता निर्माण संसाधनों को साझा करके और गुणवत्ता सुनिश्चित करके राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर दूरस्थ शिक्षा का प्रसार।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) के नियमों के अनुसार प्रवेश शुल्क की वापसी।

Our Motto- "Embrace, Engage, Enlighten and Empower" | हमारा लक्ष्य-शिक्षा वंचितों तक पहुंचना | UGC-DEB/AICTE/RCI/NCTE/NCVET से अनुमोदित पाठ्यक्रमों का संचालन

| Bachelor Programmes | PG Diploma Programmes |
|---|---|
| BA | PG Diploma in Cyber Security |
| BSC (Bio/Maths) | PG Diploma in Management Logistics and Supply Chain Mgt |
| B.Sc. (Cyber Security) | PG Diploma in Event Management |
| B.Sc (Data Science) | PG Diploma in Energy Management |
| B.Com | PG Diploma in Tribal Development |
| Bachelor of Library and Information Science (B.LIS) | PG Diploma in Artificial Intelligence and Data Science |
| Bachelor of Journalism (BJ) | PG Diploma in Fin Tech |
| BBA (Bachelor of Business Administration) | |
| BCA (Bachelor of Computer Application) | **Diploma Programmes** |
| **Bachelor Honours Programmes** | Diploma in Business Administration (DBA) |
| B.A. (Honours) Political Science | Diploma in Management (DIM) |
| B.A. (Honours) Hindi | Diploma in Computer Application (DCA) |
| B.Sc (Honours) Chemistry | Diploma in Nutrition and Health Education (DNHE) |
| B.Sc (Honours) Botany | Ramcharitra manas se samajik vikas me Diploma (RSSM) |
| B.Sc (Honours) (Cyber Security) | Diploma in Logistics and Supply Chain Management (DLSCM) |
| B.Sc. (Honours) (Data Science) | Diploma in Tribal Development (DTD) |
| B.Com (Honours) | Diploma in Travel and Tourism (DTT) |
| BBA (Honours) | Diploma in Rural Management (DRM) |
| BCA (Honours) | Diploma in Event Management (DEVM) |
| **PG Programmes** | Diploma in Energy Management (DEM) |
| MBA (General) | Diploma in Cyber Security (DCS) |
| MBA (Material Management) | Diploma in Data Science (DDS) |
| MBA (STEM) | Diploma in AI & Data Science (DADS) |
| MBA (Lateral Entry) | Diploma in Bhagwat Geeta (DBG) |
| MCA | **Certificate Programmes** |
| MCA (Lateral Entry) | Certificate in Human Right (CHR) |
| M.Com | Certificate in Rural Development (CRD) |
| MA (Hindi Lit.) | Certificate in Indian Literature |
| MA (English Lit.) | Certificate in Written and Spoken Sanskrit |
| MA (Political Science) | Certificate in Introduction to Vedas |
| MA (Economics) | Certificate in Indic Philosophy |
| MA (Sociology) | Certificate in Ayurvedic Dietetics |
| MA (History) | Certificate in Indian Education and Holistic Development |
| MA (Geography) | Certificate in Basic of Intellectual Property Rights |
| MSW | Certificate in Indian Cultural Heritage |
| Master of Journalism | Certificate in Introduction to Yoga Nidra |
| Master of Science (Cyber Security) | Certificate in Organic Farming |
| M.Sc. (Botany) | Certificate in Sociology of Gerontology |
| M.Sc. (Maths) | Certificate in Mushroom Production |
| M.Sc. (Physics) | Certificate in Medicinal Plants from Traditional use to Sustainable Utilization |
| M.Sc. (Chemistry) | |
| M.Sc. (Zoology) | |
| M.Sc. (IT) | |

**आवेदन करने की प्रकिया :-**
प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए स्वयं आवेदक **www.mpbou.edu.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। 2. असुविधा होने पर नजदीकी कियोस्क पर जाकर प्रवेश आवेदन एवं फीस जमा की जा सकती है। 3. अर्हतादायी प्रमाण पत्र की छायाप्रतियों तथा मूल अंकसूची एवं अन्य मूल दस्तावेज के मिलान कराकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराए।

**प्रवेश हेतु जानकारी के लिए लिंक**
https://mpbou.mponline.gov.in/portal/services_bhoj.aspx?groupid=1

**विशेष**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों तथा मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में प्रवेशित विद्यार्थी अब एक साथ दो पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकते हैं। एक पाठ्यक्रम किसी भी महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय से नियमित विद्यार्थी के रूप में, जबकि दूसरा पाठ्यक्रम मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय से दूरस्थ माध्यम के अंतर्गत, विद्यार्थी चाहें तो एक साथ दोनों पाठ्यक्रम भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय से भी पूर्ण कर सकता है। प्रदेश के सभी शासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय हमारे अध्ययन केन्द्र हैं। विद्यार्थी प्रवेश व अन्य जानकारी हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य अथवा समन्वयक से संपर्क कर सकता है। बी.एड./डी.एल.एड. (सामान्य) के लिए डॉ. हेमंत सिंह केसवाल (7696569224) तथा श्री संजय गुलाटी (9826392619), बी.एड. विशेष शिक्षा हेतु डॉ. ज्योति पाराशर (9425365725) तथा अन्य पाठ्यक्रमों के लिए डॉ. रतन सूर्यवंशी, निदेशक (9329823741), डॉ. राजवती दीपांकर (8349280917), आई.टी. विभाग से संबंधित जानकारी के लिए उपनिदेशक आई.टी. डॉ. प्रज्ञा ओझा (9755294824) एवं प्रोग्रामर डॉ. राजेश सक्सेना (9827736834) तथा परीक्षा/प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए निदेशक (प्र.मू.) डॉ. सतीश पाटिल (7067425675) तथा उपनिदेशक डॉ. मधुकर इटेवार (8817440127) से सम्पर्क किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/124963/2026 — कुलसचिव

## चिंतन

# युद्ध रुकवाने में कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करे भारत

दुनिया एक बार फिर अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। अलग-अलग मोर्चों पर भड़कते संघर्ष न केवल क्षेत्रीय शांति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गहरा असर डाल रहे हैं। ऐसे समय में भारत की कूटनीतिक भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत ने हमेशा से ही एक संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी विदेश नीति अपनाई है, जो आज के जटिल वैश्विक परिदृश्य में उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो, अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन का दौर हो या पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव। भारत ने हर मोर्चे पर अपने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ वैश्विक संतुलन को भी प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि भारत एक साथ रूस से हथियार और ऊर्जा संसाधन लेता है तो यूक्रेन के साथ भी मानवीय संबंध बनाए रखता है। यह संतुलन केवल नीति नहीं, बल्कि एक परिपक्व कूटनीतिक सोच का प्रतीक है। आज स्थिति यह है कि भारत के संबंध अमेरिका, इजराइल और ईरान तीनों के साथ मजबूत और विश्वासपूर्ण हैं। यही कारण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र से भारत के तीन जहाज (दो एलपीजी के और तेल से भरा) सुरक्षित निकलकर देश तक पहुंच पाए हैं। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद पर आधारित कूटनीति का परिणाम है। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत इस स्थिति का उपयोग केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित रखे या फिर एक बड़ी वैश्विक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में कदम बढ़ाए? स्पष्ट रूप से, यह समय भारत के लिए एक निर्णायक अवसर लेकर आया है। भारत यदि चाहे तो वह एक मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए युद्ध विराम की दिशा में पहल कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले कुछ वर्षों में एक नया आत्मविश्वास प्राप्त किया है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन द्वारा भारत के साथ संवाद स्थापित करना और मानवीय सहायता को स्वीकार करना इस बात का संकेत है कि भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, युद्ध में शामिल पक्षों के अपने-अपने रणनीतिक हित, राजनीतिक दबाव और क्षेत्रीय समीकरण हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता आसान नहीं होती। इतिहास गवाह है कि कठिन परिस्थितियों में ही बड़े कूटनीतिक कदम उठाए जाते हैं। भारत के पास वह नैतिक आधार, विश्वसनीयता और संतुलित दृष्टिकोण है, जो उसे इस भूमिका के लिए उपयुक्त बनाता है। दिलचस्प यह भी है कि घरेलू राजनीति में मतभेदों के बावजूद, विदेश नीति के इस पहलू पर व्यापक सहमति दिखाई दे रही है। कांग्रेस नेताओं जैसे शशि थरूर और मनीष तिवारी द्वारा सरकार की कूटनीति की सराहना यह दर्शाती है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर एक साझा दृष्टिकोण बन रहा है। यह भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का भी संकेत है। आज दुनिया को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो टकराव के बजाय संवाद को प्राथमिकता दे। जो शक्ति प्रदर्शन के बजाय शांति स्थापना को महत्व दे। भारत की परंपरा "वसुधैव कुटुंबकम" इसी विचार को आगे बढ़ाती है। यह केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक कूटनीतिक दर्शन है, जिसे आज के समय में लागू करने की आवश्यकता है। अब समय है पहल का, क्योंकि शांति की हर कोशिश भविष्य को सुरक्षित बनाती है।



विभीषिका
ममता कुशवाहा

# विनाश के बीच विलुप्त होती संवेदनाएं

युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता। निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

आज जब विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण के सहारे मानव सभ्यता अभूतपूर्व प्रगति के शिखर की ओर अग्रसर है, उसी समय विश्व के अनेक हिस्सों में युद्ध का उन्माद मानवीय मूल्यों को रौंदता हुआ आगे बढ़ रहा है। यह विरोधाभास अत्यंत पीड़ादायक है कि एक ओर मनुष्य अंतरिक्ष में नई सीमाएं खोज रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जीवन को सुगम बना रहा है, वहीं दूसरी ओर उसी मनुष्य के भीतर हिंसा, प्रतिशोध और वर्चस्व की प्रवृत्तियां इतनी प्रबल हो उठी हैं कि वह अपने ही अस्तित्व के मूल आधार मानवता को नष्ट करने पर आमादा है। गाजा से लेकर यूक्रेन और अफगानिस्तान तक फैले युद्ध के दृश्य यह संकेत देते हैं कि आधुनिक सभ्यता की चमक के पीछे एक गहरा अंधकार भी मौजूद है, जिसमें संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता।

निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। अस्पताल, जो जीवन बचाने का प्रतीक होता है, जब वही विनाश का केंद्र बन जाए तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर प्रहार है। चार सौ निर्दोष लोगों की मृत्यु केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि चार सौ परिवारों के उजड़ने की कहानी है, चार सौ सपनों के टूटने की पीड़ा है। अंतरराष्ट्रीय कानून और युद्ध संबंधी नियम, जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन जैसे समझौतों के माध्यम से स्थापित किया गया है, स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करते हैं कि युद्ध के दौरान नागरिकों, अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी शिविरों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। इन नियमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध की विभीषिका के बीच भी कुछ मानवीय मर्यादाएं बनी रहें। किंतु वर्तमान समय में इन नियमों का उल्लंघन जिस निर्लज्जता के साथ किया जा रहा है, वह चिंताजनक है।

यह केवल नियमों की अवहेलना नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि शक्ति और प्रभुत्व की राजनीति ने नैतिकता को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया है। युद्ध के पीछे निहित कारणों की पड़ताल करें तो स्पष्ट होता है कि यह केवल सीमाओं या संसाधनों का संघर्ष नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक स्वार्थ और वैश्विक शक्ति संतुलन की जटिलताएं भी शामिल हैं। जब राष्ट्र अपने हितों को सर्वोपरि मानकर निर्णय लेते हैं तो वे अक्सर मानवीय मूल्यों की उपेक्षा कर देते हैं।

यह प्रवृत्ति विशेष रूप से तब और खतरनाक हो जाती है, जब शक्तिशाली देश अपने प्रभाव का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी निष्क्रिय बना देते हैं। परिणामस्वरूप, संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं भी कई बार केवल दर्शक बनकर रह जाती हैं और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता। युद्ध का एक और भयावह पहलू



शरणार्थी संकट के रूप में सामने आता है। जब लोग अपने घरों से विस्थापित होकर शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर होते हैं तो उनका जीवन असुरक्षा, अभाव और अनिश्चितता से भर जाता है।

भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव उनके जीवन को और भी कठिन बना देता है। विशेष रूप से बच्चों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है, जिनका बचपन भय और अस्थिरता के बीच बीतता है। यह केवल एक पीढ़ी का संकट नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य के लिए भी एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि ऐसे माहौल में पले-बढ़े बच्चे अक्सर हिंसा और असुरक्षा के चक्र में फंस जाते हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक संदर्भों में भी युद्ध की यह संवेदनहीनता अत्यंत चिंताजनक है। रमजान जैसे पवित्र महीने में हिंसा का बढ़ना यह दर्शाता है कि आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक शिक्षाओं का प्रभाव कम होता जा रहा है। धर्म, जो मूलतः शांति, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश देता है, जब राजनीति और सत्ता के उपकरण के रूप में उपयोग होने लगता है तो उसकी मूल भावना विकृत हो जाती है। यह स्थिति न केवल समाज को विभाजित करती है, बल्कि हिंसा को भी वैधता प्रदान करने का प्रयास करती है। मीडिया और तकनीक की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है।

आज युद्ध के दृश्य तुरंत पूरी दुनिया तक पहुंच जाते हैं, जिससे एक ओर जागरूकता बढ़ती है, वहीं दूसरी ओर संवेदनहीनता भी बढ़ने का खतरा रहता है। लगातार हिंसा के दृश्य देखने से लोगों के भीतर एक प्रकार की उदासीनता विकसित हो सकती है, जिससे वे इन घटनाओं को सामान्य मानने लगते हैं। यह स्थिति और भी खतरनाक है, क्योंकि जब समाज संवेदनहीन हो जाता है तो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है। इस पूरी स्थिति में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस हिंसा को रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह केवल सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का दायित्व है, या समाज और व्यक्तियों की भी इसमें कोई भूमिका है? वास्तव में, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकारों को चाहिए कि वे युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद का मार्ग अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करें और मानवाधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दें। वहीं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले देशों को जवाबदेह बनाया जा सके। समाज और नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। जागरूकता, सहानुभूति और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देकर ही हम इस संकट का सामना कर सकते हैं। शिक्षा और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि एक नई समस्या की शुरुआत है।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि शांति केवल समझौतों से नहीं, बल्कि मानसिकता के परिवर्तन से आती है। वास्तव में यह समय आत्ममंथन का है। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हमारी प्रगति वास्तव में हमें अधिक मानवीय बना रही है, या हम केवल तकनीकी रूप से उन्नत होकर नैतिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नवरात्रि का संदेश
मुनीष भाटिया



# शक्ति की आराधना और धर्म का सच्चा पालन

भारत की सनातन परंपरा में नवरात्रि केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्मशुद्धि और शक्ति-साधना का पावन काल है। यह वह समय है जब संपूर्ण सृष्टि आदिशक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना में लीन हो जाती है। नौ दिनों तक चलने वाला यह पर्व हमें न केवल भक्ति और श्रद्धा का मार्ग दिखाता है, बल्कि धर्म, न्याय और मर्यादा के पालन की प्रेरणा भी देता है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री-की पूजा की जाती है। ये सभी स्वरूप केवल देवी के रूप नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आंतरिक गुणों और आध्यात्मिक शक्तियों के प्रतीक हैं। शैलपुत्री हमें स्थिरता और संकल्प का संदेश देती हैं, ब्रह्मचारिणी तप और संयम का, चंद्रघंटा साहस का, और कात्यायनी धर्म और न्याय की रक्षा का प्रतीक हैं। शास्त्रों में कहा गया है-यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। यह वाक्य केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि हमारे धर्म का मूल सिद्धांत है।

नवरात्रि का पर्व हमें यही सिखाता है कि नारी केवल पूजनीय नहीं, बल्कि सृष्टि की मूल शक्ति है। मां दुर्गा स्वयं उस शक्ति का प्रतीक हैं, जो सृष्टि का निर्माण, पालन और संहार-तीनों करती हैं। जब हम अपने समाज की वास्तविकता को देखते हैं, तो एक गहरी विडंबना सामने आती है। एक ओर हम पूरे विधि-विधान से देवी की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति असम्मान और हिंसा की घटनाएं हमें विचलित करती हैं। यह स्थिति केवल सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी चिंताजनक है, क्योंकि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि आचरण में प्रकट होना चाहिए। नवरात्रि हमें यह स्मरण कराती है कि असली पूजा मूर्ति की नहीं, बल्कि शक्ति के स्वरूप का सम्मान करने में है। यदि हम मंदिर में देवी के चरणों में फूल अर्पित करते हैं, लेकिन अपने घर, समाज या कार्यस्थल पर किसी महिला का अपमान करते हैं तो हमारी पूजा अधूरी है। धर्म का सार केवल मंत्रोच्चार में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार में निहित होता है। मां दुर्गा का प्रत्येक रूप हमें यह संदेश देता है कि अधर्म और अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चा धर्म है।

जब महिषासुर जैसे दानवों ने अत्याचार की सीमा पार कर दी, तब देवी ने उनका संहार कर धर्म की रक्षा की। यह कथा केवल पौराणिक नहीं, बल्कि एक शाश्वत सत्य है कि जब भी अन्याय बढ़ता है, तब शक्ति का प्रकट होना आवश्यक होता है। आज के संदर्भ में यह शक्ति केवल देवी के रूप में नहीं, बल्कि समाज की प्रत्येक महिला और बालिका के रूप में उपस्थित है। आवश्यकता इस बात की है कि हम उन्हें कमजोर नहीं, बल्कि शक्ति स्वरूपा के रूप में देखें। नवरात्रि का उपवास केवल शरीर को शुद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि मन और विचारों को भी पवित्र करने का अवसर है। धार्मिक दृष्टि से यह भी आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को केवल पूजा की विधि ही न सिखाएं, बल्कि नारी सम्मान, मर्यादा और सदाचार के संस्कार भी दें। जब तक हमारी आने वाली पीढ़ी यह नहीं समझेगी कि हर महिला में देवी का अंश है, तब तक समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। इसके साथ ही आत्मरक्षा भी एक प्रकार की धर्म-साधना है। जैसे मां दुर्गा ने अपने अस्त्र-शस्त्रों से अधर्म का नाश किया, वैसे ही आज की महिलाओं को भी अपने आत्मबल और साहस को जागृत करना होगा। यह केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक प्रकार का धर्म पालन है। समाज और परिवार को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि नारी की गरिमा बनी रहे। यदि किसी भी रूप में उसका अपमान होता है तो उसके विरुद्ध आवाज उठाना केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि धार्मिक उत्तरदायित्व भी है। अंततः, नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि 'शक्ति की उपासना तभी पूर्ण होती है, जब हम उस शक्ति का सम्मान अपने व्यवहार में भी करें।' इस स्थिति से निपटने के लिए केवल कानून और दंड पर्याप्त नहीं होंगे, बल्कि समाज की मानसिकता में बदलाव सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

सबसे पहले, बच्चों को केवल पढ़ाई-लिखाई ही नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे सम्मान, संवेदना और सह अस्तित्व जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों को समझ सकें। सच्ची नवरात्रि वही होगी, जब हमारे मंदिरों के साथ-साथ हमारे मन भी पवित्र हों, और हमारे कर्म यह प्रमाण दें कि हम वास्तव में शक्ति के उपासक हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जितने भक्त, उतने ही भक्ति के रूप



संकलित
**दर्शन**

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे।

# चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित
**प्रेरणा**

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे। संयोग से होने वाले सुख का नमूना तो देख ही लिया; लेकिन अब भी चेत नहीं करते फिर और चाहते हैं कि संयोग से सुख ले लें।

## सटाका




## आज की पाती

### पग-पग पर लगा व्यसन बाजार

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। - *चैनसुख गुरहिया, झज्जर*

## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आपका समृद्ध अनुभव और समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील दृष्टि पिछड़े वर्गों के कल्याण को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दिल्ली निवेश के लिए तैयार



दिल्ली ऐतिहासिक धरोहरों और विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों के साथ-साथ अपार अवसरों का शहर है। ऑरेंज इकॉनमी, डाटा सेंटर, आईटी हब और मेडिकल सेंटर्स जैसे विविध क्षेत्रों में दिल्ली निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### लॉ एंड आर्डर



उप्र में लॉ एंड आर्डर को ही गोली मार दी गयी है। मुख्यनगर गोरखपुर में दिनदहाड़े हुआ ये हत्याकांड बता रहा है कि बेख़ौफ़ अपराधियों को किसका प्रश्रय प्राप्त है। जनता समझदार है।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### गैस की कालाबाजारी



मुख्यमंत्री का यह दावा कि "गैस की कोई कमी नहीं है", जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए जनता पर नियम थोपने के बजाय आपूर्ति सुनिश्चित करे और कालाबाजारी पर लगाम लगाए।
**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# एनडीआरएफ के लिए अतिरिक्त बटालियन की कमी पर चिंता

संसद की एक स्थायी समिति ने इस बात पर चिंता जाहिर की है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की परिचालन जिम्मेदारियां बढ़ने के बावजूद पिछले तीन वर्षों में इसके लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई। संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत रिपोर्ट में, गृह मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति ने आपदा प्रतिक्रिया में एनडीआरएफ की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और अतिरिक्त कर्मियों के लिए आवश्यक वित्तपोषण सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल की अध्यक्षता वाली समिति ने बल की विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आपदा प्रबंधन में निभाई गई भूमिका और अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता अभियानों में इसके योगदान की भी प्रशंसा की। समिति ने 2026-27 की अनुदान मांगों पर अपनी 257वीं रिपोर्ट में कहा ' ' बढ़ती परिचालन जिम्मेदारियों के बावजूद पिछले तीन वर्षों में एनडीआरएफ के लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई है और तैनात बल (14,837) स्वीकृत बल (18,581) से काफी कम है। समिति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से कहा कि वह मानव संसाधन में अंतर का मूल्यांकन करे और रिक्तियों को भरने के उपाय तेज करे ताकि परिचालन तत्परता सुनिश्चित की जा सके।




## ऑफ बीट

# लद्दाख-मंगोलिया से आए प्रवासी पक्षी राजहंस बने आकर्षण का केंद्र



सर्दी के जाने के साथ-साथ राजस्थान की झीलों और तालाबों से प्रवासी पक्षियों की विदाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन जयपुर के निकट चाकसू क्षेत्र में बोरखेड़ा गांव का तालाब इन दिनों एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। लद्दाख, मंगोलिया और तिब्बती पठार में पाए जाने वाले और सर्दी में उच्च हिमालय को पार कर दक्षिण एशिया की ओर प्रवास करने वाले प्रवासी पक्षी 'बार हेडेड गूज' जयपुर के निकट डेरा डाले हुए हैं। एक-दो की नहीं बल्कि 500 से अधिक 'बार-हेडेड गूज' के तीन बड़े-बड़े झुंड पक्षी प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। पक्षी विशेषज्ञ डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय बोलचाल में राजहंस के नाम से जाने-पहचाने वाले बार-हेडेड गूज सबसे ऊंचाई तक उड़ान भरने वाले पक्षियों में गिने जाते हैं। ये पक्षी 12,000 से 14,000 फुट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकते हैं और प्रतिदिन बिना रुके लगभग 1,600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने बताया कि इनके शरीर में पाया जाने वाला विशेष प्रकार का हीमोग्लोबिन कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में भी अधिक ऑक्सीजन अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे ये हिमालय के ऊंचे दर्रों को पार कर पाते हैं। पक्षी विशेषज्ञ शर्मा ने बताया कि बोरखेड़ा तालाब का अधिकांश हिस्सा सूख चुका है।

# परिवार पर खतरा होने का डर दिखाकर फर्जी साधु ने महिला से ठगा सोने का मंगलसूत्र, पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की

## पानी पीने के बहाने घर में घुसा, झाड़-फूंक करने के बहाने मंगलसूत्र ठगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित हरसिद्धि कॉलोनी में महिला और उसके परिवार पर खतरा मंडराने का डर दिखाकर फर्जी साधु ने सोने का मंगलसूत्र चुराकर ले गया। आरोपी ने झाड़-फूंक के माध्यम से खतरा टालने की बात कही थी। इसके बाद महिला का सोने का मंगलसूत्र उतरवाया और गेहूं के दानों के साथ साड़ी में बांध दिया। आरोपी ने कहा कि सात दिन तक खोलकर नहीं देखना। महिला को संदेह हुआ और उसने अगले ही दिन साड़ी में बंधी पोटली खोलकर देखी तो उसमें मंगलसूत्र नहीं था। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मंगलसूत्र गेहूं के दानों के साथ साड़ी में बांध दिया था, कहा- सात दिन तक खोलना नहीं

महिला को संदेह हुआ और उसने अगले ही दिन पोटली खोली तो उसमें मंगलसूत्र नहीं था

### आरोपी ने खुद को महिला के गांव के पंडितजी का बेटा होना बताया

*पुलिस के अनुसार हरसिद्धि कॉलोनी बैरसिया निवासी दिनेश मालवीय टेलरिंग का काम करते हैं। विगत 13 मार्च की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनकी पत्नी प्रीति मालवीय (30) घर में अकेली थीं। उन्हें शाम को किसी शादी समारोह में जाना था इसलिए वह तैयारी करने में लगी थीं। तभी 30-35 साल का एक युवक उनके घर पहुंचा और उसने खुद को महिला के गांव के पंडित जी का बेटा होना बताया। उसने पानी पीने की इच्छा व्यक्त की। प्रीति मालवीय ने उन्हें घर में बुला लिया और पीने के लिए पानी दिया। तभी उक्त युवक ने महिला और घर के चारों ओर देखते हुए कहा कि उस पर और उसके परिवार पर संकट का साया है। उस पर आफत आने वाली है। यह सुनते ही महिला डर गई। कथित साधु ने उनसे कहा कि डरने की बात नहीं है। वह समस्या का निदान कर देगा। इसके बाद उसने प्रीति से उसका सोने का मंगलसूत्र गले से उतारने के लिए कहा और गेहूं के दाने भी मांगे। महिला ने मंगलसूत्र और गेहूं के दाने साधु को दे दिए। झाड़-फूंक के बहाने आरोपी ने मंगलसूत्र और दाने साड़ी में बांध दिए और वहां से चला गया। जाते हुए उसने कहा कि सात दिन के बाद ही साड़ी का पोटली खोलना। संकट टल जाएगा। दुकान से पति के लौटने पर महिला ने सारी बात बताई, लेकिन संदेह होने पर महिला ने अगले दिन पोटली खोली तो उसमें सिर्फ गेहूं के दाने मिले। सोने का मंगलसूत्र नहीं था। एएसआई राजेश दुबे का कहना है कि आरोपी की खोजबीन के लिए कॉलोनी में लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।*

## *लोहे की चादर तोड़कर दुकान में घुसे चोर, दो लाख रुपए चुराए*

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित समरधा में कूलर की दुकान से अज्ञात बदमाश दो लाख रुपए की नगदी चुराकर ले गए। रुपए दुकान की दराज में रखे थे और कूलर की डिलीवरी के बाद गाड़ी वाले को देने थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वार्ड तीन, होली मोहल्ला मंडीदीप निवासी महेश श्रीवास्तव (66) होशंगाबाद रोड स्थित समरधा में न्यू बाम्बे कूलर का मेला नाम से दुकान का संचालन करते हैं। वे रोज सुबह 10 बजे दुकान खालते हैं और रात करीब साढ़े 9 बजे बंद कर देते हैं। दिन में वह खुद और कर्मचारी दुकान पर बैठते हैं। विगत 29 दिसंबर 2025 की दोपहर 12 बजे प्लास्टिक के कूलर बुलाने का आर्डर दिया था। अगले दिन सुबह साढ़े सात बजे प्लास्टिक के कूलर की गाड़ी आने वाली थी। लिहाजा 30 दिसंबर की सुबह सात बजे ही वह दुकान पर पहुंच गए। उसी दौरान गाड़ी वाले का फोन आया कि वह दस बजे तक गाड़ी लेकर आएगा। तब उन्होंने गाड़ी वाले को देने के लिए रुपए दुकान की दराज में रख दिए और ताला लगाकर खाना खाने मंडीदीप घर चले गए। उसके बाद उनका बेटा सुदेश श्रीवास्तव दुकान पर आया। उसने देखा कि दुकान की दराज का ताला टूटा हुआ है। फौरन पिता को फोन पर सूचना दी। महेश श्रीवास्तव दुकान पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि दराज में रखे दो लाख रुपए, कुछ चिल्लर और चांदी का एक सिक्का गायब हैं। दुकान में सभी जगह तलाश करने के बाद भी रुपए नहीं मिले। दुकान की साइड में लगी लोहे की चादर टूटी मिली। अज्ञात चोर लोहे की चादर तोडकर दराज में रखी नगदी चुरा ले गए हैं। फरियादी का कहना है कि दुकान की व्यस्तता और अपने स्तर पर अज्ञात चोर की तलाश करने की वजह से वह रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं पहुंचे। मंगलवार 17 मार्च को वह मिसरोद थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रहे हैं। दुकान के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

### खबर संक्षेप



#### श्री झूलेलाल जयंती एवं चेतीचांद महोत्सव कल

**औबेदुल्लागंज।** श्री झूलेलाल जयंती एवं चेतीचांद महोत्सव 20 मार्च शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री झूलेलाल जयंती एवं चेतीचांद महोत्सव पर श्री झूलेलाल मंदिर, महावीर कॉलोनी में पूज्य सिंधी समाज पंचायत, औबेदुल्लागंज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रमेश वासवानी ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे वरुण देव पूजन से होगी। इसके बाद दोपहर 2 से 4 बजे तक भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। उपाध्यक्ष भूरामल आडवानी ने बताया कि शाम 5 बजे श्रीराम मंदिर से श्री झूलेलाल मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

#### मुस्लिम समुदाय ने रखा 28वां रोजा, की इबादत

**औबेदुल्लागंज।** रमजान के पाक माह आखिरी पड़ाव में पहुंच चुका है। बुधवार को रोजेदार अपना 28वां रोजा रख कर खुदा की इबादत की। अब दो रोजे ही बाकी हैं। इस्लाम में रमजान के आखिरी दस दिनों को 'नजात' (नरक की आग से मुक्ति) का दौर कहा जाता है। इसलिए इन दिनों दुआओं और इबादतों का जोश दोगुना हो जाता है। माना जाता है कि 28वां रोजा रखने वाले खुदा की विशेष कृपा के पात्र बनते हैं। यह रोजा इंसान को सब्र सिखाता है और उसे बुराइयों से दूर रहने की शक्ति देता है। औबेदुल्लागंज में रोजेदार अफजल हुसैन गुड्डू, सलीम बाबा, सगीर, अफसर, आसिफ पठान, नवाब मियां, अखिल, नफीस खां, महमूद, राजा सिद्दीकी, नईम मंडी वाले आसिफ, रईस खान, आमिर आदि ने इबादत की।

#### बड़े भाई से कहासुनी के बाद छोटे भाई ने लगाई फांसी

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित हथाईखेड़ा डैम की रिटर्निंग वॉल पर लगी रेलिंग में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह बड़े भाई से विवाद करने के बाद गांव जाने का कहकर निकला था। इसके बाद बाइक हथाइखेड़ा डैम के पास खड़ी कर उसने रिटर्निंग वॉल की रेलिंग में गमछा बांध फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार विकास कुशवाह (22) मूलतः गांव पठारी, रायसेन का था। भोपाल में आशोका गार्डन स्थित सेमरा में अपने भाई के आकाश के साथ रह रहा था और प्राइवेट काम करता था। आकाश ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात विकास से उसकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद विकास घर से निकल गया था।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8349 | | |
| दिन: | 368 | 72 | 480 |
| रात: | 137 | 18 | 567 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 159 | 54 | 338 |
| रात: | 350 | 89 | 577 |

## छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित विदिशा रोड पर हुआ हादसा

# मिनी ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर, बाइक के उड़े परखच्चे, मौत


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित विदिशा रोड पर जैन टाइल्स की दुकान के सामने मिनी ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। बाइक में सामने से टक्कर लगने के कारण युवक को गंभीर चोट आई थी। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार दीपक भार्गव पिता पुरुषोत्तम भार्गव (32) मकान नंबर-71 चौपड़ा कलां विदिशा रोड पर रहता था

हादसे में दीपक को सिर सहित शरीर में गंभीर चोट आई थी

मिनी ट्रक का चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला



फाइल फोटो

और प्राइवेट काम करता था। मंगलवार शाम वह बाइक से शाम करीब सवा पांच बजे भानपुर जा रहा था। इसी दौरान जैन टाइल्स की दुकान के सामने उसकी बाइक को सामने से मिनीट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी बाइक को परखच्चे उड़ गए। वहीं हादसे में दीपक को सिर सहित शरीर में गंभीर चोट आई थी। उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले जााय गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि टक्कर मारने के बाद मिनीट्रक का चालक मिनीट्रक लेकर मौके से भाग निकला था।

## *शराब पीने का मना किया तो पेड़ पर लगा ली फांसी*

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित पीरिया मोहल्ला में बुधवार सुबह खेत में लगे पेड़ पर युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। गले में लटके मिले आईडी कार्ड से उसकी पहचान कर ली गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर उसका पीएम करावाया। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मोहित विश्वकर्मा पिता मांगीलाल विश्वकर्मा (23) खजूरी के पास पीरिया मोहल्ला में रहता था और प्राइवेट कंपनी में काम करता था। उसका काम सीसीटीवी कैमरे इंस्टाल करने का था।

■ मृतक के गले में लटके मिले आईडी कार्ड से हुई पहचान, परिजनों को दी जानकारी

पुलिस ने बताया कि कुछ लोगों ने पीरिया मोहल्ला में पेड़ पर मोहित विश्वकर्मा की लाश देखकर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और लाश पीएम के लिए भेज दी। मृतक के गले में लटके मिले आइडी कार्ड से कंपनी में संपर्क किया गया। कंपनी के कर्मचारियों ने परिजन के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने परिजन को बुलाकर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेजा। परिजन पूछताछ में पता चला कि मोहित शराब का आदी था। मंगलवार रात वह शराब पीकर घर पहुंचा। उसे शराब न पीने की हिदायत दी तो वह भड़क गया और विवाद करने के बाद घर से निकला था। एफएसएल की जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है।

### पेड़ के नीचे पड़ी मिली लाश

## मिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नेहरू नगर चौराहा पिपलेश्वर मंदिर के पास पीपल के पेड़ के नीचे मिस्त्री की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मिस्त्री के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद पड़ोसियों को सौंप दी। दरअसल, मिस्त्री के परिवार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी परिजन से संपर्क नहीं हो सका। पुलिस के अनुसार जगदीश पिता गोवर्धन (42) गंदी बस्ती, में रहते थे। जगदीश टाइल्स फिटिंग का काम करते थे। सोमवार सुबह 8 बजे कुछ लोगों ने उन्हें नेहरू नगर में पिपलेश्वर मंदिर के पास पीपल के पेड़ के नीचे अचेत अवस्था में देखा था। इसके बाद एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के स्वास्थ्यकर्मी ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया था। एसआई सुनील इनवाती ने बताया कि मृतक की तलाशी लेने पर आधार कार्ड मिला था। आधार कार्ड में मिले नाम और पते के आधार पर पुलिस उनके घर पहुंची। वहां आसपास के लोगों ने बताया कि वह लंबे समय से अकेले रह रहे थे। पड़ोसियों को उनके परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जगदीश की मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

### कुर्मी समाज सहित अन्य समुदाय के लोगों ने किया स्वागत

## सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य एकता यात्रा औबेदुल्लागंज पहुंची



सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा के औबेदुल्लागंज पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोग स्वागत करने पहुंचे और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा गुजरात से प्रारंभ होकर कई प्रदेश ओर शहरों से होते हुए बुधवार को सुबह 11 बजे औबेदुल्लागंज पहुंची। इस यात्रा के स्वागत और सम्मान में कुर्मी समाज ब्लॉक औबेदुल्लागंज के द्वारा ग्राम उमरिया से वाहन रैली एवं सीताराम चौराहे पर सभा आयोजित की गई, जिसमें कुर्मी समाज सहित नगर के विभिन्न समुदाय के द्वारा नगर के सभी सामाजिक संगठन एवं वरिष्ठ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश गौर, वरिष्ठ सर्वेश गौर, नीलेश गौर, विक्रम गौर सहित अन्य लोगों ने एकता यात्रा का स्वागत किया।

### एकता यात्रा का इन्होंने किया स्वागत



सरदार वल्लभभाई पटेल की यात्रा उमरिया से वाहन द्वारा औबेदुल्लागंज पहुंची। यात्रा का स्वागत मुख्य रूप से द्वारका पटेल, रमेश गौड़, बबलू चौरे, उमरिया के हरजीत सिंह मंगू, पटेल अशोक चौरे, सुभाष पटेल, आशीष पटेल, मयंक चौरे, मनोहर चौरे, रामबाबू चौरे, सब लाल चौरे, सभी सामाजिक लोगों ने मंदिर पर एकत्रित होकर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माला चढ़कर पुष्प वर्षा की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और विस अध्यक्ष तोमर ने विधायक पटवा की दिवंगत माता को दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर उनकी पूज्यनीय माताजी स्व. पारस कुंवर बाई पटवा के स्वर्गवास के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



कंकाली मंदिर परिसर में व्यवस्था का जायजा लेते कलेक्टर व अन्य अधिकारी।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने लिया कंकाली मंदिर का जायजा

### नवरात्रि पर व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जिला कलेक्टर रायसेन अरुण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा बुधवार को मॉ कंकाली मंदिर पहुंचकर नवरात्रि पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा नागरिकों की खुशहाली और कल्याण की कामना की।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव से श्रृद्धालुओं



की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आगमन-निर्गमन, यातायात व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। वहीं गर्मी में श्रद्धालुओं के लिए पानी, वाहन पार्किंग, समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दिशा निर्देश दिए।

### मंडीदीप में प्रस्फुटन समितियों को मिला नेतृत्व का प्रशिक्षण

## जनभागीदारी और समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम, प्रतिभागियों को मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना के अंतर्गत मंडीदीप के गोल्डन पार्क में आयोजित प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभावी एवं सफल रूप से सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण ने समाज में जनभागीदारी को सशक्त करने के साथ विकास कार्यों में स्थानीय नेतृत्व को नई दिशा देने का काम किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सेक्टर प्रभारी वीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सेवा समिति अध्यक्ष जीवन सिंह पाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, समाजसेवी विनोद जैन, पार्षद प्रार्थना चौहान, शुभम राजपूत



प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमाण पत्र प्रदान करते सेवा समिति अध्यक्ष जीवन सिंह पाल।

तथा जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेरकर उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने नवांकुर योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से स्थानीय नेतृत्व को मजबूती मिलती है और विकास कार्यों में गति आती है। द्वितीय सत्र में प्रशिक्षक महेंद्र मणि नामदेव ने समग्र विकास की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। समापन पर ब्लॉक समन्वयक निशा बहेरकर व प्रेमनारायण सोनी ने समितियों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया समझाई। इस अवसर पर मेटंर रीना पवार, आकाश रघुवंशी, राधिका पाल, घनश्याम गोस्वामी, धर्मेंद्र गोस्वामी, अलका उमक सहित नवांकुर संस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चेरिटेबल सोसाइटी के अध्यक्ष सुनील सेरिया, प्रियंका गौर, बलवंत पुरी, तखत सिंह, तुसार वर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

### प्री वेडिंग और प्रेग्नेंसी शूट बंद करने पर दिया जोर

## सिंधी महिला पंचायत का सजग नारी सम्मेलन आयोजित, उत्कृष्ट सेवाएं देने वालों को शॉल और शील्ड से देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी महिला पंचायत द्वारा आयोजित सजग नारी सम्मेलन संत नगर के संस्कार हाल में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन मे पिपरिया, शुजालपुर, सुहागपुर, सीहोर, रेहिटी, कोलार, भोपाल, संत नगर, रोहित नगर, गंज बासौदा आदि शहरों से विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वालों को माला, शील्ड और शॉल के साथ आने वाली टीम का भी मंच पर स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में लायन्स क्लब इंटर नेशनल के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल भंडारी ने टाइम मैनेजमेंट और आशा लालवानी ने नारी सशक्तिकरण, बसन्त चेलानी ने एजुकेशन पर अपने विचार रखे। वक्ताओं को भी शॉल

सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण बोली- चकाचौंध से दूर रहे

फूलों की होली, डांस, चेटीचंड के दीप जलाए



सिंधी महिला पंचायत के सजग नारी सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान करते हुए।

और शील्ड से सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष किरन वाधवानी ने समाज की घटती जनसंख्या, संयुक्त परिवार के टूटने, प्री वेडिंग शूट और प्रेग्नेंसी शूट को बायकॉट करने पर अपने विचार रखे। उन्होंने सदन को बताया बाहरी चकाचौंध में हम सनातनयों को ऐसा नहीं करना चाहिए। मधु लालवानी ने पंचायत द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और बताया संत नगर में हमने कई घरों को टूटने से बचाया है।

यहां पर होली मिलन, फूलों से होली, डांस, चेटीचंड के दीपक जलाए, प्रोग्राम के बीच बीच में प्रश्न उत्तर पूछे गए लकी ड्रॉ आदि निकाले गए। कार्यक्रम में दीपांशी सबनानी, बल्लू चौइथानी, सीमा शिवेंद्र, कविता लेखिका,बंटू नानकानी, ईश्वरी वाधवानी, गुरदीप सिंह मल्होत्रा, हिमांशी आसमानी, सतराम तीर्थधाम, तोलाराम आसवानी, गोविंद लालवानी, प्रकाश जेठानी सामाजिक कार्यकर्ता का सम्मान किया गया। संचालन भावना कलवानी ने व आभार नैना वाधवानी ने व्यक्त किया।

## भगवान अरहनाथ का मोक्ष कल्याणक उत्साह से मनाया

### शांति धारा, अभिषेक कर निर्वाण लाडू चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जैन धर्म के 18वें तीर्थंकर भगवान अरहनाथ जी का मोक्ष कल्याणक (निर्वाण दिवस) चैत्र कृष्ण अमावस्या बुधवार को मनाया गया। उन्होंने सम्मेद शिखर से मोक्ष प्राप्त किया था, वे सातवें चक्रवर्ती भी थे, जिन्होंने अष्ट कर्मों का क्षय कर सिद्ध अवस्था प्राप्त की।

औबेदुल्लागंज रेलवे रोड स्थित जैन मंदिर एवं मेन रोड स्थित जैन मंदिर में यह उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह शांति धारा, अभिषेक कर पूजन विधान किया गया एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर पंडित लक्ष्मी चंद



जैन, सुनील तामोट, सुनील वर्धमान, तरुण इंद्र जैन, कविता मुकेश जैन, नीति अनुराग जैन, पवन रवि जैन, रूपेश जैन, आशा रानी, प्रदीप शिरोमणि भंडारी, पूर्व पार्षद मीना जैन आदि उपस्थित रहे।

# भव्या से औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा, बिना विस्थापन बनेंगी जल विद्युत परियोजनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने उद्योग, कृषि, सड़क निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कुल 54,926 करोड़ के भारी-भरकम वित्तीय परिव्यय वाली 4 प्रमुख योजनाओं पर मुहर लगाई है। यह कदम भारत के समग्र आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की जानकारी दी।

### देशभर में 100 निवेश-तैयार प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दे दी है। 'भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्या)' नामक इस केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए 33,660 करोड़ का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत देशभर में 100 निवेश-तैयार प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य उद्योगों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करना है। सरकार प्रति एकड़ एक करोड़ तक का वित्तीय सहयोग प्रदान करेगी। यह योजना छह साल की अवधि के लिए है। जो वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2031-32 तक चलेगी।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने कई फैसले लिए

### कपास के लिए क्षतिपूर्ति दी जाएगी



फैसलों की मीडिया को जानकारी देते मंत्री अश्विनी वैष्णव

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी**

कपास एमएसपी (2023-24): कैबिनेट ने कपास सीजन 2023-24 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संचालन पर हुए 1,718 करोड़ के खर्च की प्रतिपूर्ति को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय किसानों को समर्थन देने के लिए लिया गया था, क्योंकि अक्तूबर 2023 से सितंबर 2024 तक चले इस सीजन में कपास की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर गई थीं। सरकार ने भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के माध्यम से किसानों से एमएसपी पर कपास की खरीद की। इस खरीद से 7.25 लाख किसानों को सीधा लाभ मिला। कुल 33 लाख गांठें कपास खरीदी गईं। इन खरीदों के माध्यम से किसानों को कुल 11,712 करोड़ की सहायता प्रदान की गई। कपास सीजन 2023-24 में भारतीय किसानों ने कुल 325 लाख गांठें कपास का उत्पादन किया था।

### लघु पनबिजली योजना को मंजूरी

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 2,585 करोड़ के परिव्यय वाली एक लघु जलविद्युत विकास योजना को मंजूरी दी, इसका उद्देश्य 1,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि 2,585 करोड़ के परिव्यय के साथ लघु जलविद्युत विकास योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। इन परियोजनाओं को बिना बांध बनाए और लोगों को विस्थापित किए बिना, नदी के प्रवाह पर आधारित परियोजनाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।

### 21,000 मेगावाट क्षमता वाली लघु जलविद्युत परियोजनाएं भी स्वीकृत

वैष्णव ने कहा कि देश में 7,133 स्थलों पर 21,000 मेगावाट क्षमता वाली लघु जलविद्युत परियोजनाओं की संभावनाएं हैं। देश में 1,196 स्थलों पर 5,100 मेगावाट की लघु जलविद्युत परियोजनाएं कार्यरत हैं। इनकी क्षमता 1 मेगावाट से 25 मेगावाट तक है। ये 2030-31 तक पांच वर्षों में कार्यान्वित की जाएंगी। इस योजना से लघु जलविद्युत परियोजनाओं में 15,000 करोड़ का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में 4 थर्मल स्टेशनों को उड़ा देंगे




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित 4 बड़े थर्मल पावर स्टेशनों को ड्रोन से हमले की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक यह धमकी एक ईमेल के जरिए मिली है, जिसमें इन पावर स्टेशनों को निशाना बनाने की बात कही गई है।

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी करने वाले गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में खुलासा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में पत्थरबाजी की घटना में हाई-रेजोल्यूशन कैमरों और एआई की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। कैमरे में रिकॉर्ड छोटी सी तस्वीर और एआई तकनीक से पकड़ने में हम कामयाब रहे। हमें उस घर तक पहुंचने में मदद मिली जहां वह था।

### हिमाचल में कर्मचारी जींस-टीशर्ट न पहनें



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड और सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकारी कर्मचारियों को साफ-सुथरे, औपचारिक कपड़े पहनना अनिवार्य होगा। पुरुषों को शर्ट-पैंट और महिला कर्मचारियों को साड़ी, सूट या अन्य परिधान के निर्देश हैं।

### निरंजन बनीं पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा की नेता साध्वी निरंजन ज्योति को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें सरकार की ओर से राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस पर पूर्व सांसद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। ज्योति ने बुधवार को राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष का पद ग्रहण किया।

### फंदे से लटकी वाइस चेयरमैन, गंभीर आरोप



**झुंझुनूं।** जिले के खेतड़ी कस्बे में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब नगरपालिका की निवर्तमान वाइस चेयरमैन सुनीता देवी (35 वर्ष) का शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मामला गंभीर आरोप-प्रत्यारोप में बदल गया। सुनीता को पति गजेंद्र अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# राजनीति में फुलस्टॉप नहीं होता, योगदान अनुभव ही मूल्यवान, नए सांसद सीख लें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा से बुधवार को कई सदस्य रिटायर हो गए। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों के संसदीय जीवन और कार्यकाल को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। विदाई भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। सदन के अंदर चर्चाओं में हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लकुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहुंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा। दलीय सीमाओं से ऊपर सभी सम्मान करना और अनुभव साझा करना ही लोकतंत्र की असली ताकत है।

### सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती देने वाला बताते हुए प्रशंसा की

**59** सांसदों को विदाई दी इसके साथ ही उनके कार्यों को सराहा भी



### उपसभापति हरिवंश की सराहना की

प्रधानमंत्री ने रउपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि हरिवंश ने सदन की कार्यवाही को शांत और संतुलित तरीके से संचालित किया, मेहनती हैं और देशभर की यात्राओं के माध्यम से अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। भाषण का समापन संसद की गरिमा बनाए रखने और प्रेरणा पर जोर रहा।

### पूर्व पीएम देवगौड़ा की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में वरिष्ठ नेताओं के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने एचडी देवगौड़ा, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा संसदीय सेवा में समर्पित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि नए सांसदों को उनसे सीखना चाहिए।

### राधाकृष्णन ने भी किया संबोधित — सेवानिवृत्ति अंत नहीं, यह नई जिम्मेदारियों की शुरुआत

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति को अंत नहीं, बल्कि नई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए।



सभापति ने कहा एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं, जिससे सदन की कार्यप्रणाली में निरंतरता बनी रहती है।

### हरिवंश, देवेगौड़ा और खरगे के योगदान को अहम बताया

सभापति ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों और ग्रामीण भारत से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाया। उनके अनुभव और किसानों एवं ग्रामीण समुदायों के प्रति प्रतिबद्धता ने चर्चाओं को समृद्ध किया। इस दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की भूमिका को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया।

**सदस्यों के स्वस्थ सुखद और सफल भविष्य की कामना**

उन्होंने तमिल के एक भावपूर्ण वाक्य का उल्लेख करते हुए कहा कि अच्छे कार्य समय के बाद भी जीवित रहते हैं। सदस्यों की स्वस्थता की कामना की।

देवेगौड़ा पर खरगे का तंज

### मोहब्बत हमसे, शादी उनसे... राज्यसभा में लगे ठहाके प्रधानमंत्री भी मुस्कुराए

सांसदों की विदाई के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने मजाकिया अंदाज से सबको लोटपोट कर दिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले पर ऐसी बातें कही कि प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। खरगे ने देवेगौड़ा पर तंज कसते हुए कहा कि मैं देवेगौड़ा को 54 वर्षों से जानता हूं। उनके साथ ही मैंने काम किया। उन्होंने प्रेम हमारे साथ किया, मोहब्बत हमारे साथ किया और शादी मोदी साहब के साथ कर ली। ये जल्दी ही हुआ कैसे हुआ मुझे मालूम नहीं। खरगे की इस बात पर पीएम मोदी सहित पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने हंसते हुए कहा कि अठावले अपनी कविताओं में हमेशा पीएम मोदी की तारीफ करते हैं। लगता है कि अठावले को मोदी जी की तारीफ के अलावा कोई और कविता आती ही नहीं है। जिससे सदस्यों के बीच फिर से हंसी की लहर दौड़ गई।



### शरद पवार के वापस आने पर जताई खुशी

खरगे ने शरद पवार के सदन में वापस आने पर खुशी जताई। साथ ही उन्होंने दिग्विजय सिंह, केटीएस तुलसी और अभिषेक मनु सिंघवी के योगदान की भी सराहना की।

## लोकसभा से 8 सांसदों का निलंबन रद्द

# राहुल ने सांसदों से की मुलाकात निरस्तीकरण पर किया मंथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस सांसदों से मुलाकात की। यह वे सांसद हैं जिनका निलंबन मंगलवार को रद्द किया गया था। उन्होंने नई दिल्ली में उनके साथ चाय और कॉफी साझा की। यह अनौपचारिक बैठक केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से सदन में पेश किए गए प्रस्ताव के बाद 8 कांग्रेस सांसदों का निलंबन वापस लेने के एक दिन बाद हुई। यह निरस्तीकरण बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस के कुछ सदस्यों के आचरण पर कांग्रेस नेतृत्व की ओर से खेद व्यक्त करने के बाद हुआ। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने फैसले के बाद सांसदों से बातचीत की। इसके साथ ही निलंबन और उसके निरस्तीकरण से संबंधित घटनाक्रमों पर चर्चा की।

### 3 फरवरी को किया था निलंबित

निलंबित सांसदों में अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, सी. किरण कुमार रेड्डी, प्रशांत यदाओराव पाडोले, एस. वेंकटेश और डीन कुरियाकोस शामिल हैं, ये कांग्रेस से संबंधित हैं। लोकसभा में तीखी बहस के दौरान कार्यवाही में बाधा डालने और अध्यक्ष की ओर कागज फेंकने के आरोपों के बाद 8 सांसदों को 3 फरवरी को निलंबित कर दिया गया था।

## प्रियंका संग गडकरी से राहुल ने की मुलाकात

### बस और ट्रक बॉडी निर्माताओं की चुनौतियां बताईं



राहुल गांधी ने अपनी बहन और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। बैठक में राजस्थान के ट्रक एवं बस बॉडी बिल्डर इकाई के प्रतिनिधि भी शामिल थे। राहुल ने गडकरी के सामने बस एवं ट्रक बॉडी निर्माताओं की चुनौतियों को सामने रखा।

**कुल कोच में करीब 70 प्रतिशत जनरल और स्लीपर**

# भारतीय रेलवे में बढ़े नॉन-एसी कोच 45 प्रतिशत तक सब्सिडी भी मिल रही

## भारतीय रेलवे यात्रियों को किफायती यात्रा उपलब्ध कराई जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे यात्रियों को किफायती यात्रा उपलब्ध कराने नॉन-एसी जनरल और स्लीपर कोच की संख्या बढ़ा रहा है। सरकार ने बताया कि किराए को कम रखने के लिए प्रति यात्री औसतन करीब 45 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। कुल कोचों में करीब 70 प्रतिशत जनरल और स्लीपर क्लास के हैं।2024-25 में लगभग 1,250 नए जनरल कोच जोड़े गए हैं और 2025-26 में करीब 860 और कोच जोड़े जाने की योजना है।

### रेलवे 60,000 करोड़ की सब्सिडी दे रहा



रेलवे हर साल यात्रियों को करीब 60,000 करोड़ की सब्सिडी देता है। मुंबई जैसे उपनगरीय इलाकों के लिए करीब 3,000 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। माल ढुलाई में भी बड़ा इजाफा हुआ है।

### 99 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बिजली से चल रहा

उन्होंने कहा कि रेलवे का विद्युतीकरण तेजी से बढ़ा है और अब लगभग 47,000 किलोमीटर ट्रैक इलेक्ट्रिफाई हो चुका है, यानी नेटवर्क का 99 फीसदी त से ज्यादा हिस्सा बिजली से चल रहा है। ट्रैक निर्माण में भी तेजी आई है। अब यह बढ़कर करीब 35,000 किमी हो गया है।

### ज्यादा सुरक्षित कोच की संख्या बढ़ाई

रेल मंत्री ने बताया कि सुरक्षा के तहत ट्रैक और ट्रेन की मेंटेनेंस, नई तकनीक और कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर खास ध्यान दिया जा रहा है। ज्यादा सुरक्षित कोच की संख्या तेजी से बढ़ी है और करीब 48,000 कोच जोड़े गए हैं। इंजन की संख्या करीब 12,000 तक पहुंच गई है। माल ढुलाई डिब्बे की संख्या 2 लाख से ज्यादा है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में भी तेजी से काम हुआ।

## देश में 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारी

**असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु बंगाल में चुनाव**

# हिंसा-मुक्त और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग ने 25 लाख कर्मी तैनात किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में आगामी विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने व्यापक तैयारियां की हैं। 5 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने 25 लाख से अधिक अधिकारियों और कर्मियों को तैनात किया है।



तैनात कर्मियों में करीब 15 लाख मतदान कर्मी, 8.5 लाख सुरक्षा बल, 40 हजार मतगणना कर्मी, 49 हजार सूक्ष्म पर्यवेक्षक और 21 हजार सेक्टर अधिकारी शामिल हैं। मतगणना के लिए 15 हजार सूक्ष्म पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

### चुनाव में 17.4 करोड़ मतदाता

ईसीआई ने बताया कि चुनावों में 17.4 करोड़ से अधिक मतदाता हिस्सा लेंगे। ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अधिकारी कार्य करें। चुनाव हिंसा और प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए, ताकि बिना भय और दबाव के अपने मताधिकार का उपयोग कर सके। चुनाव की निगरानी के लिए 832 विधानसभा क्षेत्रों में 1,111 केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। इनमें 557 सामान्य पर्यवेक्षक, 188 पुलिस पर्यवेक्षक और 366 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और आम जनता से सीधे संपर्क कर उनकी शिकायतों का समाधान करेंगे।

## कंटेंट पर कड़े नियंत्रण की तैयारी कर रही केंद्र सरकार

# सोशल मीडिया पर अन-सोशल हुए तो ब्लॉक को होंगे प्राप्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार सोशल मीडिया पर बढ़ते भ्रामक और खासकर एआई से तैयार किए गए गलत कंटेंट को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। इसके तहत सरकार गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों को सीधे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट ब्लॉक करने का अधिकार देने पर विचार कर रही है। फिलहाल सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69(ए) के तहत यह अधिकार केवल आईटी मंत्रालय के पास है। लेकिन अब इस दायरे को बढ़ाने के लिए आवश्यक संशोधन लाने की तैयारी की जा रही है। इस प्रस्ताव के लागू होने पर इंस्टाग्राम, फेसबुक, और यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स को विभिन्न सरकारी एजेंसियों से सीधे कंटेंट हटाने या ब्लॉक करने के आदेश मिल सकते हैं। इससे सोशल मीडिया पर निगरानी और नियंत्रण और सख्त हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि इंटरनेट पर एआई-जनित भ्रामक जानकारी तेजी से फैल रही है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा, कूटनीति और वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है। भविष्य में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसे नियामक संस्थानों को भी सीधे टेक कंपनियों को कंटेंट हटाने के निर्देश देने का अधिकार दिया जा सकता है। सेबी लंबे समय से सोशल मीडिया पर फाइनेंशियल इन्फ्लुएंसर्स द्वारा गलत जानकारी फैलाने के मुद्दे को उठा रहा है। वर्तमान में भारत में कंटेंट ब्लॉक करने के दो समानांतर तंत्र मौजूद हैं। इस कदम को सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और भ्रामक कंटेंट पर लगाम लगाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर बहस भी तेज हो सकती है।



### अभी ये है व्यवस्था

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69 (ए) के तहत ऐसे कंटेंट को हटाया जाता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन करता हो या भारत की विदेश नीति के लिए खतरा बनता हो। विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों में नियुक्त नोडल अधिकारी ऐसे कंटेंट की पहचान कर उसे आईटी मंत्रालय को भेजते हैं, जो अंतिम स्वीकृति देकर ब्लॉकिंग आदेश जारी करता है। एक अन्य व्यवस्था आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) के तहत काम करती है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों को सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉकिंग आदेश जारी करने का अधिकार दिया गया है। यह गृह मंत्रालय के नेतृत्व वाले 'सहयोग' पोर्टल के माध्यम से संचालित होती है।

### नियंत्रण का होगा विकेंद्रीकरण

अब इस व्यवस्था में समानता लाने की कोशिश की जा रही है। जैसे 'सहयोग' पोर्टल के जरिए केंद्र और राज्य की एजेंसियां सीधे सोशल मीडिया कंपनियों को निर्देश भेज सकती हैं, उसी तरह प्रक्रिया को भी विकेंद्रीकृत करने पर विचार हो रहा है।

## कहा- जीने में कठिनाई हो रही

# असम सांसद बोरदोलोई कांग्रेस छोड़कर भाजपा में हुए शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के नगांव से दो बार सांसद रहे और तरुण गोगोई सरकार में पूर्व मंत्री रहे प्रद्युत बोरदोलोई के इस्तीफे को लेकर चले ज़ोरदार ड्रामे के बाद बुधवार को बोरदोलोई ने असम के अहम चुनावों से पहले औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। बोरदोलोई के शामिल होने की पुष्टि करते हुए सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि पीएम के भारत के लिए विजन से प्रेरित होकर सांसद और अन्य गणमान्य भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं।



### सहयोगियों को 37 सीटें देंगे: सरमा

असम विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए का सीट शेयरिंग फार्मूला तय हो गया है। 126 विधानसभा में से भाजपा सबसे ज्यादा 89 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं एजीपी 26 और बीपीएफ 11 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। सरमा ने घोषणा की थी कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा 89 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इजराइली रक्षा मंत्री काट्र्ज का दावा

# आईडीएफ हमले में मारे गए ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब

**काट्र्ज ने कहा कि उन्होंने और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को किसी भी शीर्ष ईरानी अधिकारी को (मार गिराने) का अधिकार दे दिया है जिसके लिए अब किसी अतिरिक्त मंजूरी की जरूरत नहीं होगी**

1 रोज के हमलों से ईरान की सैन्य क्षमता लगातार कमजोर कर रहे

2 लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ लड़ाई और तेज करेगा इजराइल

अमेरिका - ईरान जंग विश्व युद्ध की आहट



इस्माइल खतिब

- रक्षा मंत्री काट्र्ज ने कहा कि एक और 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद
- ट्रंप बोले- ईरानी राज्य के बचे-खुचे हिस्से को समाप्त कर देंगे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्र्ज ने एक बयान जारी कर दावा किया है कि ईरान के एक और शीर्ष नेता की हवाई हमले में मौत हो गई है। उनके अनुसार, मंगलवार रात हुए हमले में खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब मारे गए।

हालांकि, ईरान ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। काट्र्ज ने कहा है कि एक और 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद है। उन्होंने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि ईरान और लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज हो जाएगी। काट्र्ज ने कहा कि उन्होंने और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को किसी भी शीर्ष ईरानी अधिकारी को (मार गिराने) का अधिकार दे दिया है, जिसके लिए अब किसी अतिरिक्त मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। बता दें, एक दिन पहले ही इजराइल ने ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और बसीज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी को निशाना बनाया था, जिसमें दोनों अधिकारियों की मौत हो गई थी।



ईरान द्वारा इजराइल के रमत गन में किए हमले में क्षतिग्रस्त घर


### 2.6 लाख भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी

*सरकार ने बताया कि 28 फरवरी से अब तक करीब 2.6 लाख यात्री उस क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। हालात को देखते हुए विदेश मंत्रालय लगातार निगरानी कर रहा है और लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया जारी है। सरकार ने साफ किया है कि फ्लाइट सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं और स्थिति पहले से बेहतर है। यूएई से भारत के लिए बड़ी संख्या में उड़ानें संचालित हो रही हैं। साथ ही भारतीय दूतावास जरूरतमंद लोगों, खासकर छात्रों की मदद कर रहा है और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूएई के विभिन्न एयरपोर्ट से रोजाना बड़ी संख्या में फ्लाइट्स भारत आ रही हैं। 17 मार्च को करीब 70 उड़ानें संचालित हुईं और बुधवार को भी इतनी ही उड़ानें रही हैं। कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है, जबकि कुवैत में एयरस्पेस बंद है। वहां से विशेष उड़ानों की योजना बनाई जा रही है।*

### अमेरिकी सेना ने ईरान पर भारी बमों से हमला किया

*अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार अमेरिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तट पर स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के कई डीप पेनिट्रेटर मूनिशन्स (गहरे भेदक हथियार) का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। सेंट्रल कमांड ने यह भी स्पष्ट किया कि इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रही थीं। यह कार्रवाई संभवतः क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।*

### ईरान दुनिया का नंबर-1 राज्य प्रायोजित आतंकी



ईरान से युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बेहद चौंकाने वाला बयान सामने आया है। ट्रंप ने कहा कि मैं सोच रहा हूं कि अगर हम आतंकी ईरानी राज्य के बचे-खुचे हिस्से को समाप्त कर दें और उस तथाकथित स्ट्रेट की जिम्मेदारी उन देशों को सौंप दें जो इसका इस्तेमाल करते हैं (हम नहीं करते) तो क्या होगा? इससे हमारे कुछ गैर-प्रतिक्रियाशील सहयोगियों को तेजी से सक्रिय हो जाना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा कि याद रखो, उन सभी बेवकूफों के लिए जो बाहर बैठे हैं- ईरान को हर कोई दुनिया का नंबर वन राज्य प्रायोजित आतंकवादी मानता है। हम तेजी से उन्हें कारोबार से बाहर कर रहे हैं!

### यूएस के लिए पाक सबसे बड़ा परमाणु खतरा

*अमेरिका की खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने दुनिया की सुरक्षा को लेकर बड़ा अलर्ट जारी किया है। उन्होंने साफ कहा है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जो अमेरिका के लिए सबसे बड़े परमाणु खतरों में गिने जा रहे हैं। गबार्ड ने बताया कि पाकिस्तान के अलावा रूस, चीन, उत्तर कोरिया और ईरान भी तेजी से अपने मिसाइल सिस्टम को मजबूत कर रहे हैं। ये देश नए और उन्नत मिसाइल विकसित कर रहे हैं, जो परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं।*

## युद्ध रोकने के लिए अमेरिका को देना होगा हर्जानाः अराघची



शीर्ष नेताओं की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि किसी एक नेता के जाने से ईरान की राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक संरचना पर कोई असर नहीं पड़ेगा और देश अपनी नीतियों व रणनीतियों के साथ आगे बढ़ता रहेगा। इस पूरे संघर्ष के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन को इसके मानवीय और आर्थिक नुकसान की जवाबदेही लेनी होगी। मौजूदा युद्ध तभी समाप्त हो सकता है जब ईरान को हुए नुकसान की भरपाई की जाए और उसकी संप्रभुता का सम्मान किया जाए। अराघची ने कहा कि ईरान अपने हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा।

### व्यवस्था व्यक्ति से बड़ी होती है

अराघची ने कहा कि व्यवस्था व्यक्ति से बड़ी होती है और ईरान इसी सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है। अराघची ने जनता को भरोसा दिलाया कि ईरान की सरकार और संस्थाएं अपने कामकाज में पूरी तरह सक्षम हैं और देश के सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को लेकर ईरान पर लगाए जा रहे आरोप राजनीतिक हैं और पश्चिमी देशों द्वारा दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि वर्तमान परिस्थितियों में ईरान इस मार्ग से अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों तक ऊर्जा आपूर्ति नहीं होने देगा।

### जंग खत्म करने के लिए कोशिश करते रहेंगेः चीन



चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनका देश मिडिल ईस्ट में लड़ाई खत्म करने के लिए लगातार कोशिश करता रहेगा। बीजिंग में यूएई के राष्ट्रपति के विशेष दूत के साथ बैठक के दौरान वांग यी ने कहा कि यह युद्ध कभी होना ही नहीं चाहिए था। इसे जारी रखने का भी कोई कारण नहीं है। उन्होंने यूएई की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए भी अपना समर्थन जताया।

### रूस ने लारिजानी की हत्या की निंदा की



*रूस ने ईरान के वरिष्ठ नेता अली लारिजानी की हत्या की कड़ी निंदा की है। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि किसी भी संप्रभु देश के नेतृत्व को निशाना बनाना गलत है और इस तरह की कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस उन सभी कदमों की निंदा करता है, जिनका मकसद किसी देश के नेताओं को नुकसान पहुंचाना या उन्हें खत्म करना हो।*

### ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला

*इजराइल ने अब ईरान के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इजराइली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी ईरान के बुशेहर प्रांत में गैस इंफ्रास्ट्रक्चर पर एयरस्ट्राइक की है। यह हमला दुनिया के सबसे बड़े गैस क्षेत्रों में से एक साउथ पार्स गैस फील्ड से जुड़ी सुविधाओं पर किया गया। ईरानी सैन्य अधिकारियों ने प्रतिक्रिया में कहा कि अब उन दुश्मन के इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जाएगा, जिन्हें अब तक सुरक्षित माना जाता था। ईरान ने दक्षिणी शहर असालुयेह और साउथ पार्स गैस फील्ड पर हुए हमलों को वॉर क्राइम करार दिया है और कहा है कि यह कार्रवाई बिना जवाब के नहीं छोड़ी जाएगी।*

### इजराइली हमले में लेबनान में 12 लोगों की मौत

*लेबनान में इजराइल के हमले में 12 लोगों की मौत हो गई है और 41 लोग घायल हुए हैं। यह हमला शहर के केंद्रीय इलाके में हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग रहते हैं, जिससे हताहतों की संख्या ज्यादा होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, दक्षिणी लेबनान में इजराइली हवाई हमले में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इजराइली लड़ाकू विमानों ने देइर एज-जहरानी कस्बे को निशाना बनाया, जहां एक स्कूल और एक रेस्टोरेंट के पास हमला हुआ।*

### इजराइली हमले में ईरान में 7 लोगों की मौत

*ईरान के लोरिस्तान प्रांत में इजराइल के हमले में 7 लोगों की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए। यह जानकारी प्रांत के सुरक्षा उप-गवर्नर ने दी है। हमले में रिहायशी, नागरिक और घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया गया। इससे पहले इसी प्रांत के चेगेनी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में हुए हमले में 4 लोगों की मौत हुई थी।*

### 130 ईरानी मिसाइलें और 234 ड्रोन मार गिराएः बहरीन

*बहरीन ने दावा किया है कि उसने ईरान के हमलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक 130 मिसाइलें और 234 ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन डिफेंस फोर्स के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने जंग शुरू होने के बाद से लगातार हो रहे हमलों को सफलतापूर्वक रोका है।*

## खबर संक्षेप

### नेपाल में हेलिकॉप्टर क्रैश लैंडिंग के वक्त हादसा

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी हिस्से में स्थित खोटांग जिले में बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। एयर डायनेस्टी का एक हेलिकॉप्टर लैंडिंग के दौरान अचानक पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट के अलावा इस हेलिकॉप्टर में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे, जो काठमांडू से अपने एक परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने खोटांग जा रहे थे। इस घटना में किसी की जान नहीं गई।



### फिनलैंड के राष्ट्रपति को भायी फिल्म 'धुरंधर'

**नई दिल्ली।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने एक वीडियो शेयर की है। इसमें वो लंदन के हाइड पार्क में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी, उनकी पत्नी डायना कार्नी और अपनी पत्नी सुजैन इनेस-स्टब के साथ मॉर्निंग जॉग पर निकले हैं। दौड़ते हुए पीएम कार्नी, राष्ट्रपति स्टब से पूछते हैं, 'भारत में आपका इंस्टाग्राम कैसा था?' स्टब ने कहा कि ये बहुत बड़ा हो गया था जब मैंने कहा कि मैंने धुरंधर देखी जो अच्छी लगी है।



### अर्जेंटीना ने डब्ल्यूएचओ से अपना नाम वापस लिया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के विदेश मंत्री पाब्लो क्विर्नो ने कहा कि अर्जेंटीना ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से औपचारिक रूप से वापसी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अर्जेंटीना ने यह निर्णय 17 मार्च 2025 को संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भेजे गए एक नोट के माध्यम से सूचित किया था।




पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा का बड़ा बयान

# तनाव का ईंधन आपूर्ति पर असर नहीं रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है।

सरकार ने बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है।

पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना




### पेट्रोल पंप पर कामकाज सामान्य

सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता पर संचालित हो रही हैं। पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। परिवहन के लिए इस्तेमाल होने वाली सीएनजी और घरों में उपयोग होने वाली पीएनजी की आपूर्ति उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे जहां भी संभव हो, पीएनजी कनेक्शन अपनाएं। इसके साथ ही, पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैस कंपनियों ने विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है।

### पड़ोसी देशों ने भारत से मांगी मदद

*भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। सुजाता शर्मा ने 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा 5 हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3 हजार टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है।*

### चीन जा रहे टैंकर्स ने भारत का किया रुख

*भारत ने रूसी कच्चे तेल की खरीद को बढ़ा दिया है और कई टैंकर्स, जिनका निर्धारित गंतव्य स्थान चीन के पोर्ट्स थे, अब उन्होंने भारत का रुख किया है। कच्चे तेल से लदा अफ्रामैक्स टैंकर एक्वा टाइटन, 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने वाला है, जिसमें यूराल्स का कच्चा तेल होगा। जनवरी के अंत में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से तेल लोड करने के बाद जहाज ने शुरू में चीन के रिझाओ को अपना गंतव्य निर्धारित किया था। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, मार्च के मध्य में अचानक अपना रास्ता बदलते हुए, जहाज दक्षिण चीन सागर में मुड़ गया और भारत की ओर बढ़ने लगा। भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों ने अपनी कच्चे तेल की खरीद को बढ़ा दिया है और केवल एक हफ्ते में करीब 30 मिलियन बैरल रूसी कच्चा तेल खरीद लिया है।*

पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति पर चर्चा

## पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, ईद की दी शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के साथ उच्चस्तरीय कूटनीतिक संवाद को आगे बढ़ाते हुए वहां के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से फोन पर बात की और ईद के आने वाले त्योहार पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा बातचीत में पीएम मोदी ने क्राउन प्रिंस से क्षेत्रीय शांति और समुद्री सुरक्षा पर भी बातचीत की। पीएम ने खुद इस बातचीत का जानकारी ट्वीट कर दी है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की और ईद के आने वाले त्योहार पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रमों पर अपनी चिंताएँ साझा कीं।



कुवैत के क्राउन प्रिंस और पीएम मोदी फाइल फोटो

### भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए जताया आभार

*पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की भारत द्वारा की गई निंदा को हमने फिर से दोहराया। होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। पीएम ने आगे लिखा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन देने हेतु मैंने उनका आभार व्यक्त किया। बता दें कि इससे पहले, पीएम मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नहयान से फोन पर बात की थी।*

रक्षा क्षेत्र में भारत की बड़ी छलांग

## पोखरण में पहली बार निजी कंपनी ने की पिनाका रॉकेट की सफल टेस्टिंग

एजेंसी ▶▶ पोखरण

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की तरफ देश ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। राजस्थान के पोखरण में सोलर ग्रुप ने पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट्स का सफल परीक्षण करके रक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। कंपनी ने पहली बार पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो उत्पादन बैचों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह महत्वपूर्ण परीक्षण राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। सोलर ग्रुप ने बताया कि इस दौरान कुल 24 पिनाका एनहैंस्ड रॉकेट्स का परीक्षण किया गया। इन रॉकेट्स की सटीकता, स्थिरता और मारक



पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट का सफल परीक्षण

क्षमता को परखा गया। कंपनी के अनुसार, सभी रॉकेट्स ने मैदानी परिस्थितियों में असाधारण रूप से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और अपने सभी लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह पहली बार है जब पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट्स के उत्पादन बैचों का परीक्षण किसी निजी कंपनी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया है। यह निजी क्षेत्र की बढ़ती क्षमता और आत्मनिर्भरता का बड़ा प्रमाण है।

देश की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम

## आईसीजी को मिलेगी नई ताकत, नेक्स्ट जेनरेशन पोत निर्माण शुरू

- आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी निर्माण

एजेंसी, नई दिल्ली

देश की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स (ओपीवी) के निर्माण का समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह रत्नागिरी स्थित मेसर्स वाईएमपीएल में आयोजित किया गया, जहां ओपीवी श्रृंखला के दूसरे और तीसरे पोत (यार्ड 16402 और 16403) के निर्माण की औपचारिक शुरुआत हुई।

### अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे पोत



ओपीवी के निर्माण समारोह में उपस्थित आईसीजी के शीर्ष अधिकारी

### समुद्री सुरक्षा में होगा बड़ा इजाफा

इन नए पोतों के शामिल होने से भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह कदम देश की तटीय सुरक्षा को मजबूत करने और समुद्री हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस निर्माण समारोह की अध्यक्षता आईजी सुधीर साहनी ने की। इस दौरान भारतीय तटरक्षक बल और एमडीएल के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

*ये नेक्स्ट जेनरेशन पोत 5,000 समुद्री मील की रेंज और 23 समुद्री मील की अधिकतम गति हासिल करने में सक्षम होंगे। करीब 117 मीटर लंबे इन पोतों में 11 अधिकारियों और 110 जवानों के रहने की क्षमता होगी। इनमें एआई-आधारित पूर्वानुमानित रखरखाव प्रणाली, रिमोट पायलटेड ड्रोन, इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम और इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल होंगी। यह परियोजना मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा 'बाय (इंडियन-आईडीडीएम)' श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित की जा रही है। छह नेक्स्ट जेनरेशन ओपीवी के निर्माण का अनुबंध 20 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ था।*

आईओएस सागर पहल

### 16 देशों के साथ समुद्री साझेदारी को मजबूत करने की नौसेना की पहल

*भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोगात्मक समुद्री सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रही है। नौसेना ने 'आईओएस सागर' के दूसरे संस्करण की शुरुआत कर दी है। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू किया गया 'आईओएस सागर' एक विशेष ऑपरेशनल कार्यक्रम है। इसका मूल उद्देश्य मित्र राष्ट्रों के नौसैनिकों को भारतीय नौसेना के जहाज पर एक साथ प्रशिक्षण और समुद्री अनुभव प्रदान करना है। यह कार्यक्रम 16 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। इस पहल के तहत विभिन्न देशों के इन अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को जहाज पर होने वाली गतिविधियों और पेशेवर प्रशिक्षण में शामिल किया जाता है। इससे अलग-अलग देशों के नौसैनिकों के बीच आपसी तालमेल, सहयोग और समुद्री अभियानों की समझ को बढ़ावा मिलता है। प्रारंभ किए गए इस संस्करण में 16 मित्र देशों के नौसैनिक भाग ले रहे हैं।*





## डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई संसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

# संभव है टीबी से बचाव-उपचार

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. एस.पी. राय
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई





हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।




**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है।



आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला



### टीबी पेशेंट्स की डाइट

**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।




## प्रिकॉशन/ डॉ. माजिद अलीम

# क्या आप भी करते हैं अकसर लॉन्ग सिटिंग

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।



**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**लगातार बैठने के नुकसानः** हममें से अधिकतर लोग अगर ऑफिस में काम न भी कर रहे हों, तो भी घंटों कार चलाने के दौरान, टीवी देखने के दौरान, काउच पर आराम करने के दौरान, और तो और कुर्सी पर ही घंटों एक ही मुद्रा में बैठे रहते गैजेट्स में बिजी रहते हैं। लगातार बैठे रहने से हमारी कमर पर लगातार दबाव बढ़ता है। घंटों एक ही मुद्रा में बैठने से या स्क्रीन पर देखने से हमारी गर्दन और कमर पर पड़ने वाला दबाव हमारी निद्रा के पैटर्न को भी बदल देता है। डायबिटीज और मोटापा बढ़ता है। हमारे शरीर की कंज्यूम की गई कैलोरीज की खपत नहीं होती, जिसके कारण मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती हैं। खराब पॉश्चर के कारण कमर दर्द, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हाइपरटेंशन, एब्नॉर्मल ब्लड लिपिड प्रोफाइल और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

**इन बातों पर करें गौरः** अपने हृदय के स्वास्थ्य के लिए सही डाइट के साथ-साथ गति, ऊर्जा देना भी जरूरी है।

- सिटिंग जॉब के दौरान हर 30 मिनट बैठने के बाद बीच में ब्रेक लें। 15 से 20 मिनट तक खड़े होकर काम करने का प्रयास करें।
- बैठने के दौरान बीच में रुक-रुककर अपने पैरों और कंधों को स्ट्रेच करें, इससे आपको आराम मिलेगा।
- अपनी डेस्क को इस तरह से ऑर्गनाइज करें कि कंधे, गर्दन, पीठ पर काम का दबाव न महसूस हो। *





# जब ब्रह्मा और विष्णु के बीच उपजे विवाद के बीच प्रकट हुए शिव

## रंगश्री लिटिल बैले में नटेश कौतवम् की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंगश्री लिटिल बैले में बुधवार शाम को नटेश कौतवम् की प्रस्तुति दी गई, जिसे भरतनाट्यम नृत्य शैली में मंच पर जीवंत किया अनन्या यादव ने। दरअसल, नटेश कौतवम् भरतनाट्यम की एक बहुत ही ऊर्जावान और भक्तिपूर्ण पारंपरिक रचना है। यह विशेष रूप से भगवान शिव (नटराज) को समर्पित है। ब्रह्मा और विष्णु के मध्य उपजे वाद-विवाद को शांत करने के लिए शिव जी प्रकट होते हैं। नृत्य नाटिका के अंत में देवाधिदेव महादेव द्वारा धारण किए गए आठ रहस्यों गंगा, चंद्रमा, वासुकि नाग, त्रिशूल, समुद्र मंथन से निकले विष, भस्म, डमरू, बाघम्बर को उजागर किया गया है।



रंगश्री लिटिल बैले में नाटक नटेश कौतवम् की प्रस्तुति देते कलाकार।



### नृत्य के बोल और साहित्य का सुंदर मिश्रण

भरतनाट्यम के मार्गम (प्रस्तुति क्रम) में कौतुकम एक प्राचीन नृत्य प्रकार है। यह 'सप्त ताल' के अंतर्गत आता है। इसमें नृत्य के बोल (सोलकट्टू) और साहित्य (भक्ति गीत) का सुंदर मिश्रण होता है। भरतनाट्यम में भगवान शिव (नटराज) को समर्पित एक पारंपरिक, तेज़ गति वाला और भक्तिपूर्ण नृत्य है। यह आम तौर पर प्रदर्शन के आरंभ में एक मंगलाचरण के रूप में किया जाता है, जिसमें नर्तक शिव की पूजा और उनके नृत्य रूप का वर्णन करने के लिए सुंदर मुद्राओं और जटिल पैरों के काम का उपयोग करते हैं।



## मध्यप्रदेश की धरती धर्म और संस्कृति की भूमि है : डॉ. मोहन यादव

# राष्ट्रप्रेम के काव्य रस में भीगी राजधानी

*डॉ. कुमार विश्वास सहित प्रख्यात कवियों ने पेश की रचनाएं, देर रात तक डटे रहे हजारों श्रोता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदू नववर्ष के स्वागत में आयोजित हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा की संस्था "कर्मश्री" का बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन अपने 25वें वर्ष में ऐतिहासिक स्वरूप के साथ संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में देश के प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास सहित हास्य कवि दिनेश बावरा, पैरोडीकार सुदीप भोला, कवि अजय अंजाम, कवि कुशल कुशलेन्द्र एवं कवयित्री सान्या राय ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य, वीर, श्रृंगार और राष्ट्रभक्ति रस से सजे इस आयोजन में हजारों श्रोता देर रात तक डटे रहे और काव्य रस में सराबोर होते नजर आए।

उल्लेखनीय है कि "कर्मश्री" संस्था के अध्यक्ष एवं हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में यह कवि सम्मेलन पिछले 25 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर इस बार आयोजन को विशेष भव्यता दी गई, जिसने इसे राजधानी के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल कर दिया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक गौरव का वातावरण बना रहा। श्रोताओं की भारी भीड़ और लगातार गूंजती तालियों ने कवियों का उत्साह बढ़ाया, जिससे मंच और पंडाल देर रात तक काव्यमय बना रहा।




हिंदू नववर्ष के स्वागत में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन पहुंचे कवि कुमार विश्वास कविता पाठ करते हुए।

### यह अतिथि रहे मौजूद

कवि सम्मेलन में काव्य के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के कई प्रमुख चेहरे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष एवं हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, धर्मगुरु अनिलानंद जी, ज्ञानी दिलीप सिंह जी, भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, पूर्व विधायक जशवंत सिंह हाड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।



### प्रधानमंत्री के सपनों को साकार कर रहे हैं डॉ. मोहन

कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष एवं हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कवि सम्मेलन के मंच से नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विकास कार्यों के साथ-साथ बेटियों के सम्मान, गौ-सेवा और भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का कवि सम्मेलन विशेष ऐतिहासिक महत्व रखता है। हिंदू आस्था की मजबूती के प्रतीक सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण के 1000 वर्ष, वंदे मातरम के 150 वर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष जैसे महत्वपूर्ण पड़ाव इसी कालखंड में आए हैं।

### मध्यप्रदेश की धरती धर्म और संस्कृति की भूमि है : डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती धर्म और संस्कृति की भूमि रही है। हजारों वर्ष पूर्व उज्जयिनी के सांदीपनि आश्रम में अध्ययन करने वाले भगवान श्रीकृष्ण ने विश्व को गीता का ज्ञान दिया। सम्राट विक्रमादित्य ने इसी धरती से विक्रम संवत का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि मैं इस पावन अवसर पर डॉ. कुमार विश्वास सहित सभी पधारे कवियों का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने आयोजन के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि वे विकास कार्यों के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



कवि सम्मेलन का आनंद लेने उमड़ी भीड़।

### बैक ड्रॉप में उकेरी झांकियां

कवि सम्मेलन के मंच पर बनाए गए भव्य बैकड्रॉप में सोमनाथ मंदिर के स्वाभिमान और आस्था के 1000 वर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती तथा वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ से जुड़ी आकर्षक झांकियां उकेरी गई हैं, जो कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं और सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं।



# मप्र की तनिष्का ने वाराणसी में दी भरतनाट्यम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा वाराणसी के नमो घाट पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम 'काशी वंदन' जो बनारस की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, संगीत और आध्यात्मिकता को दर्शाता है, इसमें देश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। मध्यप्रदेश की सुप्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना एवं अभिनेत्री तनिष्का हतवलने द्वारा चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष, विक्रम संवत 2083 की पूर्व संध्या पर भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी गई। तनिष्का सुप्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्य गुरू डॉ. मंजू मणि हतवलने की शिष्या हैं। तनिष्का ने अलारिप्पु, मल्लरी, जतिस्वरम, शिव कीर्तनम् के साथ ही कला में आध्यात्मिकता को दर्शाते हुए आद्यगुरु शंकराचार्य द्वारा रचित निर्वाण षटकम् पर भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया।



### इसलिए प्रस्तुत की आद्यगुरु शंकराचार्य की रचना

तनिष्का ने बताया कि वाराणसी एक आध्यात्मिक स्थान है जहां कदम रखते ही आप भक्ति के रस में होते हैं। मैं मध्यप्रदेश से हूं जहां मां नर्मदा नदी के बीच मंधाता द्वीप पर स्थित भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक पवित्र तीर्थ स्थल है ओंकारेश्वर, और यहां आदिशंकराचार्य की 108 फीट ऊँची प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ वननेस' भी है। उन्हीं आद्यगुरू ने अपनी यात्रा में काशी आकर अद्वैत वेदांत का पुनरुद्धार किया और वेदों की सर्वोच्चता स्थापित की। इसीलिए मैंने अपनी प्रस्तुति के लिए उनकी रचना को लिया।




# केवल गति से नहीं, सही दिशा से ही राष्ट्र आगे बढ़ता है: तिवारी

आरकेडीएफ में विकसित भारत 2047 विषय पर संगोष्ठी में पहुंचे न्यायमूर्ति तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केवल गति से नहीं, सही दिशा से ही राष्ट्र आगे बढ़ता है और यदि युवाओं की ऊर्जा को दिशा मिल जाए, तो 2047 का विकसित भारत केवल सपना नहीं, वास्तविकता बन सकता है। यह विचार न्यायमूर्ति मोहन प्रसाद तिवारी ने आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में आयोजित 'विकसित भारत 2047: युवाओं की भूमिका' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्यक्त किए। यह आयोजन विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक: प्रो. अग्रवाल

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. विजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। संगोष्ठी के संयोजक लेफ्टिनेंट प्रो. चंद्र बहादुर सिंह दांगी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मेजर जनरल तेजपाल सिंह रावत ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जन-भागीदारी आवश्यक है। ब्रिगेडियर रजनीश सिंह गौर ने युवाओं को स्वदेशी सोच अपनाने, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने और उद्यमिता की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।

### मानव जीवन के सामने गंभीर चुनौतियां

एनएसएस के सहायक समन्वयक राहुल सिंह परिहार ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने मानव जीवन के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हम सजग नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस अवसर पर पूर्व आईएएस आलोक अवस्थी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

## साहित्यिक अवदान के लिए सम्मानित

# मनीष बादल को लखनऊ में मिला सुंदरम् साहित्य रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वरिष्ठ साहित्यकार एवं मप्र लेखक संघ के प्रादेशिक सचिव मनीष बादल को 2026 का प्रतिष्ठित सुंदरम् साहित्य रत्न सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान सुंदरम् साहित्य संस्थान, लखनऊ द्वारा साहित्यिक योगदान के लिए दिया गया।

यह सम्मान 16 मार्च की संध्या लखनऊ पुस्तक मेला के अंतर्गत रवीन्द्रालय प्रांगण में आयोजित वार्षिक समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं का चयन कर सम्मानित किया जाता है। समारोह में देश के वरिष्ठ छन्दकार आचार्य ओम नीरव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कृपाशंकर श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने प्रस्तुत की, वहीं संचालन डॉ. योगेश गुप्त ने किया। सम्मान स्वरूप मनीष बादल को मोमेंटो, सम्मान पत्र, शॉल एवं सम्मान राशि भेंट की गई।

## नई दिल्ली में आयोजित भव्य सम्मान समारोह

# अति विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान 2026 से सम्मानित हुए संतोष चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा नई दिल्ली में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में वरिष्ठ कवि कथाकार, विश्व रंग के निदेशक एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे को अति विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान–2026 से सम्मानित किया गया।

यह महत्वपूर्ण सम्मान प्रतिष्ठित कथाकार ममता कालिया, सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय, बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स के अध्यक्ष संजीव कुमार द्वारा प्रदान किया गया। संतोष चौबे को वैश्विक स्तर पर साहित्य, कला, संस्कृति, हिंदी भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि संतोष चौबे अपने अभिनव रचनात्मक प्रकल्पों और नवाचारों के लिए वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। विश्व रंग 'मॉरीशस', श्रीलंका, दिल्ली, मुंबई और हाल ही में भोपाल में विश्व रंग का सातवां भव्य आयोजन कर हिंदी के वैश्विक विस्तार की जमीन तैयार की है।



### संगीत संध्या 'तेरे सुर और मेरे गीत' में 45 सिंगर्स ने दी प्रस्तुतियां

भोपाल। लय तरंग समूह की संस्थापक तरुणा राकेश चौहान द्वारा एक संगीतमय संध्या का आयोजन बीते दिनों राजधानी के एक निजी होटल में दुर्वेश मालवीया के आतिथ्य में किया गया। 'तेरे सुर और मेरे गीत' शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 45 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

## रविंद्र भवन में 'कहानी लता की' स्वर शाला की विशेष प्रस्तुति

# लता की जीवन-यात्रा के चुनिंदा गीतों को पिरोया सुरों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय संगीत की स्वर-सम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि स्वरूप दृश्य–श्रव्य श्रृंखला 'कहानी लता की' प्रस्तुति का आयोजन बुधवार शाम रविंद्र भवन में किया गया। अनूप श्रीवास्तव की संकल्पना को साकार करती इस प्रस्तुति में लता मंगेशकर की जीवन-यात्रा को उनके कुछ चुनिंदा, कालजयी गीतों के माध्यम से भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस विशेष प्रस्तुति में कथा और संगीत का सुगठित संगम देखने को मिला जहां लता जी के संघर्ष, साधना और उपलब्धियों की कहानी उनके स्वर-संसार के प्रतिनिधि गीतों के साथ आगे बढ़ी।






### गीतों से मंच को किया आलोकिक

मुख्य कलाकार के रूप में श्रीजा उपाध्याय ने अपनी सशक्त और सौम्य गायकी से मंच को आलोकित किया। उनके साथ स्वर शाला के उभरते हुए प्रतिभाशाली कलाकारों ने भी सहभागिता की। इस कार्यक्रम की विशेषता ये रही कि इसमें लताजी के 70 साल लंबे सांगीतिक सफ़र को चंद चुनिंदा गीतों के माध्यम से पेश किया गया, जिसमें मुख्य रूप से रसिक बलमा, कुहू-कुहू बोले कोयलिया, होठों पे ऐसी बात, आ जाने जां, रंगीला रे जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी गई।



## खबर संक्षेप

### ईबीजी ग्रुप और हार्ड रॉक इंटरनेशनल में साझेदारी

**नई दिल्ली।** ईबीजी ग्रुप ने हार्ड रॉक इंटरनेशनल के साथ एक रणनीतिक ब्रांड लाइसेंसिंग साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत भारत में हार्ड रॉक -ब्रांडेड प्रीमियम कॉफी मशीनें और छोटे किचन उपकरण पेश किए जाएंगे। भारत में प्रवेश रणनीति के हिस्से के रूप में, इस साझेदारी को 100 करोड़ रुपए के नियोजित निवेश का समर्थन प्राप्त है और 5 वर्षों में 500 करोड़ रुपए के राजस्व लक्ष्य का अनुमान है। यह सहयोग भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम होम अप्लायंसेज़ सेगमेंट का लाभ उठाने का उद्देश्य रखता है।

### स्पेशियलिटी मेडिसिंस का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** स्पेशियलिटी मेडिसिन्स लिमिटेड अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) शुक्रवार 20 मार्च 2026 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य अपर प्राइस बैंड पर 29.14 करोड़ जुटाने का है और इसके शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू का आकार 10 फेस वैल्यू वाले 23,50,000 इक्विटी शेयरों का है, जिसका प्राइस बैंड 117 से 124 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह इश्यू शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को खुलेगा और मंगलवार 24 मार्च 2026 को बंद होगा।

### एक्सिस बैंक की 'वूमेंस स्मॉल बिजनेस बैंकिंग' सुविधा लांच

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने 'वूमेंस स्मॉल बिजनेस बैंकिंग' सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। यह पेशकश कर्ज सुविधाओं को व्यापक बैंकिंग सेवाओं और करंट अकाउंट के फायदों के साथ जोड़ती है। इसका मकसद महिला-मालकिन वाले व्यवसायों की तरक्की और स्थिरता को बढ़ाने के लिए एक संपूर्ण बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है। इस पहल के तहत महिला-नेतृत्व वाले एमएसएमई को विशेष दरों का लाभ मिल सकता है।

### टिपको इंजी.का आईपीओ 23 मार्च को खुलेगा

**मुंबई।** टिपको इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड ने 23 मार्च 2026 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खोलने का प्रस्ताव किया है, जिसके माध्यम से वह 60.55 करोड़ रुपए (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाने का लक्ष्य रखती है। इश्यू का आकार 10 रुपए प्रति शेयर के फेस वैल्यू के साथ 68,03,200 इक्विटी शेयर है, जिसमें प्राइस बैंड 84 से 89 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। एंकर बोली प्रक्रिया शुक्रवार 20 मार्च 2026 को होगी। इश्यू सोमवार 23 मार्च 2026 को खुलेगा और बुधवार, 25 मार्च 2026 को बंद होगा।

### पेक्सपो ने जीओ 24 बोतल लांच किया

**नई दिल्ली।** पेक्सपो ने जीओ 24 लांच किया है,जो भारत में तेजी से बढ़ते जेन ज़ेड और युवा उपभोक्ताओं को लक्षित करता है। यह लांच सोनी याय! के साथ साझेदारी में किया गया है, ताकि हाइड्रेशन श्रेणी में वैश्विक रूप से लोकप्रिय पॉप कल्चर किरदारों को शामिल किया जा सके। जीओ24 बोतलों के साथ, कंपनी ने उन्नत तीन-लेयर इंसुलेशन तकनीक भी पेश की है, जो बाजार में उपलब्ध पारंपरिक डबल-लेयर बोतलों की तुलना में पेय पदार्थों को ठंडा और गर्म बनाए रखने के लिए डिजाइन की गई है। इससे जीओ24 को भारत में और वैश्विक स्तर पर कुछ चुनिंदा ब्रांड्स में शामिल किया जाता है।

### मामला लीगल है सीजन 2 का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** मामला लीगल है सीजन 2 में वीडी त्यागी के रूप में वापसी हुआ। 'मामला लीगल है सीजन 2' में, दर्शकों को और अधिक ह्यूमर एवं गहरे रिश्ते देखने को मिलेंगे। पोषम पा पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस सीरीज में शो-रनर समीर सक्सेना हैं। इसके डायरेक्टर राहुल पांडे हैं। सौरभ खन्ना और कुणाल अनेजा द्वारा निर्मित किरदारों और दुनिया पर आधारित नए सीजन की कहानी सैयद शदान, मोहक अनेजा और तत्सत पांडे ने लिखी है, तथा कुणाल ने टीम को लीड किया है।

---

**ईरान-अमेरिका जंग से ईंधन पर आंच, ग्राहकों का ईवी गाड़ियों की ओर ज्यादा रूख**

# रामनवमीं तक 1500 फोर व्हीलर्स और 5 हजार टू-व्हीलर्स बिक्री की उम्मीद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ऑटोमोबाइल सेक्टर को इस वर्ष बंपर बिक्री की उम्मीद है। त्योहारों के दौरान राजधानी भोपाल में करीब 5 हजार टू-व्हीलर और 1500 फोर व्हीलर्स की बुकिंग और डिलीवरी की उम्मीद है। आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े टू-व्हीलर और फोर व्हीलर्स डीलर्स के अनुसार चैत नवरात्रि शुरू होने के साथ मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उज्जैन मेले की तिथि में वृद्धि कर दिए जाने का लाभ सेक्टर को मिलेगा। आटोमोबाइल डीलर्स बताते है कि ईरान-अमेरिका जंग से ईंधन पर आंच आने से ग्राहकों ने अपना रूख अब इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर किया है।



भोपाल आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष पांडे के अनुसार टू-व्हीलर और फोर व्हीलर्स शोरूम में इंक्वायरी काफी बढ़ी है। ईरान-अमेरिका जंग की बदौलत भविष्य में आने वाले ऑयल संकट के मद्देनजर ग्राहकों का ज्यादा रूझान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीदारी की तरफ है। उन्होंने शुरू चैत नवरात्रि से रामनवमी तक राजधानी भोपाल में करीब 1500 फोर व्हीलर्स और 5 हजार के करीब टू-व्हीलर्स की बिक्री का अनुमान जताया।

*उम्मीद है कि नवरात्रि के दरम्यान मारूति की 500 कारों की बिक्री होगी*

*उम्मीद है कि टाटा की गाड़ियों की ग्रोथ 40 फीसदी होगी और करीब 300 कारें बिकेंगी*

*सभी वाहनों की बिक्री में गत वर्ष की अपेक्षा 10 फीसदी से अधिक का ग्रोथ होगी*





**नवरात्रि पर्व के साथ उज्जैन मेले की तारीख में वृद्धि का एडवांटेज मिलेगा**



आरएमजे मोटर्स ग्रुप के सीएमडी सुनील जैन 501 ने कहा कि शोरूम्स पर कार खरीदने वालों की भीड़ दिखने लगी है। उम्मीद है कि नवरात्रि के दरिम्यान मारूति की 500 कारों की बिक्री होगी। उनके अनुसार नवरात्रि पर्व के साथ आयोजित उज्जैन मेले की तारीख में वृद्धि होने का एडवांटेज आटोमोबाइल सेक्टर को मिलेगा। आयोजित उज्जैन मेला के दरम्यान अभी तक मारूति की 250 से अधिक गाड़ियां डिलीवर हो चुकी हैं।

वरेण्यम मोटर्स के संचालक विशाल जौहरी ने कहाकि फरवरी माह में टाटा मोटर्स की गाड़ियों में बिक्री ग्रोथ 30 फीसदी ज्यादा रहा है। अतः नवरात्रि पर्व पर उम्मीद है कि टाटा की गाड़ियों का ग्रोथ 40 फीसदी होगा और करीब 300 कारें बिकेंगी। उन्होंने कहाकि ग्राहकों का रूझान सर्वाधिक इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीदारी की ओर है। जौहरी ने कहाकि ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे वाहन उपभोक्ता इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर रुख कर रहे हैं। यह बदलाव उपभोक्ताओं को लंबी अवधि में ईंधन की उच्च लागत से बचने के लिए प्रेरित कर रहा है।



### 4.4-4.5 लाख कारें बिकने का अनुमान

उल्लेखनीय है कि ऑटोमोबाइल सेक्टर को मार्च 2026 में बंपर बिक्री की उम्मीद है, देशभर में 15-18 फीसदी की सालाना वृद्धि के साथ 4.4-4.5 लाख कारें बिकने का अनुमान है। जीएसटी कटौती, त्योहारी सीजन और ग्रामीण मांग में सुधार से बिक्री को बढ़ावा मिला है। वितवर्ष 2027 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 7-9 फीसदी बढ़ने और पैसेंजर वाहनों के 4.7 मिलियन यूनिट तक पहुंचने की उम्मीद है।

---

**एलन में जेईई व नीट के बैच की तिथियों की घोषणा**

## ए-सेट के माध्यम से एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा




बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब डॉक्टर और इंजीनियर के रूप में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट्स ने एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा व अन्य सेंटर्स पर आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए नए बैच के तिथियों की घोषणा हो चुकी है। बैच मार्च के अतिम सप्ताह में शुरू हो रहे हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि एलन की ओर से आगामी कई तिथियों में एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) का आयोजन स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। एसेट में शामिल होकर स्टूडेंट्स एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य रूप से एलन कोटा में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड एवं नीट-यूजी के नर्चर बैच 25 मार्च व 2 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। कक्षा 11 से 12 में जाने वाले जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के लिए बैच 2 अप्रैल जबकि नीट-यूजी के लिए 3 अप्रैल व 23 अप्रैल को प्रारंभ होंगे। इसी प्रकार वहीं 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के बैच 26 मार्च एवं 15 अप्रैल और नीट-यूजी के बैच 7 अप्रैल व 21 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। एलन के प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन डिवीजन (पीएनसीएफ) कक्षा 6 से 8वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए बैच 9 अप्रैल व 13 मई कक्षा 9वीं के लिए 6 अप्रैल व 13 मई एवं कक्षा 10वीं के स्टूडेंट्स के लिए 2 अप्रैल व 13 मई से बैच प्रारंभ होंगे। ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक अकेडमिक व साइक्लोजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें बेस सब्जेक्ट व आइक्यू के प्रश्न होते हैं। पेपर के सांइटिफिक असेसमेंट के आधार पर स्टूडेंट को एलन द्वारा स्कॉलरशिप ऑफर की जाती है।

### एसीसी कर रही मप्र में निर्माण पेशेवरों के विकास को प्रोत्साहित

**भोपाल।** विविधीकृत अडाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और तेजी से बढ़ती बिल्डिंग मटेरियल्स एवं सॉल्यूशंस कंपनी एसीसी, मध्य प्रदेश में निर्माण पेशेवरों के दीर्घकालिक विकास को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। होशंगाबाद में ठेकेदार मुकेश राणा की 17 वर्षों की यात्रा राजमिस्त्री से एक विश्वसनीय साइट मैनेजर बनने तक यह दर्शाती है कि लक्षित हस्तक्षेप कैसे स्थायी करियर प्रभाव पैदा कर सकते हैं।मुकेश ने अपने करियर की शुरुआत निर्माण कार्य में ऑन-द-जॉब राजमिस्त्री का कौशल सीखते हुए की और धीरे-धीरे छोटे स्तर के प्रोजेक्ट्स संभालने लगे। नियमित साइट विजिट्स के दौरान एसीसी के इंजीनियरों ने उन्हें बेहतर निर्माण तकनीकों की जानकारी दी और उनके काम करने के तरीकों को परिष्कृत करने में मदद की।




---

**डीलरों से सुरक्षा निधि को एक लाख से बढ़कर 10 लाख करने का विरोध**

## कृषि आदान विक्रेता संघ ने लिखा केंद्रीय मंत्रिद्वय और फर्टिलाइजर सचिव को पत्र

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कृषि आदान विक्रेता संघ ने एनएफएल कंपनी द्वारा डीलरों से सुरक्षा निधि को एक लाख से बढ़कर 10 लाख किए जाने के विरोध में केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, फर्टिलाइजर सेक्रेटरी रजत कुमार मिश्रा एवं जोनल मैनेजर एनएफएल आदि को पत्र लिखकर मांग की है कि उपरोक्त बढ़ोतरी को तत्काल रोका जावे।

प्रदेश संगठन सचिव संजय रघुवंशी ने बताया कि ऐसा लगता है कि कंपनी द्वारा सभी जिले के बड़े डिस्ट्रिब्यूटरों से कालाबाजारी करवाने की नीयत से ही उनके साथ मिलीभगत करके उपरोक्त सुरक्षा निधि को एक लाख से बढ़कर 10 लाख किए जाने का निर्णय लिया गया है ताकि छोटा डिस्ट्रीब्यूटर इस ट्रेड से बाहर हो जावे और कंपनी और बड़े डिस्ट्रीब्यूटर मिलकर यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की कालाबाजारी कर सके ।




**बढ़ी हुई राशि को तत्काल वापस लिया जाए**

रघुवंशी ने मंत्रीद्वय का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है कि कंपनी के पत्र से ऐसा मालूम होता है कि कंपनी द्वारा व्यापारियों से 330 करोड रुपए बिना ब्याज के एकत्रित करके प्रतिमाह है 21 करोड़ रुपए कमाने का लक्ष्य भी रखा है। साथ ही संगठन की ओर से यह भी मांग की गई है कि जातिगत आधार पर जब डीलर मार्जिन एवं वितरण में कोई अंतर नहीं है तो सिक्योरिटी डिपॉजिट में अंतर क्यों रखा जा रहा है इस अनियमितता को भी दूर किया जाए। रघुवंशी ने मेल करके इस बात की भी जानकारी दी है कि पिछले 5 वर्षों में बिना किसी मांग के नहीं बिकने वाले उत्पादों के इनवॉइस निजी डीलरों को जारी किए गए हैं जबकि मार्केटिंग फेडरेशन को इस प्रकार का कोई इनवॉइस जारी नहीं किया गया है । केंद्रीय कृषि मंत्रालय को लिखे हुए पत्र में यह मांग की गई है की इस बढ़ी हुई राशि को तत्काल वापस लिया जाए या संबंधित डीलर को 12 फीसदी वार्षिक ब्याज देने का प्रावधान किया जाए तभी डीलरों के द्वारा यह राशि जमाई का जमा कराई जाएगी और इसके अभाव में यदि 1 अप्रैल से ओ फार्म जारी नहीं किया जाता है तो कानूनी कार्रवाई करेगें।

---

**मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पर तैयार नई डस्टर**

## रेनो डस्टर भारत में लांच, टर्बो पेट्रोल की कीमत 10.49 लाख रुपए से शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस की कार निर्माता रेनो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रेनो इंडिया ने भारत में नई रेनो डस्टर के लॉन्च की घोषणा की। टर्बो पेट्रोल वेरिएंट की कीमत एक्स-शोरूम दिल्ली में 10.49 रुपए से शुरू होती है और देशभर में इसकी डिलीवरी शुरू कर दी गई है। एडवांस्ड रेनो ग्रुप मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पर तैयार नई डस्टर को मजबूती, बेहतर दक्षता और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसकी रियल एसयूवी डिजाइन, सेगमेंट में बेहतरीन एप्रोच और डिपार्चर एंगल व ऊंचा ग्राउंड क्लीयरेंस इसे ऑफ-रोड के लिए भरोसेमंद बनाते हैं और रोजमर्रा के उपयोग के लिए भी उपयुक्त बनाते हैं। टर्बो टीसीई 160 इंजन 163 पीएस की पावर और 280 एनएम का टॉर्क देता है।




### नवरात्रि, गुड़ी पड़वा और ईद के लिए अमेजन ने पेश की एआई-संचालित फेस्टिव शॉपिंग

**बेंगलुरु।** नवरात्रि, गुड़ी पाड़वा और ईद की तैयारियों में जुटे लोगों के लिए अमेजन इन प्रोडक्ट्स और लचीले डिलीवरी विकल्पों के साथ फेस्टिव शॉपिंग को आसान बना रहा है। ग्राहकों को दिल्ली , मुंबई , बेंगलुरु, भोपाल सहित देशभर के कुछ हिस्सों में अमेजन नाऊ के जरिए कुछ ही मिनटों में आखिरी समय के पूजा सामान की जरूरत हो, या वे अमेजन फ्रेश के जरिए 2 घंटे के निर्धारित स्लॉट में डिलीवरी करने को तैयार है। क्योंकि अमेजन इन ग्राहकों के दरवाजे तक फेस्टिव सेलिब्रेशन के लिए जरूरी हर चीज पहुंचाता है। पारंपरिक व्रत के सामान और प्रीमियम ड्राई फ्रूट्स से लेकर क्लासिक मिठाइयों और ताजगी भरे पेय पदार्थों जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के फेस्टिव फेवरेट्स एक्सप्लोर कर सकते हैं।

---

**सम्मेलन में पद्मश्री मालिनी अवस्थी मौजूद**

## इंडियन बैंक में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन बैंक द्वारा भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में प्रौद्योगिकी संचालित परिवर्तन की भावी संकल्पनाएं विषयक अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मालिनी अवस्थी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह एवं डॉ. छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय की उपस्थिति रहीं। सम्मेलन की अध्यक्षता ब्रजेश कुमार सिंह, कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक द्वारा की गई। इस अवसर पर वीएन माया, मुख्य महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट कार्यालय सुधीर कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक, एफजीएमओ, लखनऊ,पंकज कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक व अंचल प्रबंधक, लखनऊ, बीना कुमारी एमपी, प्राचार्य, स्टाफ कॉलेज, लखनऊ, राजेश कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक कॉर्पोरेट कार्यालय एवं देशभर से पधारे अन्य बैंकों के प्रतिभागीगण, अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागीगण, पुरस्कार विजेताओं एवं इंडियन बैंक के राजभाषा अधिकारियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन में पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने कहा कि भाषा अपने संस्कृति की वाहिका होती है।

हिंदी में एक संस्कृति से दूसरे संस्कृति को जोड़ने की क्षमता है, राजभाषा के प्रचार-प्रसार में इंडियन बैंक अपनी भूमिका गंभीरता से निभा रहा है। पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि राजभाषा में आंकड़ों के बजाय व्यवहार्यता पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञापन एवं व्यापार के लिए आज हिंदी भाषा को सबसे सशक्त भाषा माना जाता है। इस मौके पर भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. छबिल कुमार मेहेर , मुख्य महाप्रबंधक वी. एन. माया, सुधीर कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



---

## बिजनेस न्यूज

### जेएनसीटी यूनिवर्सिटी में एमपीसीएसटी प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन




**भोपाल।** जेएनसीटी प्रो.यूनिवर्सिटी में मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एमपीसीएसटी )द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान एवं अनुसंधान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार पूर्व वैज्ञानिक एवं पूर्व निदेशक, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर ने अपने संबोधन में रमन प्रभाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह खोज महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने विज्ञान के क्षेत्र में भारत की पहचान को विश्व स्तर पर स्थापित किया। कार्यक्रम में डॉ. अनिल प्रकाश ,सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय ने अपने व्याख्यान में बताया कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़ा हुआ है। वक्ता प्रो. डॉ. प्रशांत वी. बरेदार, प्रोफेसर मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानने "विकसित भारत 2047 के निर्माण में अनुसंधान एवं नवाचार की भूमिका समावेशी विकास का रोडमैप" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. गोविंद भार्गव एवं कुलसचिव डॉ. मोहित पांड्या भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संस्थान की चेयरपर्सन पूनम चौकसे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 'आईईएस पब्लिक' को इंटर-स्कूल यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान

**भोपाल।** आईईएस पब्लिक स्कूल में यूथ पार्लियामेंट में छात्रों ने देश के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व कौशल को विकसित करना था। कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ, भोपाल के साथ मिलकर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने संसदीय कार्यवाही का अनुकरण किया और शिक्षा सुधार, महिला सुरक्षा, पर्यावरण नीतियों, और डिजिटल परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा की। आईईएस पब्लिक स्कूल ने गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए प्रतिष्ठित इंटर-स्कूल यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट वक्तृत्व कला, आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की गहरी समझ का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया तथा 10,000 रुपए की नकद राशि भी जीती। इस उपलब्धि को और भी खास बनाते हुए, विद्यालय के पांच छात्रों का चयन संसद भ्रमण के लिए किया गया है जिनमे नमामी शर्मा, मेहक कौशल, पाखी खेंगर कक्षा 12, रिया असुदानी कक्षा 10, अंशुमान चौकसे कक्षा 9 शामिल है इस विशेष उपलब्धि पर आईईएस पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन प्रोफ (डॉ) सुनीता सिंह ने छात्रों के प्रयासों के परिणाम के लिए बधाई दी।

### मानसरोवर समूह के तिवारी परिवार ने छींद धाम में किया भंडारे का आयोजन



**भोपाल।** मानसरोवर समूह के तिवारी परिवार ने सेवा और श्रद्धा का सुंदर संदेश देते हुए सिद्ध छिंद धाम में भगवान हनुमान जी की कृपा से एक विशाल भंडारे का सफल आयोजन गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रभु के दर्शन किए और प्रसादी ग्रहण की। सिद्ध छिंद धाम हनुमान मंदिर के पवित्र वातावरण में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ प्रसादी (भंडारा) वितरण शाम 5 बजे तक अनवरत चलता रहा। इस दौरान मानसरोवर समूह की कुलाधिपति श्रीमती मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति इंजी. गौरव तिवारी और डायरेक्टर दिशा तिवारी सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

### डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी बने सीआईआई मप्र के चेयरमैन



**भोपाल।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा मध्य प्रदेश स्टेट एनुअल मीटिंग 2026 का आयोजन इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्यभर से उद्योगपतियों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास के भविष्य पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सीआईआई मध्य प्रदेश के नए नेतृत्व की घोषणा रही। आईसेक्ट लिमिटेड के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी को वर्ष 2026–27 के लिए सीआईआई मध्य प्रदेश का चेयरमैन नियुक्त किया गया है, जबकि कृति न्यूट्रिएंट्स लिमिटेड के निदेशक सौरभ सिंह मेहता को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग-सरकार समन्वय के क्षेत्र में अपने व्यापक अनुभव के साथ डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी का नेतृत्व मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास, नवाचार और सहयोगात्मक पहल को नई दिशा देगा।

### भोपाल में हृदय उपचार में टावी प्रक्रिया से मरीज को मिला नया जीवन

**भोपाल।** राजधानी भोपाल ने हृदय उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। डॉक्टरों ने गंभीर हृदय वाल्व रोग से पीड़ित 67 वर्षीय मरीज पर सफलतापूर्वक ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (टावी) प्रक्रिया की। यह प्रक्रिया बताती है कि राजधानी में एडवांस ट्रांसकैथेटर थेरेपी के बढ़ते उपयोग और जटिल हृदय रोगों के लिए कम मिनिमली इनवेसिव उपचार विकल्पों की उपलब्धता को और भी सुगम हो गई है। इस प्रक्रिया का नेतृत्व सागर मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, भोपाल के कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. स्वप्निल एस. गार्डे ने किया। मरीज का हृदय संबंधी इतिहास काफी जटिल और पुराना था, जिसमें कोरोनरी आर्टरी डिजीज, पहले हो चुकी कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्ट सर्जरी, गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस और हृदय की पंपिंग क्षमता में कमी शामिल थे। मेडिकल टीम ने मरीज की हाई सर्जिकल रिस्क और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों को देखते हुए टीएवीआई को सबसे उपयुक्त उपचार विकल्प माना।

### एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल में विशेष स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**इंदौर।** एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल ने महिलाओं के स्वास्थ्य, कैंसर की प्रारंभिक पहचान के महत्व और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिवसीय "विमेन हेल्थ मेला" का आयोजन किया। इस पहल में शहर भर से महिलाओं ने भाग लिया और स्तन स्वास्थ्य, सर्वाइकल कैंसर जागरूकता, पोषण तथा समग्र स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन में 150 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निवारक स्वास्थ्य उपायों तथा नियमित जांच के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हेल्थ टॉक्स, जागरूकता सत्र और परामर्श के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**

क्रमाक /223/ स्थ भा मि / 2026 देवास, दिनाक 16/03/2026

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_491410_1 16/03/2026 | स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 के अतर्गत उज्जैन रोड स्थित गॉर्बेज ट्रांसफर स्टेशन GTS के सबालन एवं संधारण करने के कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र। | 12 माह 65,00,000/- | 10,000/- 1,95,000/- | 30/03/2026 06:00 PM |

नोट निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

# रियल मैड्रिड से हारकर मैनचेस्टर सिटी बाहर, क्वार्टर फाइनल में आर्सेनल और पीएसजी




## यूईएफए चैंपियंस लीग में बड़े उलटफेर, रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर ने दागे 2 गोल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूरोप के सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग में खेले गए मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया, जबकि आर्सेनल और पेरिस सेंट-जर्मेन ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर हीरो बनकर उभरे।

विनीसियस ने 2 गोल मारते हुए टीम की जीत पक्की की। उन्होंने शुरुआती बढ़त दिलाई और फिर इंजरी टाइम (93वें मिनट) में दूसरा गोल कर मुकाबला खत्म कर दिया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से एकमात्र गोल एर्लिंग हालैंड ने 41वें मिनट में लगाया। रियल मैड्रिड ने 2-1 से मैच जीता। इस हार के साथ पेप गार्डियोला की टीम लगातार तीसरे सीजन में मैड्रिड के हाथों बाहर हो गई। ब्राजीलियन ने मैड्रिड को उस समय बढ़त दिलाई जब बर्नार्डो सिल्वा को अपने ही बॉक्स के अंदर बॉल हैंडल करते हुए पाया गया। इसका मतलब यह भी था कि होम टीम के खिलाड़ी घटकर 10 रह गए। विनी जूनियर ने सिटी के फैंस से बदला लिया और रोते हुए जश्न मनाया।



"जीत के बाद विनीसियस ने कहा, पिछली बार जब हम यहां आए थे, तो मैनचेस्टर सिटी के फैंस मेरा मजाक उड़ा रहे थे। मैं सिटी फैंस की बेइज्जती नहीं कर रहा था, लेकिन यह मेरे लिए उन्हें खुद को साबित करने का एक तरीका था।"

– विनीसियस

### आर्सेनल ने लेवरकुसेन को 2-0 से हराया

*दूसरे मुकाबले में आर्सेनल ने बायर लेवरकुसेन को 2-0 से हराया और कुल स्कोर 3-1 से जीत दर्ज की। एबेरेची एजे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि डेक्लान राइस ने दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित की। आर्सेनल के एबेरेची एजे ने अपना यूसीएल अकाउंट खोला गनर्स के लिए एक शानदार गोल से मिकेल आर्टेटा की टीम आसानी से क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई। बायर लेवरकुसेन ने आर्सेनल के जोरदार शुरुआती स्पेल के बावजूद मजबूती से गोल किया, जिसमें गोलकीपर जेनिस ब्लासविच ने शानदार खेल दिखाया। लेकिन 37वें मिनट में उनकी मुश्किल तब टूट गई जब एजे ने एक शानदार लंबी दूरी से गोल किया, जिससे आर्सेनल को आखिरी-16 के मुश्किल मुकाबले में बढ़त मिल गई। डिफेंडिंग चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन ने चेल्सी को 3-0 से हराकर कुल स्कोर 8-2 से एकतरफा जीत दर्ज की। ब्रैडली बारकोला और सेनी मायुलु ने अहम गोल कर टीम को आसानी से अगले दौर में पहुंचाया।*

---

## खबर संक्षेप

### भारत को थॉमस और उबेर कप में मिले मुश्किल ड्रॉ

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने ड्रॉ की घोषणा की। थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप 'ए' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप 'ए' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था।

### अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में दुर्गेश्वर ने जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के दुर्गेश्वर सिंह ने यूनान के एथेंस में आयोजित छठी एक्रोपोलिस अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कांस्टेबल सिंह ने 90 किग्रा वर्ग में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 मार्च तक किया गया, जिसमें 19 देशों के 1100 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### शीर्ष-10 का सफर अधिक मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष-20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष -10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं, जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने कहा, 'मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष-20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था, जितना शीर्ष-10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।'

---

**आईपीएल 2026:** कमिंस की अनुपलब्धता के कारण किशन को मिली जिम्मेदारी

# इशान को मिली सनराइजर्स की कमान चोटिल कमिंस शुरुआती मैचों से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 10 दिन में होनी है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने शुरुआत कुछ मैचों के लिए इशान किशन को कप्तान बनाने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी पैट कमिंस की अनुपलब्धता के कारण इशान को यह जिम्मेदारी मिली है, जबकि अभिषेक शर्मा को उप-कप्तान बनाया गया है। कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

### चोट से उबर रहे कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद ने कमिंस की अनुप्लब्धता में इशान को कप्तान बनाने का ऐलान करते हुए कहा, 'पैट कमिंस चोट से ठीक होने के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह उबर नहीं हो जाते, इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप-कप्तान होंगे।' आईपीएल 2028 की शुरुआत 28 मार्च से होगी। पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।



### चिन्नास्वामी में होगा इशान की कप्तानी का डेब्यू

इशान किशन का आईपीएल में कप्तानी का डेब्यू बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इशान कितने मैचों में कप्तानी करेंगे यह अभी साफ नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद ने यह जानकारी नहीं दी है कि पैट कमिंस कितने मैचों तक अनुपलब्ध रहेंगे। इशान किशन को पिछले साल मेगा ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्होंने नंबर-3 पर बल्लेबाजी की थी और पहले ही मैच में शतक जड़ा था। हालांकि, इसके बाद उनका बल्ला नहीं चला। उन्होंने सीजन में एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 354 रन बनाए। उनका औसत 35.40 और स्ट्राइक रेट 152.59 का रहा था।

### इशान की भारतीय टीम में वापसी

इशान किशन के लिए बीते कुछ महीने शानदार रहे हैं। इशान ने दिसंबर में अपनी कप्तानी में झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया था। इशान ने फाइनल में शतक जड़ा था। इसके बाद उनकी भारत की टी20 टीम में वापसी हुई। वह टी20 वर्ल्ड कप भी खेले और शानदार प्रदर्शन किया।

### दूसरी ही सीजन में मिली कप्तानी

आईपीएल 2026 ईशान किशन का सनराइजर्स हैदराबाद के साथ दूसरा सीजन होगा। इसके बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंप दी है। इसके पीछे उनकी हालिया कप्तानी सफलता को भी बड़ी वजह माना जा रहा है। किशन ने घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए पिछले सीजन टीम को खिताब जिताया था।


### जुलाई 2025 से कमिंस मैदान से बाहर

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस की बात करें तो वे पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण क्रिकेट के मैदान से दूर चल रहे हैं। जुलाई 2025 से कमिंस इंजर्ड हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए घरेलू एशेज टेस्ट सीरीज़ के दौरान सिर्फ तीसरा टेस्ट मैच खेला था। दिसंबर के बाद वे फिर बाहर हो गए और तब से रिकवरी कर रहे हैं। फिलहाल वे ऑस्ट्रेलिया में रिहैब कर रहे हैं और आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण को मिस कर सकते हैं।

---

क्रिकेट

# पंजाब किंग्स टीम को लेट ज्वाइन करेंगे यानसेन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है।

उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था, जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में हुई देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी। यह देरी पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण दुबई और अबु धाबी जैसे बड़े हवाई अड्डों पर सीमित उड़ानों की वजह से हुई थी।

### यानसेन 26 मार्च को टीम के साथ जुड़ेंगे

पंजाब किंग्स टीम के अहम सदस्य यानसेन 26 मार्च को टीम के साथ जुड़ेंगे। पोंटिंग और अधिकतर विदेशी खिलाड़ी 21 मार्च को टीम के साथ जुड़ने वाले हैं। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई 23 मार्च को काबुल से टीम के साथ जुड़ेंगे। उनका देश इस समय पाकिस्तान के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। पंजाब किंग्स के साथ अपने पहले ही साल में पोंटिंग और कप्तान श्रेयस अय्यर की जोड़ी ने पिछले सत्र में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था। यह 2014 के बाद टीम का पहला फाइनल था। एक सूत्र ने बताया, ' रिकी अपने खिलाड़ियों का पूरा साथ देते हैं। यह देखते हुए कि मार्को भारत से देर से रवाना हुए थे, वह इस बात को समझते हैं कि उन्हें घर पर कुछ समय बिताने का पूरा मौका मिलना चाहिए।' इस लंबे कद के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पिछले सत्र में 9.20 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट लिए थे।अय्यर के 19 मार्च को टीम के साथ जुड़ने की उम्मीद है।

---

आईसीसी रैंकिंग

# भारतीयों का जलवा, संजू-तिलक को फायदा, अभिषेक नंबर वन



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से विश्व कप खत्म होने के बाद दूसरे हफ्ते भी रैंकिंग अपडेट कर दी गई हैं। ताजा रैंकिंग में भी भारतीय बल्लेबाजों का जलवा रहा है। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने कमाल दिखाया है। अभिषेक शर्मा नंबर 1 पर बरकरार हैं और इशान किशन भी दूसरे नंबर पर हैं। साथ ही तिलक वर्मा और संजू सैमसन को एक-एक स्थान का फायदा हो गया है। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती दूसरे पर ही हैं।

वनडे टीम रैंकिंग में बांग्लादेश अब 10वें से 9वें स्थान पर आ गई है। अगर टी20 के नंबर 1 गेंदबाज की बात करें तो राशिद खान नंबर 1 पर काबिज हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह नंबर 6 से नंबर 5 पर आ गए हैं। वहीं बल्लेबाजी में तिलक वर्मा अब 7वें से छठे और संजू सैमसन 22वें से 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### ऑलराउंडर्स में सिकंदर रजा टॉप पर



टॉप 10 गेंदबाजों में वरुण और बुमराह ही सिर्फ भारत की तरफ से मौजूद हैं। वहीं टॉप 10 बल्लेबाजों में अभिषेक, इशान, तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। इसके अलावा टॉप 10 ऑलराउंडर्स में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा टॉप पर हैं। भारत के एकमात्र हार्दिक पंड्या टॉप 10 में मौजूद हैं और दूसरे स्थान पर हैं।

### टीम रैंकिंग में भारत नंबर 1 पर काबिज

टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 में नंबर 1 पर काबिज है। पाकिस्तान को सीरीज हराकर बांग्लादेश अब वनडे टीम रैंकिंग में 10वें से 9वें स्थान पर पहुंची। जबकि पाकिस्तान चौथे पर ही मौजूद है। वेस्टइंडीज अब वनडे में 10वें नंबर की टीम बन गई है। इसके बाद आगामी वनडे वर्ल्ड कप 2027 के क्वालिफिकेशन के लिहाज से भी विंडीज की चिंता बढ़ गई है

---

### हंपी असमंजस में, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भागीदारी पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हंपी इस महीने साइप्रस में होने वाले प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेने को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति में हैं और उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच मेजबान देश में सुरक्षा की स्थिति को लेकर अपनी चिंताओं को फिर से दोहराया है। विश्व चैंपियनशिप के खिताबों के लिए चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ियों का फैसला करने वाला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होना है। पुरुष वर्ग का खिताब भारत के गुकेश जबकि महिला वर्ग का खिताब चीन की जू वेनजुन के पास है। हंपी ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे पता है कि मैं अकेले शायद कुछ भी नहीं बदल सकती। लेकिन चाहे मैं कैंडिडेट्स में खेलूं या नहीं खेलूं, मुझे लगता कि जो मैं महसूस करती हूं उसे जाहिर करना जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने अपना समर्थन दिया है। जो लोग इस स्थिति की संवेदनशीलता को नहीं समझ सकते मैं उनके लिए बात यहीं छोड़ देती हूं।'



---

# विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन के लिए मारिन ने बनाई योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं।

विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है।



मारिन ने कहा, 'हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'ये पूर्व निर्धारित मुकाबले और हमारे शिविर मिलकर हमें विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए तैयार होने के लिए मैच और ट्रेनिंग का एक बहुत अच्छा मेल देते हैं।'विश्व कप में भारत को पूल डी में इंग्लैंड, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। इस ग्रुप में चीन दुनिया की चौथी नंबर की टीम है। इंग्लैंड की रैंकिंग छठी है जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः नौवें और 19वें स्थान पर हैं। मारिन ने कहा, 'यह एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी और संतुलित पूल है। इसमें इंग्लैंड और चीन जैसी टीमें हैं जो अलग-अलग शैली और बहुत सारा अनुभव लेकर आती हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका हमेशा अप्रत्याशित होती है और अपने दिन पर खतरनाक साबित हो सकती है।'

---

**महिला एशियाई कप : खिताब के लिए भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलिया और जापान**

# जापान ने दक्षिण कोरिया को हराया, फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जापान की महिला फुटबॉल टीम ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 की जीत से महिला एशियाई कप के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। सेमीफाइनल में जापान का दबदबा रहा, जिसमें रिको उएकी और माइका हमानो ने पहले हाफ में गोल करके बढ़त दिलाई।

पहले हाफ में आओबा फुजिनो के 43वें मिनट में गोल को वीएआर समीक्षा के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया। वरना पहले हाफ का स्कोर 3-0 हो सकता था। 75वें मिनट में अनुभवी डिफेंडर साकी कुमागाई ने मोमोको तानिकावा की कॉर्नर किक पर हेडर से टीम का तीसरा गोल किया।



### 21 मार्च को सिडनी में फाइनल मुकाबला

फीफा रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज एशिया की शीर्ष टीम जापान के इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में गोलों की संख्या 27 हो गई है। वहीं जापान की टीम ने इस टूर्नामेंट में पहली बार कोई गोल खाया जब 78वें मिनट में कांग चे-रिम ने बेहद करीब से जोरदार शॉट लगाते हुए गोल कर दिया। फिर जापान के लिए रेमिना चिबा ने 81वें मिनट में एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 4-1 कर दिया। अब फाइनल मुकाबला शनिवार को सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराया था।






# अभिनेता और निर्देशक के बाद निर्माता बने कुणाल

**मुंबई।** कुणाल खेमू ने बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरुआत की, फिर लीड एक्टर के तौर पर काम किया। पिछले साल निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म बनाई। अब वह अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। कुणाल का मकसद अलग किस्म की फिल्में बनाने का है। सोशल मीडिया पर कुणाल खेमू ने यह जानकारी साझा की है कि वह प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। इस प्रोडक्शन हाउस को उन्होंने चिराग निहलानी के साथ शुरू किया है। पिछले साल कुणाल ने मडगांव एक्सप्रेस को निर्देशित किया था, यह उनके डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को दर्शकों ने सराहा था।

लाइफ Style



# नोरा

## हिंदी गाने का आइडिया नहीं था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कन्नड़ फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' विवादों में है। इस गाने पर नोरा फतेही ने डांस किया है। दो दिन पहले ये गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ। रिलीज होते ही यह विवादों में आ गया। विवाद में आने के बाद गाने को मेकर्स ने सोशल मडिया से हटा लिया है।

नोरा फतेही ने इस विवाद से खुद को अलग कर लिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में नोरा फतेही ने अपना एक वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने लिखा 'मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगी कि कोई यह सोचे कि मैं इस गाने का समर्थन करती हूं। आपकी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद, क्योंकि इसी दबाव की वजह से फिल्म बनाने वालों ने इसे हटा लिया है। मैं आप सभी से यह भी गुजारिश करूंगी कि इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप इसे बेवजह एक प्लेटफार्म दे रहे हैं। मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे इस हिंदी गाने के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। मैंने इस पर कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मेरी तस्वीर के साथ इसका इस्तेमाल करने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी।' वीडियो में नोरा फतेही को कहते हुए सुना जा सकता है कि 'मैं सभी से यह गुजारिश करूंगी कि वे इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप बेवजह इसे एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। इसके अलावा, मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# चीजों को अपने तक रखना सीखना होगा

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और एक्ट्रेस जेंडाया की नई अंगूठी को देखकर कई लोगों को लगने लगा है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड से शादी कर ली है। हालांकि, जेंडाया ने इस पर कुछ नहीं कहा है। इस बीच उन्होंने बताया कि वह अपनी निजी जिंदगी को क्यों इतना छिपा कर रखती हैं? अभिनेत्री ने कहा 'मुझे लगता है कि खुद को छिपाने और अपनी जिंदगी जीने, उसका मजा लेने और अपने लिए खास चीजों को बचाने के बीच एक संतुलन होता है। मुझे लगता है कि हर किसी को किसी न किसी तरह से ऐसा करना ही पड़ता है।' उन्होंने आगे कहा 'आपका काम चाहे जो भी हो, आप जिस भी फील्ड में हों।



# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का फर्स्ट लुक आया सामने...

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रैंचाइजी की अगली कड़ी की झलक दिखाई गई है। फिल्म का ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज किया जाएगा। सोनी पिक्चर्स द्वारा समर्थित 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मोशन पोस्टर में स्पाइडर-मैन को एक्शन करते दिखाया गया है। इसके सीन हॉलैंड की पिछली फिल्मों की तुलना में अधिक इंटेंस और डार्क दिखते हैं। मोशन पोस्टर में पुनर्जन्म के जिक्र के साथ शुरुआत होती है, जो पिछली फिल्म की घटनाओं के बाद स्पाइडर-मैन के सफर में संभावित बदलाव का संकेत देता है। इस फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है।



# मैं सबसे यही बोलती हूं मुझे काम चाहिए

**मुंबई।** कभी बॉलीवुड में बड़ी संख्या में फैन्स की फेवरेट रहीं शिल्पा शिरोडकर अब फिल्में पाने को तरस रही हैं। 'बिग बॉस 18' से लोगों की धुंधली यादों का फिर से हरा-भरा कर चुकीं शिल्पा शिरोडकर की हालिया फिल्म सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू के साथ फिल्म 'जटाधरा' थी। कॅरियर के चरम पर फिल्मों को अलविदा कहने वालीं शिल्पा अब अपने लिए और काम मांग रही हैं। एक बातचीत में कहा है कि वो भविष्य में अपने लिए और काम चाहती हैं। शिल्पा ने अपनी इस बातचीत में कहा, 'मेरी फिल्म जटाधरा नवंबर में रिलीज हुई थी, जो ज्यादा सफल नहीं रही। लेकिन, एक और प्रोजेक्ट है, मैं एक वेब सीरीज कर रही हूं। इसके अलावा मैं एक और फिल्म भी कर रही हूं, और मैं उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार कर रही हूं।

# चचेरे भाई ईशान के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** ऋतिक रोशन ने अपनी एक नई कॉमेडी फिल्म की घोषणा की है। फिल्म का नाम 'मेस' है। इस फिल्म में ऋतिक अपने कजिन भाई ईशान रोशन के साथ काम करेंगे। ऋतिक रोशन ने फिल्म 'मेस' की जानकारी देते हुए एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके साथ उनके चचेरे भाई ईशान रोशन भी नजर आ रहे हैं। फिल्म 'मेस' ऋतिक के प्रोडक्शन बैनर के तहत बनेगी। इस फिल्म को ऋतिक के कजिन भाई ईशान रोशन प्रोड्यूसर करेंगे। फिल्म 'मेस' की कहानी मूल रूप से अमेरिकी लेखक ने लिखी है, जिसे भारतीय रूप में राजेश ए. कृष्णन ने निर्देशित करेंगे। कपिल सावंत ने इसके संवाद तैयार किए हैं। फिल्म की कहानी कुछ चोरों की है, जो एक ऐसे व्यक्ति के घर में चोरी करने जाते हैं, जो ओसीडी से ग्रसित होता है। जैसे-जैसे रात बीतती है, चोरों को पता चलता है कि घर की हालत वैसी नहीं है जैसी उन्होंने सोची थी।



## धुरंधर-2 ने एडवांस बुकिंग में बनाया रिकॉर्ड

# बाहुबली-2 को छोड़ा पीछे...

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है और एडवांस टिकट बुकिंग के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। एडवांस टिकट बुकिंग के मामले में इसने 'बाहुबली 2' को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीव्यू शो से यह 30 करोड़ रुपए तक की कमाई कर सकती है। एडवांस बुकिंग के मामले में बात करें तो रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसके नौ लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। अब तक इसके 990500 टिकट बिक चुके हैं। यह करीब 12422 शो के लिए हैं। देशभर में फिल्म ने



एडवांस बुकिंग से 42.71 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटा लिया है। कहा जा रहा है कि ओपनिंग डे पर यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है।

# 'धूप में निकला न करो रूप की रानी' के लिए किशोर कुमार नहीं थे पहली पसंद

***नई दिल्ली।** गायक किशोर कुमार और अमिताभ बच्चन की जोड़ी सिनेमा जगत में काफी चर्चित रही। जिस तरह से राजेश खन्ना को सुपरस्टार बनाने में किशोर दा की आवाज ने अहम योगदान अदा किया किया, ठीक उसी तरह से वह बिग बी के लिए भी लकी साबित हुए थे। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि अमिताभ के एक 41 साल पुराने गाने के लिए बतौर सिंगर किशोर कुमार संगीतकार की पहली पसंद नहीं थे।*

### शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे

साल 1985 में अमिताभ बच्चन, माधवी, रजनीकांत और कमल हासन स्टारर फिल्म गिरफ्तार को रिलीज किया गया था। मूवी के डायरेक्टर प्रयाग राज थे और संगीतकार की कमान बप्पी लहरी के हाथों में थी।

### कादर खान ने बप्पी को समझाया

इस मामले में बाद में कादर खान की एंट्री हुई और उन्होंने बप्पी को समझाया और कहा कि घर जाकर इस पर ठंडे दिमाग से विचार करो। फिर जाकर बप्पी को अपनी गलती को एहसास और फिर किशोर कुमार ने गिरफ्तार के धूप में निकला न करो रूप की रानी गाने को गाया।

## रोचक है देश की पहली बोलती फिल्म आलम आरा का किस्सा

# सिर्फ रात में होती थी शूटिंग, यहूदी नाटक पर थी बेस्ड

नई दिल्ली। भारत की पहली बोलती फिल्म का नाम आलम आरा था। साल 1931 में इसे सिनेमाघरों रिलीज किया गया था। इसे एक ऐतिहासिक मूवी के तौर पर जाना जाता है, इसके जरिए ही इंडस्ट्री में टॉकी मूवीज की शुरुआत हुई थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलम आरा को बनाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। सिर्फ रात में फिल्म की शूटिंग और साउंड के लिए विशेष तकनीकि का इस्तेमाल करना जैसे कई तरीकों से आलम आरा को बनाया गया था।

### रात में क्यों होती थी फिल्म की शूटिंग

आलम आरा का निर्देशन पारसी फिल्मकार अर्देशिर ईरानी ने किया था। इस मूवी की शूटिंग लोकेशन का किस्सा सबसे ज्यादा चर्चित और रोचक है। बताया जाता है कि आलम आरा की शूटिंग मुंबई के जीटी रोड इलाके में रेलवे ट्रैक के पास बने स्टूडियो में हुई थी। चूंकि, रेलवे ट्रैक के पास स्टूडियो था तो जाहिर की दिन में रेलगाड़ियों की आवाजाही लगी रहती थी। इस वजह से दिन में ट्रेनों का शोर रिकॉर्डिंग में आ जाता था, इसलिए शूटिंग रात 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी। सिर्फ इतना ही नहीं ,दिन के उजाले में शूटिंग प्रोक्स को लेकर भी समस्या होती थी।



### फिल्म बनाने के लिए फंड नहीं था

गौर किया जाए अर्देशिर ईरानी की तरफ तो उनके पास आलम आरा को बनाने के लिए फंड नहीं था। बताया जाता है कि एक बार उनकी 14 हजार रुपए की लॉटरी लग गई थी और इसके बाद उन्होंने इसी धनराशि की मदद से भारत की पहली बोलती फिल्म का निर्माण किया था। इसके अलावा उन्होंने साउंड रिकॉर्डिंग की तकनीक विदेशी विशेषज्ञ मिस्टर डेमिंग से सीखी थी।

### हिंदी और उर्दू का मिश्रण कर पेश किया फिल्म

आलम आरा की कहानी के बारे में किया जाए तो ये मुंबई में रहने वाले बगदादी यहूदी नाटककार जोसेफ डेविड के लोकप्रिय नाटक आलम आरा से प्रेरित थी, जिसमें में महल की दो रानियों के बीच संघर्ष, महल की साजिशें और प्रेम कथा दिखाई गई थी। कहा जाता है कि ईरानी ने ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक मूवी को पहुंचाने के लिए हिंदी और उर्दू भाषा का मिश्रण कर आलम आरा को पेश किया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930